कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी 10:45 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 9 नवंबर 2024

वर्ष 4, अंक 263, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण


मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



सुजैन विल्स चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त 14

जय हनुमान में राणा की धमाकेदार एंट्री 13

## जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के एजेंडे को न दें बढ़ावा : मोदी

धुले (महाराष्ट्र), एजेंसी

- महाराष्ट्र की चुनावी सभा में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन पर जम्मू-कश्मीर से भारत का संविधान हटाने का प्रयास करने का आरोप लगाया और साथ ही जोर देकर कहा कि दुनिया की कोई ताकत वहां अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं कर सकती। उन्होंने कांग्रेस पर एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा करने का भी आरोप लगाया और लोगों को एकजुट रहने के लिए आगाह किया। उन्होंने कहा कि एक हैं, तो सेफ (सुरक्षित) हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों को पाकिस्तान के एजेंडे को बढ़ावा नहीं देना चाहिए और अलगाववादियों की भाषा नहीं बोलनी चाहिए। मोदी ने कहा कि जब तक उन्हें लोगों का आशीर्वाद प्राप्त है, तब तक विपक्ष का एजेंडा सफल नहीं होगा।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दलितों और आदिवासियों को भड़काने के लिए इंडिया गठबंधन कोरी किताबों को संविधान के रूप में पेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में केवल (डॉ भीमराव) आंबेडकर के संविधान का पालन किया जाएगा।

## देहरादून में 10 से 14 तक राज्य युवा महोत्सव

**देहरादून।** युवाओं को इनोवेटिव प्रतिस्पर्धाओं के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देहरादून में 10 से 14 नवंबर तक राज्य युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित यह महोत्सव परेड ग्राउंड में होगा। खेल मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि उत्तराखंड के रजत जयंदी वर्ष में प्रवेश करने पर राज्य युवा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी युवा महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। 38 वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार-प्रसार हेतु पारंपरिक खेलों पिट्ठू, मुर्गा झपट व मलखम का प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।

## मुख्यमंत्री ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

ब्यूरो, देहरादून

- राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वच्छता कार्यक्रम में शिरकत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राजधानी की सड़क पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। राज्य स्थापना दिवस की पूर्व दिवस पर रेसकोर्स में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



रेसकोर्स में झाड़ू लगाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरचूला में हुआ हादसा प्रदेश के लिए बड़ा शोक है। इसलिए राज्य स्थापना दिवस के कार्यक्रम सादगी से मनाए जाएं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रदेश भर में स्वच्छता और सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 10 साल पहले चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान से देश में स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। प्रधानमंत्री की स्वच्छ और स्वस्थ भारत की परिकल्पना साकार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड पर्यटन और तीर्थाटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण राज्य है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों से आह्वान किया है कि स्वच्छता को अपनी नियमित दिनचर्या बनाकर राज्य को स्वच्छ रखने में सरकार के सहयोगी बनें। मुख्यमंत्री ने देहरादून नगर निगम की ओर से स्ट्रीट लाइट की शिकायत के लिए बनाए गए क्यूआर स्कैनर का शुभारंभ भी किया। यह स्कैनर स्ट्रीट लाइट के खंभों पर लगाया जाएगा। स्ट्रीट लाइट खराब होने पर कोई भी व्यक्ति इसे स्कैन कर शिकायत दर्ज करा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इन 24 सालों में हमारी देवतुल्य जनता के सहयोग से हर क्षेत्र में राज्य तेजी से आगे बढ़ा है। इस दशक को उत्तराखंड का दशक बनाने के लिए जन सहभागिता से राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में अल्पकालिक, लघुकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अनेक क्षेत्रों में उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की रैंकिंग में उत्तराखंड को देश में प्रथम स्थान मिला है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में राज्य को अचीवर्स और स्टार्टअप में लीडर की श्रेणी प्राप्त हुई है। जीएसडीपी में 33 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। युवाओं को रोजगार देने में भी अग्रणी राज्य बना है। एक वर्ष में बेरोजगारी दर में 4.4 प्रतिशत कमी लाई गई है।

### एक नजर

#### 14 कोसी परिक्रमा : 12 बजे से 30 घंटे बंद रहेगा हाईवे

**अयोध्या।** रामनगरी की पौराणिक 14 कोसी परिक्रमा को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार 9 नवंबर की दोपहर 12 बजे से भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही रोक दी जाएगी। ये व्यवस्था परिक्रमा समाप्त होने तक 10 नवंबर की शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी। आपात सेवा के वाहनों पर प्रतिबंध प्रभावी नहीं होगा। एसपी यातायात अयोध्या प्रसाद सिंह ने बताया कि इस दौरान भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि को वैकल्पिक मार्गों से गुजारा जाएगा।

#### पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में हेल्मेट पहनना अनिवार्य

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने एक हालिया आदेश में स्पष्ट किया है कि पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ में पगड़ी पहने सिखों को छोड़कर सभी को, चाहे वह दुपहिया वाहन चला रहे हों या उस पर बैठे हों, हेल्मेट पहनना अनिवार्य होगा। अदालत के अनुसार चार वर्ष से ऊपर उम्र वाले सभी लोगों (पुरुष हों या महिला) को दुपहिया वाहन पर हेल्मेट पहनना अनिवार्य होगा।

#### भोपाल में चार स्थानों पर ईडी ने की छापेमारी

**भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में बैंक धोखाधड़ी के मामले में निजी कंपनी एक्सेल व्हीकल प्राइवेट लिमिटेड पर छापा मारा। कंपनी ने अपने से जुड़ी अन्य कंपनियों को राशि स्थानांतरित करते हुए बैंक को लगभग 44 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया।

## जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई

### मुख्यमंत्री योगी ने उप चुनाव में मीरापुर कुंदरकी और गाजियाबाद में की सभाएं

### सपा को लोकलाज की चिंता नहीं, इन्हें लातों से ठीक नहीं करेंगे तो कैसे सुधरेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को उप चुनाव के प्रचार में उतरे। ताबड़तोड़ मीरापुर, कुंदरकी (मुरादाबाद) और गाजियाबाद क्षेत्रों में सभाएं करके सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। कहा कि जिस गाड़ी में सपा का झंडा, समझो बैठा है कोई गुंडा की छवि से आगे निकलकर अब जहां दिखे सपाई, वहां बिटिया घबराई जैसे नए कारनामें सपा की पहचान बन गए हैं। अयोध्या व कन्नौज में सबने इनके कारनामे को देखा है। इन्हें लोकलाज की चिंता नहीं है। अगर इन्हें लातों से ठीक नहीं करेंगे तो यह ठीक कैसे होंगे।

जनसभाओं में योगी ने कहा कि गांव की बहन-बेटी सबकी बहन-बेटी की मान्यता रही है। हम सब इसे मानने वाले लोग हैं, लेकिन सपा ने इस तानेबाने को छिन्न-भिन्न किया है। सपा मीडिया सेल के सोशल मीडिया हैंडल पर इनके वास्तविक संस्कार दिखते हैं, जहां यह घटिया स्तर की बातें की जाती हैं। योगी ने सपा के कृत्यों को गिनाते हुए कहा कि यह लोग विकास, युवा, महिला, व्यापारी व जनआस्था के विरोधी हैं। हर जिले का सबसे बड़ा माफिया, दुष्कर्मी, गुंडा सपा से अवश्य जुड़ा होगा। वोट देना तो दूर, इनका नाम लेना भी महापाप का कारण है।



मुरादाबाद के भदासना में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

#### सपा और कांग्रेस में अब हो रहा तलाक

योगी ने कहा कि सपा-कांग्रेस में तलाक हो रहा है। दोनों में खटपट शुरू हो गई है। चुनाव में संविधान, आरक्षण के नाम पर झूठ बोलकर गुमराह किया था। अब सपा को सफाचट करने का अवसर है। हरियाणा में कांग्रेस ने सपा से कहा कि औकात में रहो, यूपी से बाहर निकले तो ठीक कर देंगे। महाराष्ट्र में भी कहा कि सीमा में रहो, जो बचा-खुचा है यह सब भी गायब हो जाएगा। बदले में उप्र में सपा ने कांग्रेस को ठनठन गोपाल कर दिया है।

#### ईद की तिथि बदल दी जाती है तब विरोध नहीं होता

योगी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने जनआस्था के कारण चुनाव की तिथि 13 से बढ़ाकर 20 नवंबर कर दी है। सपा को पीड़ा होती है कि कैसे लोग पर्व-त्योहार सुख-शांति से मना लेते हैं। योगी ने कहा कि प्राय: चांद दिखाई नहीं देता तो ईद की तिथि बदल दी जाती और सरकार उसी अनुसार छुट्टी घोषित करती है, तब विरोध नहीं होता है। योगी ने कहा कि होली-दीवाली हर्षोल्लास से मनाई जाएगी तो ईद में भी बाधा पैदा नहीं होगी, लेकिन ताली दोनों हाथ से बजती है। आस्था से खिलवाड़ करने वाले लोग किसी के नहीं हैं।

#### सिपाही भर्ती परिणाम नवंबर में ही आएंगे

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस महीने के अंत तक 60,200 पुलिस सिपाही भर्ती के परिणाम आने वाले हैं। पहले पश्चिमी उप्र के नौजवान उपेक्षित होते थे, अब वे बिना भेदभाव सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं। पहले भर्ती में सैफई की सूची होती थी, अब मेरिट के आधार पर सूची निकलती है। सिपाही भर्ती में 20 फीसदी बेटियां होंगी, जब सपाई छेड़छाड़ करेंगे तो बेटियां घूसा, जूता-लात मारेंगी। उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान, खेल नीति और विकास कार्यों को भी विस्तार से गिनाया।

#### जम्मू-कश्मीर पर चुप क्यों बैठे हैं सपा-कांग्रेस

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक भारत-श्रेष्ठ भारत बन रहा है तो इंडी गठबंधन देश को विभाजन की तरफ ले जा रहा है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रस्ताव को देखा है कि फिर से 370 बहाल करेंगे। आखिर इस प्रस्ताव पर कांग्रेस व सपा का मुंह क्यों बंद है। फिलीस्तीन और पाकिस्तान के नाम पर आंसू बहाने वाले लोग जम्मू-कश्मीर के नाम पर चुप क्यों बैठे हैं। योगी ने अपील की कि चुनाव के दिन आलस्य नहीं करना है, बल्कि अधिकाधिक वोट कर रिकॉर्ड वोट से कमल खिलाना है।

#### इन प्रत्याशियों के लिए मांगा वोट

योगी ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर के मीरापुर सीट से एनडीए (रालोद) प्रत्याशी मिथिलेश पाल, कुंदरकी (मुरादाबाद) से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह ठाकुर व गाजियाबाद से संजीव शर्मा को उपचुनाव में विजयश्री दिलाने की अपील की।

## कानून द्वारा बनाए गए संस्थान को मिल सकता है अल्पसंख्यक दर्जा

### सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 1967 में दिए गए अपने फैसले को पलटा

नई दिल्ली, एजेंसी



- एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे पर अब नई पीठ करेगी फैसला
- सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ का 4:3 के बहुमत से निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे संबंधी मामले को नई पीठ के पास भेजने का निर्णय लिया और 1967 के उस फैसले को खारिज कर दिया जिसमें कहा गया था कि विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता क्योंकि इसकी स्थापना केंद्रीय कानून के तहत की गई थी। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 4:3 के बहुमत के फैसले में कहा, कोई कानून या कार्यकारी कार्रवाई जो शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना या प्रशासन में धार्मिक या भाषाई अल्पसंख्यकों के खिलाफ भेदभाव करती है, संविधान के अनुच्छेद 30(1) के विरुद्ध है। अनुच्छेद 30 (1) कहता है कि सभी अल्पसंख्यकों को, चाहे वे धर्म या भाषा पर आधारित हों, अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने और उनका प्रशासन करने का अधिकार होगा।

प्रधान न्यायाधीश ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की ओर से भी 118 पृष्ठ का फैसला लिखा। उन्होंने कहा कि अजीज बाशा (1967 के फैसले) में अपनाया गया यह दृष्टिकोण कि यदि कोई शैक्षणिक संस्थान किसी कानून के माध्यम से अपना वैधानिक चरित्र प्राप्त करता है तो वह अल्पसंख्यक द्वारा स्थापित नहीं है, खारिज किया जाता है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 1967 में एस. अजीज बाशा बनाम भारत संघ मामले में फैसला दिया था कि एएमयू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है इसलिए इसे अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एएमयू अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान है या नहीं, इस पर फैसला इस निर्णय में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर किया जाना चाहिए। जनवरी 2006 में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1981 के कानून के उस प्रावधान को रद कर दिया था जिसके तहत एएमयू को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। बहुमत के फैसले में 1981 में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिया गया संदर्भ भी वैध माना गया।

#### तीन न्यायाधीशों ने अलग रखी राय

सात न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ के तीन न्यायाधीशों न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा ने अलग राय लिखी। न्यायमूर्ति कांत ने कहा कि 1967 के निर्णय पर पुनर्विचार के लिए 1981 में भेजा गया संदर्भ कानून की दृष्टि से गलत है और इसे खारिज कर दिया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति दत्ता ने अपने फैसले में एएमयू को अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस्थान घोषित नहीं किया। उन्होंने लिखा कि मुझे आश्चर्य हो रहा है कि अंजुमन-ए-रहमानिया मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ यह अनुरोध कैसे कर सकती है कि मामले को सात न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष रखा जाए। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि मुझे डर है कि अंजुमन कल मूल ढांचे के सिद्धांत पर संदेह कर सकती है और 15 न्यायाधीशों की पीठ गठित करने का अनुरोध कर सकती है। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दो न्यायाधीशों की पीठ प्रधान न्यायाधीश के पीठ का हिस्सा न होने की स्थिति में मामले को सीधे सात न्यायाधीशों की पीठ को संदर्भित नहीं कर सकती थी।

## दो अंतर्राज्यीय चेन स्नेचर गिरफ्तार

- दोनों के पैर में लगी गोली, अस्पताल में चल रहा इलाज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सुबह घूमने निकले व्यक्ति से बाइक सवार दो युवकों ने चेन लूटने की कोशिश की। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पैर में गोली लगने से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह 5 बजे 112 पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना मिली कि किच्छा हाईवे पर मॉर्निंग वॉक कर रहे एक व्यक्ति से बाइक सवार दो युवक चेन लूट की कोशिश कर भाग रहे हैं। इस पर कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने घेराबंदी कर दी। निर्माणाधीन मंडी जाने वाले कच्चे रास्ते पर बदमाशों ने तमंचे से पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में खन्ना गोटिया सीबीगंज (बरेली) निवासी आकाश कुमार और नासिर शाह पैर में गोली लगने से घायल हो गए। सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती बदमाशों से भी पूछताछ की। एसएसपी ने बताया कि घायल बदमाश अंतर्राज्यीय चेन स्नेचिंग गिरोह से जुड़े हुए हैं और पेशेवर अपराधी हैं।



जिला अस्पताल में एसएसपी मणिकांत मिश्रा के सामने हाथ जोड़ते घायल चेन स्नेचर।

## रिश्वत लेते डीयूएसआईबी का अधिकारी गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने आरोपी के परिसर से बरामद किए 3.79 करोड़ रुपये

सीबीआई ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के एक विधि अधिकारी विजय मग्गो और एक बिचौलिए को यहां एक व्यवसायी की दो दुकानों की सील खोलने के लिए पांच लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि सीबीआई ने आरोपी के कई परिसरों की तलाशी के दौरान अन्य आपत्तिजनक दस्तावेजों के अलावा 3.79 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। सीबीआई के एक प्रवक्ता के मुताबिक, यह आरोप लगाया गया था कि आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से उसकी दो दुकानों की सील खुलवाने और उन्हें निर्बाध तरीके से चलाने की अनुमति देने के लिए 40 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। कारोबारी की शिकायत पर संघीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को जाल बिछाकर पांच लाख रुपये (कुल रिश्वत राशि का एक हिस्सा) लेते हुए मग्गो को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## सलमान खान को फिर मिली धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है, जिसमें धमकी भरा संदेश भेजने वाले ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की ओर से पांच करोड़ रुपये की मांग की गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि धमकी भरा संदेश गुरुवार रात मुंबई यातायात पुलिस के व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर भेजा गया। इसके अलावा व्यक्ति ने मैं सिकंदर हूं गाने के गीतकार को भी धमकी दी। वर्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



- पांच करोड़ रुपये मांगे

## प. बंगाल के पर्यटक ने होटल में गला रेतकर की खुदकुशी

संवाददाता, लालकुआं

- दो मित्रों के साथ आया था उत्तराखंड घूमने

**अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के पर्यटक ने नगर के एक होटल में गला रेत कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी भेजा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्टेशन तिराहे पर स्थित होटल कुणाल में शुक्रवार की दोपहर 2 बजे पश्चिम बंगाल से आए मयंक पाल (44) ने एक कमरा लिया। देर शाम पर्यटक के घर से होटल के रिसेप्शन पर फोन आया कि मयंक फोन नहीं उठा रहा है। इसके बाद होटल प्रबंधन ने कमरे को खुलवाने के लिए दरवाजा खटखटाया तो भीतर से कोई हरकत नहीं हुई। जिसके बाद कारपेंटर बुलाकर दरवाजा खोला गया। अंदर शौचालय में मयंक लहूलुहान पड़ा था। उसके गले और हाथ में कटने के गहरे निशान थे। कोतवाल डीआर वर्मा का कहना है कि मयंक दो मित्रों के साथ उत्तराखंड घूमने आया था, उसके दोनों मित्र अल्मोड़ा गए हैं, जबकि मयंक आज रात को बाघ एक्सप्रेस से कोलकाता लौटने वाला था। परिजनों के अनुसार मयंक डिप्रेशन में था, दवा भी चल रही थी, वह ग्राम बांगर रघुनाथपुर पश्चिम बंगाल का मूल निवासी था।

## सोपोर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

श्रीनगर, एजेंसी

- तलाशी अभियान के दौरान पानीपोरा में हुई मुठभेड़

जम्मू-कश्मीर के सोपोर उप जिले में सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार देर रात आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद संयुक्त बलों ने सोपोर के पानीपोरा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया तो छिपे हुए आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हो सकी है। उत्तरी कश्मीर में मंगलवार के बाद से यह तीसरी मुठभेड़ है। पहले कुपवाड़ा और बांदीपोरा में मुठभेड़ों में दो आतंकवादी मारे गए थे।

#### ग्रेनेड हमला मामले में तीन आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने हाल में राजधानी श्रीनगर के संडे मार्केट में हुए ग्रेनेड हमले मामले में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। कश्मीर के आईजी वीके बिरधी ने बताया कि गिरफ्तार आतंकवादी ओसामा यासीन शेख, उमर फैयाज शेख और अफनान मंसूर शेख हैं।

**वन्यजीव** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बसती है सांपों की हैरान करने वाली अद्भुत दुनिया, टीडब्ल्यूसीएस के अध्ययन में 16 प्रजातियां चिह्नित, कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल


## डर पैदा करता है विशाल अजगर, चुटकी में आ जाता है कॉमन ब्लाइंड स्नैक

सुनील यादव, पीलीभीत

- संस्था के अध्ययन में अभी तक किंग कोबरा के प्रमाण नहीं मिले

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघ-तेंदुआ के साथ अद्भुत सांपों की दुनिया भी बसती है। वन्यजीव संरक्षण पर पिछले दो दशक से कार्य कर रही एक संस्था की स्टडी में सांपों की 18 से 20 प्रजातियां पीटीआर व आसपास क्षेत्रों में चिह्नित की गई हैं। इनमें कई दुर्लभ प्रजातियां शामिल हैं।

विशालकाय अजगर शरीर में सिहरन पैदा कर देता है तो कॉमन ब्लाइंड स्नैक इतना नन्हा सा है कि चुटकी में समा जाए। ऐसे ही अन्य कई सांप हैरान कर देते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी जैव विविधता को लेकर चंद सालों में देश के श्रेष्ठ टाइगर रिजर्वों में शामिल हो चुका है। बाघों और उनके संरक्षण के लिए कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड जीत चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं उसके आसपास क्षेत्र में वन्यजीवों के साथ रेप्टाइल्स की भी एक दुनिया बसती जा रही है। वन्यजीव संरक्षण के लिए कार्य कर रही संस्था टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी द्वारा वर्ष 2003 से लेकर अब तक किए गए अध्ययन में 18 से 20 प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। इसमें शेड्यूल वन की श्रेणी में शामिल विशाल अजगर से लेकर 170 मिलीमीटर का कॉमन ब्लाइंड स्नैक भी है। संस्था के अध्यक्ष अख्तर मियां खान बताते हैं कि जहरीले सांपों में नाग, रसेल वाइपर और करैत को चिह्नित किया गया है। ये सभी सांपों की प्रजातियां में कुछ प्रजातियां तो पीटीआर में पाई गई हैं। वहीं कुछ प्रजातियां आबादी के इलाकों, बागों एवं खेतों में मिलीं। इस पूरी स्टडी में अभी तक किंग कोबरा के कोई प्रमाण नहीं मिले हैं।




टाइगर रिजर्व में पाया जाने वाला पायथन।

#### दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी


बहुत कम दिखने वाला दुर्लभ प्रजाति का रेड कोरल कुकरी सांप भी पीलीभीत टाइगर रिजर्व में पाया जाता है। जानकारों की मानें तो देश में पहला रेड कोरल कुकरी सांप नार्थ खीरी के जंगल में देखा गया था, जो पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटा है। पीटीआर में यह दुर्लभ सांप वर्ष 2004-05 में देखा गया था। टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी ने इसे वर्ष 2020 में खोजा था। संस्था अध्यक्ष के मुताबिक रेड कोरल कुकरी स्नैक रात्रिचर होने के साथ लाल और चमकीले नारंगी रंग का होता है।

#### चिह्नित की गईं सांपों की कुछ प्रजातियां

रसेल वाइपर, कामन इंडियन करैत, चेकर्ड कील बैक वाटर स्नैक, कॉमन इंडियल ब्राउंज बैक, कॉमन बूल्फ स्नैक, कॉमन ब्लाइंड स्नैक, रेड कोरल कुकरी, इंडियन कोबरा



कॉमन ब्लाइंड स्नैक।



"संस्था की स्टडी में अब तक सांपों की 20 प्रजातियां चिह्नित की गई हैं। इनमें कुछ खास प्रजातियां है जो बेहद कम देखने को मिलती हैं। जैव विविधता के लिहाज से यह एक शुभ संकेत है। इन दिनों सांपों में हाइबरनेशन प्रोसेस चल रही हैं। इस प्रोसेस के तहत सांप अतिरिक्त भोजन खाकर उसे वसा के रूप में जमा करके अगले मौसम के लिए खुद को तैयार करते हैं। -**अख्तर मियां खां**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

## सार-संक्षेप



हल्द्वानी में शिविर के दौरान पंजीकरण के लिए पहुंचे दिव्यांगजन। ● अमृत विचार

### सहायक उपकरण के लिए 60 दिव्यांगों ने कराया पंजीकरण

**भीमताल/हल्द्वानी** : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एडिप योजना के तहत जिला प्रशासन व समाज कल्याण विभाग ने महात्मा गांधी इंटर कॉलेज हल्द्वानी में सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें व्हीलचेयर, बैसाखी, कान की मशीन, नजर के चश्मे, मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, फोल्डिंग वाकर, ट्राईपोड, सर्वाइकल कॉलर, स्पाइनल कोर्ड आदि उपकरणों के लिए 60 दिव्यांगों ने पंजीकरण कराया। जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपांकर घिल्डियाल ने बताया कि लाभार्थियों को पुन: शिविर के माध्यम से सहायक उपकरण वितरित किये जायेंगे। शिविर में सहायक समाज कल्याण अधिकारी राहुल आर्य, पूजा भट्ट, सहायक अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय बिष्ट, हरिशंकर, अमीत कुमार, मनीष, राजेश, गौरव व राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### विशाल भंडारे के साथ रामायण का परायण

**भीमताल** : निशौला स्थित दुर्गा मंदिर में चल रही रामायण का विशाल भंडारे के साथ परायण हो गया। सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व मंदिर में हवन हुआ। जिसके बाद भक्तों ने सुंदर भजन गाये। क्षेत्र के लोगों ने बढ़चढ़ कर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

### राज्य आंदोलनकारियों का सम्मान आज

**नैनीताल** : राज्य स्थापना दिवस शनिवार को जिले में सादगी से मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री रेखा आर्य शहीद स्मारक में शहीद स्व. प्रताप सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। इसके बाद डीएसए मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जायेगा।



झंडी दिखाकर बस को रवाना करते पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी। ● अमृत विचार

### 29 यात्रियों का पहला दल बद्रीनाथ के लिए रवाना

**नैनीताल** : दीन दयाल उपाध्याय मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के तहत जनपद नैनीताल से 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों का पहला दल बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुआ। जिसमें 16 महिलायें व 13 पुरुष शामिल हैं। बस को पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चार दिवसीय यात्रा नैनीताल से प्रारम्भ होकर कालेश्वर, बद्रीनाथ वापस कर्णप्रयाग-नैनीताल लौटेगी। द्वितीय दल शनिवार को पर्यटक आवास गृह सूखाताल से रवाना होगा। इस अवसर पर चन्दन सिंह बिष्ट, गफ्फार, प्रकाश मेहरा मौजूद रहे।



पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल के साथ छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्रों ने कुमाऊं की सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जाना

**नैनीताल** : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्ला रामगढ़ के कक्षा 9 व 10 के 19 छात्र-छात्राओं ने खुटानी स्थित लोक संस्कृति संग्रहालय में पद्मश्री डॉ. यशोधर मठपाल से मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने संग्रहालय में पेंटिंग्स, विभिन्न प्रकार के पुराने बर्तन, टोकरियां, हथियार, चौखट और कुमाऊं की सांस्कृतिक धरोहर के बारे में जाना। डॉ. मठपाल ने छात्रों को उत्तराखंड की अनुसूचित जनजातियों, उनके रखरखाव, जीवन शैली, संस्कृत उपागम और उनके बर्तन, तीज त्यौहार आदि के बारे में बताया। इसके बाद दात्रों ने घोड़ाखाल स्थित गोल्ज्यू मंदिर में दर्शन किये। वहीं श्याम खेत में चाय बगीचे का जायजा भी लिया। इस दौरान शिक्षिका निर्मला कपिल, गोपाल दत्त गुणवंत, दीपा मेहता, चंद्रा बर्गली आदि मौजूद रहे।



हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में उत्तराखंड का मानचित्र बनाते छात्र। ● अमृत विचार

### क्विज में दिव्यांशी और रंगोली में दीक्षा रही अव्वल

**भीमताल** : राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर हरमन माइनर डिग्री कॉलेज में क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। साथ ही छात्रों ने संस्थान में उत्तराखंड का मानचित्र भी बनाया। प्राचार्य डॉ. मुक्ता ने कहा कि पच्चीस वर्षों में उत्तराखंड ने स्वयं को आत्मनिर्भर बनाया है, जो पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट संस्कृति एवं प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। उन्होंने सल्ट बस हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस दौरान क्विज प्रतियोगिता में बीएड संकाय की दिव्यांशी प्रथम, करीना द्वितीय और नीलम व हेमा जोशी तृतीय रहीं। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में दीक्षा, हर्षिता, काजल, चेतना, प्रतिभा कामिनी, भावना, शोभा, हिमानी, ज्योति और विद्या ने बाजी मारी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुषमा सिंह एवं धीरज गुरंग ने किया। इस अवसर पर बीना नेगी चौधरी, आरएस खाती, डॉ. विनीता राय, एसएस मोर्या, गणेश चन्द्र, राम कृष्ण आर्या, डॉ. मंजू नेगी आदि मौजूद रहे।

# दो दर्जन गांवों की सड़क तीन दशक से बदहाल

## नेताओं व सरकार की अनदेखी से जान जोखिम में डालकर आवाजाही को मजबूर हो रहे ग्रामीण

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य को आज 24 वर्ष पूरे हो गये हैं, लेकिन प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पर्वतीय क्षेत्र में होने वाले सड़क हादसे प्रदेश के नेताओं की पोल खोल रहे हैं। जनता से झूठे वादे और चुनावी मंच से की गई घोषणाएं केवल वोट हासिल करने मात्र तक रह गई हैं।

बात करें भीमताल विधानसभा की तो यहां दो दर्जन से अधिक गांवों को जोड़ने वाली सड़क तीन दशक से बदहाल है। पोखरी, कुलोरी, नगौनिया, देवलीधार और सुरंग गांव की सड़क क्षेत्रीय नेताओं और प्रदेश सरकार की अनदेखी की भेंट चढ़ गया है। क्षेत्रीय विधायक के दूसरे कार्यकाल का यह तीसरा वर्ष चल रहा है। मगर उन्होंने भी अपने विकासखंड की जनता की पीड़ा को नहीं समझा। एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर्वतीय क्षेत्र की बदहाल सड़कों के लिए जिम्मेदार विभाग के उच्चाधिकारियों को सस्पेंड कर रहे हैं। वहीं पर्वतीय क्षेत्र के लोग मुख्यमंत्री से झूठी घोषणाएं करने वाले नेताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की आस लगाये हैं।



बदहाल कुलोरी सड़क पर वाहन को धक्का लगाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

वर्ष 2022 से पूर्व उक्त सड़क के डामरीकरण एवं आगे मिलान के लिए स्वयं मुख्यमंत्री धामी खनस्यू तहसील के प्रांगण से घोषणा कर चुके हैं। इसके बाद क्षेत्रीय सांसद व विधायक लोकसभा चुनाव की चुनावी सभा में उक्त सड़क के डामरीकरण व मिलान की घोषणा कर चुके हैं, लेकिन वर्तमान में प्रदेश के मुखिया से लेकर सांसद और विधायक अपने ही वादे भूल गए हैं। बदहाल सड़क से कोई अनहोनी न हो, इसलिए समय रहते नेताओं को अपनी जिम्मेदारी को पूरा करना होगा। तभी पर्वतीय क्षेत्र की जनता का प्रदेश सरकार पर विश्वास कायम होगा।

# आठ दिन में बदहाल मार्ग को ठीक करने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**नाराजगी**

▶▶ कांग्रेस नेता ने ग्रामीणों संग किया सांकेतिक धरना-प्रदर्शन

**अमृत विचार :** धारी ब्लॉक के बबियाड़, टपुवा और दुदुली मार्ग की बदहाली से आहत कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने शुक्रवार को ग्रामीणों के साथ मार्ग पर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि करीब आठ वर्षों से मार्ग रख-रखाव के अभाव और सरकारी उदासीनता के चलते मौत की खाई में तब्दील हो चुका है। इस कारण कई ग्रामीणों के घर भी खतरे की जद में आ गये हैं। आये दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। बरसात के समय मार्ग में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। मनोज शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय सांसद व विधायक जुमलों तक सीमित हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 8 दिन के अंदर मार्ग को ठीक नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जायेगा।



सड़क पर सांकेतिक धरने पर बैठे कांग्रेस नेता व ग्रामीण। ● अमृत विचार

### जल स्रोतों और नौलों का होगा सौंदर्यीकरण

**नैनीताल** : नगर पालिका प्रशासन पारंपरिक जल स्रोतों और नौलों का कायाकल्प करने जा रहा है। नगर पालिका के प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया नौलों के सौंदर्यीकरण के लिए जल संस्थान ने एक करोड़ 8 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर दिया था। जिसके तहत नगर पालिका ने जल संस्थान को उत्तराखंडी पारंपरिक तरीके से नौलों को विकसित और सुंदर बनाने के लिए प्रथम चरण में 54 लाख रुपये का बजट जारी किया है। इससे सिपाही धारा कृष्णापुर, चुना धारा, पर्दा धारा, गोमुख धारा कृष्णापुर, स्प्रिंगफील्ड, विश्राम घाट, तुड़तुड़िया धारा कृष्णापुर, गुफा महादेव, नारायण नगर, स्टोन ले, राजपुरा समेत शहर के अन्य स्थानों पर बने नौलों का सौंदर्यीकरण होगा।

### 992 ग्राम चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**भीमताल** : खनस्यू थाना पुलिस ने दो लोगों को भारी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष रोहताश सिंह ने बताया कि गुरुवार की देर रात पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पतलोट से कार में चरस की तस्करी करते दो लोगों को पकड़ा। इनके पास से 992 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अनमोल गुप्ता (29 वर्ष) पुत्र प्रमोद गुप्ता निवासी चंद्रदीप कॉलोनी बदायूं रोड थाना कैंट बरेली व अब्दुल वकील (30 वर्ष) पुत्र अब्दुल हमीद निवासी सदर बाजार थाना कैंट बरेली बताया। वह खनस्यू क्षेत्र के अधोड़ा गांव से चरस खरीदकर मैदानी क्षेत्रों में सप्लाई करने के लिए जा रहे थे।



कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत करते कुविवि के कुलपति। ● अमृत विचार

# कृषि क्षेत्र में तकनीकों में सुधार से आयेगी समृद्धि

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एग्रीकल्चर एंड एग्रोफॉरेस्ट्री और प्लांटिका फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 7वें प्लांट साइंस रिसर्चर्स मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनमोहन सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज के समय में पौधों की वैज्ञानिक समझ और उनसे जुड़ी तकनीकों में सुधार कृषि के क्षेत्र में समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान एस रावत ने कहा कि पौध विज्ञान का शोध न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह किसानों की उत्पादकता और उनकी जीवन गुणवत्ता को भी बेहतर बनाने में सहायक हो सकता है। कृषि एवं एग्रोफॉरेस्ट्री संकाय के डीन प्रो. जीत राम ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम में पौध विज्ञान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में उत्तराखंड समेत देशभर के कई विश्वविद्यालयों के 100 से अधिक वैज्ञानिकों और शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया।

### सेवानिवृत्ति पर सुरेंद्र सिंह बिष्ट को दी विदाई



सुरेंद्र बिष्ट को उपहार भेंट करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** रोडवेज स्टेशन में सहायक महाप्रबंधक (एआरएम) हल्द्वानी सुरेंद्र सिंह बिष्ट के 35 साल की सेवा पूरी करने के बाद सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजित किया गया। इस दौरान हल्द्वानी डिपो के कर्मचारियों ने बस स्टेशन में बिष्ट का ढ़ोल नगाड़े व फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्हें उपहार भेंट किये। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला, मंडलीय महाप्रबंधक पूजा जोशी, मंडलीय महाप्रबंधक तकनीकी टीका राम आदित्य, मुकुल पंत, आलोक बनवाल, संजय पांडे, मनोज दुर्गापाल, लुकमान सिंह बिष्ट, नवनीत कपिल, मीना जोशी, कमल पपनै, आन सिंह बाल मुकंद सुयाल, मुकेश वर्मा, पूर्व चेयरमैन हेमंत बगडवाल, विमला रौतेला, पूर्णिमा रौतेला, इंद्रा भट्ट, विद्या जोशी आदि मौजूद रहे।

# संजय ने चक्का, नैतिक ने सबसे दूर फेंका गोला

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ग्रीन पार्क स्टेडियम पोखराखेत पहाड़पानी में न्याय पंचायत स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व प्रधान सेलालेख गणेश लाल वर्मा ने किया। इस अवसर पर अंडर-17 वर्ग में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

प्रतियोगिता के दौरान बालक वर्ग में संजय महतोलिया ने चक्का फेंक तथा नैतिक कुमार ने गोला फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि बालिका वर्ग में हुई 800 मीटर दौड़ में भावना मेलकनी व 3000 मीटर की दौड़ में गीता मेलकानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वालीबॉल में राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़पानी की टीम विजेता रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूरन चंद्र उपाध्याय, हेमचंद जोशी, पंकज वर्मा, मेनका पांगती, भैरव दत्त, देवेन्द्र मेलकानी, रामकिशन टम्टा, पूनम जोशी, प्रकाश चंद्र, अनिल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 12 से मिनी स्टेडियम में होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**भीमताल** : खेल महाकुंभ के तहत विकासखंड भीमताल की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं 12 नवंबर से शुरू होंगी, जो 14 नवंबर तक चलेंगी। प्रतियोगिता 14, 17 और 20 वर्ष के बालक-बालिकाओं के बीच होगी। जिसका आयोजन मिनी स्टेडियम में सुबह 9 बजे से किया जायेगा। जानकारी देते हुए अजय कुमार ने बताया कि विजेता प्रतिभागी विकासखंड की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ी ऑफलाइन भी पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं 10 नवंबर को डीएसए ग्राउंड में हॉकी, फुटबॉल की प्रतियोगिता होगी। इधर, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चंद्रा ने बताया कि न्याय पंचायत ओखलढूंगा का खेल महाकुंभ 9 और 10 नवंबर को राजकीय इंटर कॉलेज रौशिल में होगा।




राज्य स्थापना दिवस 2024 की ढेर सारी शुभकामनाएं।

मेरा शहर मेरी पहचान स्वच्छ सर्वेक्षण 2024

स्वच्छता में हल्द्वानी को बनाए नं०1

नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम को सुंदर स्वच्छ बनाए जाने हेतु आम जनता से अपेक्षा करती है कि-

- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम को संपूर्ण स्वच्छता की निगरानी बैंणी सेना द्वारा की जा रही है, इस कार्य में बैंणी सेना को सहयोग करें।
- सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें
- अपने घर एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें।
- अपने घर/प्रतिष्ठान का सूखा कूड़ा, गीला कूड़ा और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके निगम के कूड़ा वाहन में डालें।
- कूड़ा वाहन का यूजर चार्ज केवल निगम द्वारा अधिकृत "बैंणी सेना" की महिला प्रतिनिधि को ही दें।
- खुले में, सड़क पर नाली / नाले / गुल / नगर आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना / थूकना तथा कूड़ा जलाना कानूनी अपराध है।
- अपने घर एवं आस-पास में जमा पानी को साफ करायें जिससे डेंगू का लार्वा को समाप्त किया जा सके।
- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम द्वारा संचालित दो गौशाला राजपुरा एवं गंगापुर कब्डाल, हल्दूचौड़ संचालित है। जिन्हें आप अपना आर्थिक सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आर्थिक सहयोग ऑनलाइन के माध्यम से करने हेतु बैंक बंधन बैंक, खाताधारक का नाम- नगर निगम हल्द्वानी खाता संख्या 20100031764421, IFSC-BDBL0001535, संपर्क सूत्र 95482-40589 / 79065-81261 है।
- नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम द्वारा आरोपित सभी टैक्स का समय पर भुगतान करने का कष्ट करें, जिससे कि नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम आर्थिक रूप से मजबूत हो सके और जनहित के कार्यों का संपादन किया जा सके।
- अपने आस-पास सार्वजनिक सड़कों पर अतिक्रमण न करें और न ही किसी को करने दें।

कूड़ा वाहन न आने पर सफाई न होने तथा मार्ग प्रकाश संबंधी शिकायत नगर निगम के टोल फ्री नं० 88826 10000 एवं पथ प्रकाश से संबंधित शिकायत है हेतु टोल फ्री नम्बर 08366670840/08363520522 पर संपर्क करें।।

नगर आयुक्त
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम

प्रशासक
नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम


# शिवानी का लेखन सामाजिक दस्तावेज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के बुरांश सभागार में शुक्रवार को सुप्रसिद्ध हिंदी लेखिका शिवानी की जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुविवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने शिवानी के साहित्य की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रोफेसर व अन्य। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि शिवानी का लेखन केवल कहानियां नहीं, बल्कि एक सामाजिक दस्तावेज है जो हमें अपने आसपास की प्रकृति और समाज को समझने का एक नया दृष्टिकोण देता है। प्रो. डीएस पोखरिया ने शिवानी की रचनाओं में भारतीय समाज और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिवानी की रचनाओं में प्रकृति तथा मानवीय संवेदनाओं की महत्ता को रेखांकित किया। इस दौरान महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष मौर्य, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, प्रो. निर्मला ढैला बोरा, प्रो. सिद्धेश्वर सिंह, डॉ. रूपा सिंह, रजनी गुप्त, प्रो. चन्द्रकला, प्रो. दिनेश, प्रो. सिद्धेश्वर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे। संचालन मोहन सिंह रावत व डॉ. अनिल कार्की ने किया।

# बस में ओवरलोडिंग बंद होने से यात्री हुए परेशान

**नैनीताल :** रोडवेज बसों में ओवरलोडिंग बंद होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्द्वानी और नैनीताल बस स्टेशन से बसें यात्रियों से भरकर आ रहीं हैं। जिस कारण रानीबाग, दोगांव, ज्योलीकोट, बेलूवाखान, बल्दियाखान, रूसी आदि क्षेत्रों के यात्रियों के लिए बसें नहीं रुक रही है। स्थानीय यात्रियों को बसों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इधर, परिवहन निगम के राकेश कुमार ने बताया कि बसों में सीटें उपलब्ध होने पर स्थानीय यात्रियों को बैठा कर ले जाया जा रहा है। सीट न होने पर बसें नहीं रोकी जा रही हैं।

### आज का मौसम

ठंडी हवाओं के साथ आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 29.0⁰ | 17.2⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.31 | सूर्यास्त 17.20 |

## एक नजर

### एसटीएच में किया फलों का वितरण

हल्द्वानी, अमृत विचार : राज्य स्थापना दिवस के अवसर डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किये गये। लालकुआं विधायक ने अस्पताल पहुंचकर अल्मोड़ा बस हादसे में मारे गये लोगों के प्रति शोक जताया। बाद में भर्ती मरीजों को फल दिये गये और उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी, डॉ. सुभाष जोशी, सतीश, रवि सिंह थे।

### ई-रिक्शा चोरी

**हल्द्वानी :** घर के बाहर रात के समय खड़े किये ई-रिक्शा पर चोरों ने हाथ साफ कर लिया। घटना के करीब एक माह बाद पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। राजेंद्र नगर निवासी नितिन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके पास यूके 04 ईआर 3098 नंबर से एक ई-रिक्शा है, जिसे वह किराये पर देता है। उसने ई-रिक्शा कैनरा बैंक गली, बरेली रोड निवासी एक व्यक्ति को किराये पर दिया था। बीती छह अक्टूबर को किराये पर लेने वाले चालक ने ई-रिक्शा को अपने घर पास खड़ा किया था। अगली सुबह ई-रिक्शा वहां नहीं था। प्रार्थी ने पुलिस में मामले की सूचना 19 अक्टूबर को दी थी। अब जाकर पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि मामले में सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# उत्तराखंड 24 पार, राज्य आंदोलनकारियों के सपने नहीं ले पाए आकार


## हिमालयी राज्य की परिकल्पना नहीं हुई पूरी, पर्वतीय जिलों की आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की स्थिति नहीं सुधरी, सरकारों पर लगाया अनदेखी का आरोप

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नौ नवंबर 2000 को 11 वें हिमालयी राज्य के तौर पर उत्तराखंड का गठन हुआ था। आज उत्तराखंड अपनी स्थापना के 24 वर्ष पूरे कर 25वें में प्रवेश कर रहा है। इन वर्षों में राज्य ने सफलता के नए आयाम गढ़े लेकिन राज्य की उम्र बढ़ने के साथ ही चुनौतियां व चिंताएं भी बढ़ती जा रही हैं। पहाड़ के विकास की जिस परिकल्पना को लेकर राज्य का गठन हुआ था, फिलहाल साकार होता नहीं दिखाई दे रहा है। पर्वतीय और मैदानी जिलों के आर्थिक व सामाजिक विकास में 'पहाड़' सा अंतर हो गया है। हिमालयी राज्य में पर्वतीय जिले विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं। राज्य अभी भी आर्थिक तौर पर सशक्त नहीं हो सका है, अभी भी केंद्र पर निर्भरता बरकरार है। जितनी भी प्राप्तियां हो रही हैं, उनमें आधी तो वेतन-पेंशन व संचालन में खर्च हो जा रही है ऐसे में विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट विकट चुनौती बन गया है।

**09** नवंबर 2000 को देश के 27वें और 11वें हिमालयी राज्य उत्तराखंड बना था

**25** वें वर्ष में प्रवेश के साथ ही राज्य के सामने पर्वतीय जिलों के विकास की बड़ी चुनौती




### समस्याएं अभी भी बरकरार

राज्य अभी भी पलायन, अपराध, लचर स्वास्थ्य व शिक्षण सेवाएं, भूतिया गांव, महंगाई, प्राकृतिक संसाधनों के अवैज्ञानिक दोहन जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। लोगों में जमीन, जंगल और रेता-पत्थर की लूट को लेकर आक्रोश है।



हिमालय का केवल उत्तराखंड नहीं देश व दुनिया के पर्यावरण व जलवायु पर भी गहरा असर है। जब राज्य गठन हुआ तो विकास की नीति में इसका ध्यान रखना चाहिए लेकिन नहीं रखा गया। विकास के नाम विनाश किया जा रहा है। गांव खाली हो रहे हैं, पूंजीपतियों के इशारों पर काम करने वाली सरकारें बड़ी कंपिनयों व ठेकेदारों को जमीनें दे रही हैं। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हो रहा है जिस वजह से हिमालय, राज्य व समाज में खतरे में है। पहाड़ की राजधानी गैरसैंण भी नहीं बन पाई। जिस अवधारणा से राज्य गठन किया गया था, उक्त परिकल्पना अभी भी अधूरी है। **-पीसी तिवारी**, केंद्रीय अध्यक्ष उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी



राज्य आंदोलनकारियों का सपना था, जो राज्य की अवधारणा थी, इन 24 सालों में सत्तारूढ़ सरकारों ने खत्म कर दिया। पलायन, बेरोजगार, लचर स्वास्थ्य व शिक्षा, प्राकृतिक संसाधनों पर जनता का हक नहीं रह गया है। उत्तर प्रदेश के समय से ज्यादा स्थिति खराब हो गई है। राज्य के सैकड़ों गांव भूतिया हो गए हैं। अल्मोड़ा हादसे ने स्वास्थ्य सेवा की पोल खोल दी है। गैरसैंण अभी तक स्थायी राजधानी नहीं बन सकी है। मालिक उत्तराखंड हैं लेकिन परिसंपत्तियों व संसाधनों पर उप्र एवं केंद्र का कब्जा है। आज भी कुमाऊं-गढ़वाल को जोड़ने वाली रोड को बंद कर दिया गया है। उप्र से गुजरना पड़ता था। सीएम, विधायक, अफसर कोई जन समस्याओं की सुनवाई नहीं कर रहे हैं। माफिया व लूटखोर हावी हैं। नए परिसीमन में पर्वतीय सीटें खत्म हो जाएंगी। पहाड़ की आवाज सुनने वाला कोई नहीं है। **-प्रभात ध्यानी**, राज्य आंदोलनकारी



जिस उत्तराखंड का सपना राज्य आंदोलनकारियों ने देखा था, वह आज तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य गठन के पीछे दो सदियों का संघर्ष और कई राज्य आंदोलकारियों की शहादत है राज्य की मूल अवधारणा के प्रश्न हमारे सामने आज भी वैसे ही खड़े हैं। लगातार घट रही उत्पादकता और बढ़ रहे खर्च के बदौलत आज प्रदेश लगातार कर्ज में डूबता जा रहा है, जिसका सरकार अभी तक स्थाई समाधान नहीं ढूंढ पाई है। आज यह स्थिति है कि हर महीने सरकार को 200 से 300 करोड़ रुपये तक का ऋण बाजार से उठाना पड़ता है। **-यशपाल आर्य**, नेता प्रतिपक्ष

### प्रति व्यक्ति आय में पहाड़ी जिले फिसड्डी

**हल्द्वानी :** सांख्यिकीय विभाग की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2021-22 में राज्य में प्रति व्यक्ति औसत आय 2,05,246 रुपये है। जबकि हरिद्वार में प्रति व्यक्ति आय 3,62,688 रुपये, ऊधमसिंह नगर में 2,69,070 और देहरादून में 2,35,707 रुपये है। वहीं, रुद्रप्रयाग में सबसे कम 93,160 रुपये प्रति व्यक्ति आय है। इसके बाद बागेश्वर 98,775 रुपये, अल्मोड़ा में 1,00,844, टिहरी में 1,03,345, उत्तरकाशी में 1,07,281, पौड़ी में 1,08,640, चम्पावत में 1,16,136, चमोली में 1,27,330 और नैनीताल में 1,90,627 रुपये प्रति व्यक्ति आय है। आंकड़ों से साफ है कि राज्य का कोई भी पर्वतीय जिला राज्य की औसत प्रति व्यक्ति आय की भी बराबरी नहीं कर सका है।

### केंद्र पर निर्भरता नहीं हुई खत्म

हल्द्वानी : राज्य को विभिन्न मदों से आय प्राप्त होती है लेकिन अभी भी केंद्र से सबसे ज्यादा बजट मिलता है। यह दावा सांख्यिकीय विभाग के आंकड़ों का है। बजट विश्लेषण व वर्गीकरण में वर्ष 2023-24 में केंद्र से 20,893.15 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। फिर उत्पादों पर लगाए कर से 19,885.42 करोड़, आय व परिसंपत्ति कर से 7,210.91 करोड़, उत्पादन कर से 3,528.34 करोड़, वस्तु एवं सेवाओं की बिक्री से 856.77 करोड़, संपत्ति कर से 1,671.30 करोड़, वाणिज्य प्राप्तियों से 714.31 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। इससे पूर्व वित्तीय वर्ष 2022-23 में केंद्र से 19,548.07 करोड़ और वर्ष 2021-22 में 16218.67 करोड़ रुपये केंद्र से मिले थे। आंकड़ों से स्पष्ट है कि राज्य को सबसे अधिक प्राप्ति केंद्र से मिलने वाली मद से होती है।

### साल भर में आठ माह देश से ज्यादा महंगाई उत्तराखंड में रही

सांख्यिकीय विभाग के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में महंगाई का असर देश से ज्यादा उत्तराखंड में रहा। वर्ष के 12 में से आठ महीनों में महंगाई की दर देश की औसत महंगाई दर से भी ज्यादा रही। जुलाई में यहां महंगाई दर 8.58 प्रतिशत तक पहुंच गई तब देश में महंगाई 7.44 थी। अगस्त में 7.72 प्रतिशत दर्ज हुई तो देश में दर 6.83 प्रतिशत थी। सबसे कम महंगाई दर अक्टूबर 4.61 प्रतिशत महंगाई दर रही है तब देश की महंगाई दर 4.87 प्रतिशत थी। सिर्फ जनवरी, अक्टूबर, नवंबर व दिसंबर में महंगाई दर देश से कम रही।

### आधा खजाना तो कर्ज के ब्याज और वेतन-पेंशन में खत्म हो रहा



**हल्द्वानी :** राज्य सरकार का खजाना तो भर रहा है लेकिन इसकी आधी रकम तो लिए गए कर्ज के ब्याज और कर्मचारियों के वेतन-पेंशन में खर्च हो जा रही है। सांख्यिकीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 में केंद्र समेत विभिन्न मदों से लगभग 57049.25 करोड़ रुपये की प्राप्तियां हुईं। इनमें कर्ज के ब्याज में 6161.41 करोड़ और वेतन-पेंशन में 25560.93 करोड़ रुपये खर्च हुए। जो कि कुल आय का लगभग 55.60 प्रतिशत होता है। ऐसे में विकास के लिए आर्थिक समस्याएं बनी हुई हैं।

# गौलापार में होगी बसों की फिटनेस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** परिवहन विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई के बाद शुक्रवार को केमू के पदाधिकारी संभागीय परिवहन अधिकारी संदीप सैनी से मिले। उन्होंने केमू की बसों को फिटनेस के लिए गौलापार स्थित फिटनेस सेंटर भेजने की मांग की। साथ ही चेकिंग के नाम पर चालक-परिचालक को परेशान नहीं करने की मांग की।



आरटीओ संदीप सैनी से वार्ता करते केमू के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बीते गुरुवार को चेकिंग के दौरान केमू की बसों का चालान और सीज किया गया था। इस दौरान कई बसों को अनफिट भी पाया गया था। आरटीओ कार्यालय की ओर से पूर्व में केमू को पत्र लिखकर बसों की फिटनेस जांच के लिए गौलापार स्थित फिटनेस सेंटर बुलाया गया था लेकिन कोई भी बस संचालक अपनी बस को फिटनेस के लिए नहीं लाया जिस पर विभाग ने कार्रवाई की। सोमवार से गौलापार में बसों की फिटनेस की जांच की जाएगी। इधर, केमू के पदाधिकारियों ने पुलिस पर भी चालक-परिचालकों को बेवजह परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में एसएसपी से भी वार्ता करेंगे। इस दौरान केमू के अध्यक्ष सुरेश डसीला, केमू के अधिशासी निदेशक हिम्मत सिंह नयाल, बृजेश तिवारी सहित ट्रक एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एंटी रोमियो ऑपरेशन व रात्रि गश्त जारी रखें

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने शुक्रवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में महिला सुरक्षा को लेकर बैठक की। डीएम ने कहा कि चिन्हित स्थानों पर महिलाओं से वार्ता कर फीडबैक प्राप्त की जाए और भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए काम करें। सीईओ को प्रत्येक स्कूल में शिकायत पेटी और हेल्पलाइन नंबर चस्पा करने एवं परिवहन विभाग को ई-रिक्शा, ऑटो चालकों का सत्यापन पूरा करने के बाद उन्हें यूनिफार्म और पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाए। डीएम ने पुलिस को एंटी रोमियो व रात्रि गश्त जारी रखने को कहा। इस दौरान मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी रहे।

# पानी के लिए गरजे जौलासाल के ग्रामीण

संवाददाता, हल्द्वानी



करायल जौलासाल में हो रही पेयजल किल्लत को लेकर जल संस्थान कार्यालय तिकोनिया में प्रदर्शन करती महिलाएं।

**अमृत विचार:** जेजेएम के कार्य में ढिलाई और पेयजल व्यस्था नहीं होने पर नाराज करायल जौलासाल निवासियों ने शुक्रवार को जल संस्थान में प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौराज जेजेएम इंचार्ज को ज्ञापन सौंपकर विभाग पर प्रभावित क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकरों की व्यवस्था नहीं करा पाने का आरोप लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी। सहायक अभियंता प्रमोद पांडे से वार्ता के दौरान विभाग के उपभोक्ताओं के अलावा लोगों से पानी के टैंकर का बिल मांगने पर लोग विफर गए। लोगों ने एई पर टैंकर के पैसे मांगने का आरोप लगाकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

करायल जौलासाल में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजना का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत वहां रह रहे नये उपभोक्ताओं को जल संस्थान ने जेजेएम के तहत कनेक्शन दिए हैं लेकिन कार्य पूरा नहीं होने के कारण वर्तमान में यहां नए उपभोक्ताओं तक विभाग की ओर से टैंकर से पानी बांटे जाने की व्यवस्था की गई है। लोगों ने शुक्रवार को जल संस्थान में प्रदर्शन कर कहा कि योजना पूरी होने तक विभाग की ओर से टैंकरों से पानी देने का आश्वासन दिया था लेकिन अब इसके तहत अब पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने कहा कि पेयजल किल्लत के कारण उनके कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इस दौरान लोगों से वार्ता करने सहायक अभियंता प्रमोद पांडे पहुंचे तो उन्होंने बताया कि करायल जौलासाल में विभाग के पुराने उपभोक्ता मात्र चार परिवार हैं उनकी ओर से प्रतिमाह बिल का भुगतान किया जाता है। जुलाई से नये जोड़े गए उपभोक्ताओं को भी टैंकरों से पानी बांटा गया है लेकिन उनकी ओर से बिल जमा नहीं किया गया है। कहा कि वर्तमान में कार्य किया जा रहा है। दिसंबर शुरूआत में लोगों को पेयजल योजना से पानी देने की व्यवस्था पूरी हो जाएगी। इधर लोगों का कहना था कि विभाग की ओर से नवंबर में कार्य पूरा कर लोगों को पर्याप्त पानी देने का दावा था जो कि फेल रहा है। इसके अलावा टैंकर से पानी भी नहीं दिया जा रहा है। आरोप लगाया कि विभाग की ओर से कार्य में देरी करने पर सरकारी टैंकर का पैसा मांगा जा रहा है। प्रदर्शन के दौरान रंजना धामी, रमेश मेहता, अजय बिष्ट, प्रकाश मेर, राकेश धामी, गीता जोशी, मोनिका, गुंजन तिवारी, राजू बिष्ट, कमला बोरा, गोविंद नाथ, मोहिनी तड़ागी, बीसी जोशी, कमला नयाल रहे।

### बिजली कटौती से उपभोक्ता व व्यापारी रहे परेशान

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम ने दीपावली के दौरान रूके हुए कार्यों को करना शुरू कर दिया है। सड़क चौड़ीकरण के लिए हटाई गई लाइनों का मेंटेनेंस कार्य किए जाने से शुक्रवार को बाजार क्षेत्र मे पांच घंटे बिजली सप्लाई ठप रही। वहीं धौलाखेडा क्षेत्र में लाइनों का रखरखाव कार्य किए जाने से आपूर्ति बंद रही। दिन में घंटों तक कटौती होने से लोगों के साथ ही व्यापारियों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ी। सड़क चौड़ीकरण के लिए उर्जा निगम ने केडी चौराहे में बिजली की लाइनों को हटा दिया है। बुधवार को नई लाइन मे गार्डनिंग का काम किए जाने से सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक बाजार फीडर की सप्लाई बंद रखी गई। वहीं धौलाखेडा में लाइन मेंटेनेंस का काम किए जाने से आपूर्ति बंद रही। उर्जा निगम के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि लाइन मेंटेनेंस होने सप्लाई बाधित रही। इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को पहले दी गई थी। कहा कि दीपावली के दौरान इन कार्यों को रोका गया था अब पूरा किया जा रहा है।

# नगर निगम ने लिया नजूल भूमि को कब्जे में




संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम ने अपनी संपत्तियों का चिन्हीकरण कर कब्जे में लेना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने वेलेजली लॉज निकट जजी कोर्ट और एनसीसी क्वार्टर के पीछे कैनाल रोड मे नजूल की भूमि को कब्जे मे लेकर अपना बोर्ड लगाया। अधिकारियों के अनुसार आगे भी भूमि के चिन्हीकरण का अभियान जारी रहेगा।

अपनी जमीनों का सीमांकन नही किए जाने से नगर निगम क्षेत्र मे कई जगहों नजूल की जमीनों पर लोगों का कब्जा हो गया है। अब निगम ने खाली पड़ी नजूल की जमीन का चिन्हीकरण शुरू कर दिया है। शुक्रवार को वेलेजली लॉज और कैनाल रोड मे मौजूद जमीनों को अपने कब्जे में लेने की कार्रवाई की गई। इस दौरान यहां कार्मिकों ने निगम की जमीन होने का बोर्ड भी लगाया। इस दौरान उपनगर आयुक्त तुषार सैनी, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक अमोल असवाल, चतर सिंह सहित विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

**बैठक** जिला विकास समन्वय निगरानी समिति की बैठक में सांसद अजय भट्ट ने मंडी के कार्यों की गुणवत्ता पर जताई आपत्ति

# मंडी ने बनाया महाविद्यालय पतलोट, बारिश में छत टपक गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सांसद अजय भटट की अध्यक्षता में शुक्रवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई।

इसमें सांसद भट्ट ने केंद्र सरकार के साथ ही जिले में विभिन्न विभागों की विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं त्वरित गति से पूरी की जाएं और यह भी सुनिश्चित किया जाए पात्रों तक इनका लाभ पहुंच सके। साथ ही निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की जिन विकास योजनाओं के प्रस्ताव बनने हैं, उनमें जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाए। जनपद में पूरी हो चुकी योजनओं के लोकार्पण



सर्किट हाउस सभागार में बैठक लेते सांसद अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

व शिलान्यास की सूचनाएं जनप्रतिनिधियों को भी दें। बैठक में मंडी परिषद के प्रबंध निदेशक के गायब रहने पर सांसद ने नाराजगी जताई और सीडीओ को एमडी के गायब रहने पर मुख्य सचिव को पत्र लिखने के निर्देश दिए।

सांसद ने कहा कि मंडी परिषद ने महाविद्यालय पतलोट के भवन का निर्माण किया है, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता नहीं होने से नवनिर्मित भवन की छत ने बारिश से टपक रही है। इसकी जांच की जाए। सांसद ने हल्द्वानी शहर में एचपीसीएल की गैस पाइप लाइन की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कहा कि लाइन गुणवत्ता के साथ बिछाई जाए, इसका वह स्वयं निरीक्षण भी करेंगे। वर्तमान में 9,600 घरों को एचपीसीएल ने गैस कनेक्शन दिए हैं, गैस पहुंचने के बाद इन्हें जोड़ दिया जाएगा। उन्होंने बिजली विभाग को गौलापार में नकैल पुल के सड़क मार्ग पर बिजली के पोल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। सांसद ने स्पष्ट किया कि सरकारी धनराशि के दुरुपयोग पर संबंधित अफसर की जिम्मेदारी तय की जाएगी। सिंचाई ईई ने बताया कि गौलापुल के पास एप्रोच रोड बारिश में बह गई थी, जिसका लगभग 24 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। जल्द ही प्रस्ताव स्वीकृत होने पर काम शुरू किया जाएगा। डीएम वंदना सिंह ने कहा कि जिले में आपदा मद से सभी विभागों को धनराशि दे दी और काम भी शुरू हो गया है। जिन सडकों एवं योजनाओ के टेंडर पूरे हो चुके हैं, उन पर काम शुरू किया जाए। जलजीवन मिशन के तहत जिन योजनाओं के जलस्रोत पानी की कमी से शुरू नहीं हो पा रहे थे, उनकी समीक्षा कर दोबारा से रिवाइज एस्टीमेट शासन को भेजे गए हैं। इस दौरान जिपं अध्यक्ष बेला तोलिया, विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट एवं रामसिंह कैडा, विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल एवं रूपा देवी, रेखा रावत, मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी, लोनिवि ईई अशोक चैधरी, यूपीसीएल ईई प्रदीप कुमार, जीएस कार्की, अशोक प्रजापति मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मी की पत्नी के बैग से जेवरात चोरी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** रोडवेज की बस में एक महिला के ट्रॉली बैग को काटकर लाखों रुपये के सोने और चांदी के जेवरात चोरी हो गये।

तल्लीताल निवासी सोनिया ने पुलिस को बताया कि वह बीती तीन नवंबर को वह रोडवेज की बस से सुबह करीब 8:45 बजे काशीपुर से हल्द्वानी की ओर आ रही थी। बस में महिला के पास एक ट्रॉली बैग था, जिसके अंदर पर्स में एक सोने की नथ वजन डेढ़ तोला, एक सोने का मांग टीका वजन समेत कई आभूषण थे। बस वाया रामनगर और कालाढूंगी होते हुये हल्द्वानी पहुंची। हल्द्वानी पहुंचने पर महिला ने जब अपना बैग चेक किया तो पता चला कि ट्रॉली बैग को काटकर अंदर आभूषण वाला हैंडपर्स चोरी हो गया है। महिला की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# अधिवक्ता को फर्जी नोटरी पर नोटिस दिया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी तहसील में एक नोटरी एडवोकेट को फर्जी तरीके से दावे के कागजों की नोटरी करना महंगा पड़ गया। जब दूसरे पक्ष ने इसकी शिकायत तहसीलदार सचिन कुमार से की तो उन्होंने नोटरी किये कागजों की जांच की और तुरंत ही नोटरी एडवोकेट को बुलाकर उसे नोटिस भिजवा दिया।

जमीनी विवाद के एक मामले में शुक्रवार को एक पक्ष तहसीलदार सचिन कुमार की कोर्ट में पहुंचा। उसने शिकायत की उसका रिश्तेदार फर्जी तरीके से नोटरी करवाकर उसके हिस्से की जमीन पर बिजली और पानी के संयोजन के संयोजन को अपने नाम करवा रहा है। जिस वजह से उसे मानिसक पीड़ा हो रही है और साथ ही मामले में अपना पक्ष रखने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसीलदार ने नोटरी किये हुये कागजों की जांच की तो पता चला कि वह फर्जी तरीके से नोटरी किये गये हैं। उन्होंने तुरंत ही नोटरी एडवोकेट को बुलवाया और उससे पूछताछ की। नोटरी एडवोकेट अपने पक्ष में कोई भी ठीक दलील नहीं दे पाया। तहसीलदार ने कड़ा एक्शन लेते हुये उसे नोटिस भिजवा दिया और साथ ही नोटिस की प्रतिलिपी जिलाधिकारी को भी भिजवा दी। तहसीलदार ने कहा कि तहसील में फर्जी तरीके से कोई भी नोटरी या अन्य काम न करे। पकड़ जाने पर आवश्यक कार्रवाई तुरंत ही जायेगी। आरोपी नोटरी एडवोकेट के खिलाफ पूर्व में भी तीन बार पकड़ा गया है। तहसील परिसर में आठ नोटरी एडवोकेट हैं।

## सार-संक्षेप


छात्रों को कानून की जानकारी देते एडवोकेट पूरन चंद्र पांडे। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को दी कानून की जानकारी

**रामनगर** : ओम साईं कंप्यूटर सेंटर एंड एजुकेशन सोसाइटी पीरूमदारा की ओर से आयोजित विधिक एवं शैक्षणिक शिविर में वरिष्ठ अधिवक्ता पूरन चंद्र पांडे ने छात्र–छात्राओं को कानूनी और एडवोकेट मनु अग्रवाल ने शैक्षणिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को कानून की जानकारी होना जरूरी है। इस दौरान बच्चों ने पढ़ाई और कानून से संबंधित कई सवाल किए। अधिवक्ताओं ने जवाब देकर बच्चों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान समिति के डायरेक्टर राहुल अग्रवाल, अर्चना विश्वास, सुजल, सूरज, दिनेश जोशी, दिवांशु, दीपिका निधि, नैंसी, भारती आदि मौजूद रहे।

### बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों को बांटे फल

**नैनीताल** : राज्य स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर स्वास्थ्य विभाग ने बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों को फल वितरित किये। पीएमएस डॉ. टीके टम्टा के नेतृत्व में फल वितरण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान पीएमएस व चिकित्सकों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनका हाल भी जाना। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि मनोज जोशी, डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. वीके मिश्रा, डॉ. प्रेमा, डॉ. आरएस मेर, डॉ. प्रशांत ओली, डॉ. एनएस रावत, डॉ. मोनिका कांडपाल, डॉ. गरिमा कांडपाल, शशिकला पांडे मौजूद रहे।

### परिजनों से नाराज युवती देर रात घर से हुई लापता

**नैनीताल** : मल्लीताल क्षेत्र में देर रात एक युवती परिजनों से नाराज होकर घर से बाहर चली गई। जब काफी देर तक वह वापस नहीं लौटी तो परिजन उसे ढूंढने बाजार पहुंच गये। तभी युवती बाजार में अपने प्रेमी के साथ दिखी। युवक नाराज युवती को समझा ही रहा था कि युवती के चाचा ने युवक को फटकार लगाना शुरू कर दिया। दोनों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद सभी देर रात कोतवाली आ धमके। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि युवती, युवक व उसके परिजनों की काउंसलिंग कर घर भेज दिया गया है।


इम्मोर्टल इंटरनेशनल स्कूल के चयनित छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

### तीन छात्रों का राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन

**हल्दूचौड़** : इम्मोर्टल इंटरनेशनल स्कूल के छात्र भावेश मिश्रा का राष्ट्र स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं स्कूल की छात्रा ज्योति कुमारी का फुटबॉल व मनस्वी पाठक का बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। तीनों छात्रों की उपलब्धि पर स्कूल के प्रबंधक एलडी पाठक, प्रधानाचार्य भावना पाठक, जिला खेल समन्वयक पूरन नयाल ने बधाई दी है।

### राज्य आंदोलनकारी को नहीं मिल रही पूरी पेंशन

**कालाढूंगी** : उत्तराखंड राज्य को 24 साल होने के बाद भी राज्य आंदोलनकारी नंदन कुमटिया को पूरी पेंशन नहीं मिल रही है। पूरनपुर चकलुवा निवासी नंदन सिंह ने बताया कि 7 दिन तक जेल में बंद रहे राज्य आंदोलनकारियों को छह हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन मिल रही है, जबकि उन्हें 4500 रुपये ही पेंशन के रूप में मिल रहे हैं। बताया कि वह सभी प्रमाण पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में जमा कर चुके हैं। 18 साल पहले सड़क दुघटना में उनका कमर से निचला हिस्सा पैरालाइज हो गया है। ज्यादा दौड़ भाग करने में असमर्थ हैं। उन्होंने सरकार से पूरी पेंशन देने की मांग की है।

### ग्रामीणों को वन्य जीव संघर्ष टालने को किया जागरूक

**रामनगर** : सीटीआर के अधिकारियों ने बिजरानी रेंज के अंतर्गत सांवल्दे पूर्वी के ग्रामीणों को वन्य जीव संघर्ष के लिए सचेत रहने को जागरूक किया। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने कहा कि शीतकाल में मानव क्षति एवं मानव घायल की घटनायें अधिक होती हैं। ग्रामीण व खत्तावासी घास, चारापत्ती और जलौनी लकड़ी के लिये वन क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, जिससे उनके वन्यजीवों से टकराव की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने वन विभाग को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में सरत सिंह बिष्ट, प्रमोद सत्यवली, भूपाल सिंह, संजय कुमार, गंगा देवी, तारा बेलवाल मौजूद रहे।


रामनगर डिग्री कॉलेज में परीक्षा देते छात्र–छात्राएं। ● अमृत विचार

### डिग्री कॉलेज में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न

**रामनगर** : पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संकायों के छात्रों ने उत्साह से प्रतिभाग किया। परीक्षा गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के समन्वय से आयोजित की गई। केन्द्राध्यक्ष प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे ने सभी परीक्षार्थियों का उत्साहवर्धन किया। परीक्षा प्रभारी डॉ. मूलचन्द्र शुक्ला, डॉ.योगेश चन्द्र, डॉ. दीपक खाती, डॉ. डीएन जोशी, डॉ. नितिन ढोमने, डॉ. मुरलीधर कापड़ी रहे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।


संयुक्त अस्पताल को व्हीलचेयर देती इनरव्हील क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब ने अस्पताल को भेंट की व्हीलचेयर

**रामनगर** : इनरव्हील क्लब ने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए संयुक्त अस्पताल में व्हीलचेयर दान की। क्लब की अध्यक्ष अनुप्रीत कौर ने कहा कि व्हीलचेयर अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिए सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने अन्य सामाजिक संगठनों से भी मानव सेवा के लिए आगे आने की अपील की। इस अवसर पर सचिव कविता अग्रवाल, सह सचिव संगीता जिंदल, उपाध्यक्ष नमिता बंसल, कोषाध्यक्ष सीमा लखोटिया, एडिटर चारुल जिंदल व दीपिका अग्रवाल मौजूद रहे।

### बस हादसे के मृतकों के प्रति जताई शोक संवेदना

**कालाढूंगी** : सल्ट बस दुर्घटना को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। जिला प्रभारी राजकपूर टम्टा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शोक सभा कर मृतकों की आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वास्थ लाभ की कामना की। उन्होंने सरकार से घायलों को उचित इलाज मुहैया कराने की मांग की है।

# छात्रों ने रोकी कुलपति की गाड़ी, प्रदर्शन किया

## सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री के खिलाफ लगाये जमकर नारे

### पुलिस के साथ हुई तीखी झड़प, छात्र संघ चुनाव कराने की मांग पर अड़े

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्रों ने शुक्रवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के हरमिटेज भवन में कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत की गाड़ी के आगे बैठकर प्रदर्शन किया और उनकी गाड़ी को नहीं जाने दिया। हरमिटेज भवन में आयोजित संगोष्ठी में शिरकत करने के बाद कुलपति पैदल ही परिसर से विश्वविद्यालय गये।

छात्रों के प्रदर्शन को देख मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया। इस बीच प्रदर्शन कर रहे छात्रों की पुलिस के साथ तीखी झड़प भी हुई। छात्र प्रदर्शन स्थल पर कुलपति को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान छात्रों ने राज्य सरकार और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



कुलपति की गाड़ी के आगे बैठकर प्रदर्शन करते छात्र। ● अमृत विचार

छात्रों के बढ़ते प्रदर्शन को देखकर पुलिस ने बमुश्किल उन्हें शांत कराया। जिसके बाद विवि सभागार में कुलपति और छात्रों के बीच बैठक हुई। बैठक में छात्र, कुलपति से अपने विशेष अधिकार का प्रयोग करते हुए विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव कराने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान डीएसबी परिषद की निदेशक नीति बोरा शर्मा, प्रोफेसर ललित तिवारी, प्रो. आशीष तिवारी, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ. रितेश शाह, करन सती, आशीष कबड़वाल, भास्कर जोशी, करन दनाई, अभिषेक, विशाल, शार्दुल नेगी, मोनिका, वैष्णवी, प्रशांत, कमलेश, तनिष्क मेहरा, अरमान, हिमांशु, जिया, संजय आदि रहे।

### मुख्यमंत्री को भेजा पत्र अनशन जारी

**हल्द्वानी** : छात्र संघ चुनाव कराने की मांग को लेकर एमबीपीजी कॉलेज के छात्रों का अनशन जारी है। उनका कहना है कि जब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जायेगी तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इधर, शुक्रवार को कॉलेज के छात्र नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भेजकर शीघ्र चुनाव कराने की मांग की। कहा कि चुनाव कराने की मांग को लेकर छात्र आत्मदाह जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। धरना–प्रदर्शन के कारण कॉलेज में पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। छात्रों के हितों को अनदेखा किया जा रहा है। कहा कि छात्रसंघ चुनाव से ही पढ़े–लिखे युवा नेता निकलते हैं जो समाज के विकास के लिए काम करते हैं। ज्ञापन देने वालों में उमाशंकर तिवारी, तनिष्क गोस्वामी, करन कुमार, रक्षित तिवारी, अभिषेक दुम्का शामिल थे।


नैनीताल में धरने पर बैठे कुमाऊं विश्वविद्यालय के कर्मचारी। ● अमृत विचार

# कुविवि के कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन शुरू

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार** : कुमाऊं विश्वविद्यालय और विवि के कर्मचारी नेता के खिलाफ सोशल मीडिया में आये समाचारों को अनर्गल बताते हुए कुविवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारी महासंघ ने अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। साथ ही उक्त खबर का खंडन करने और प्राथमिकी दर्ज कर विधिक कार्यवाही करने की मांग की है।

वक्ताओं ने कहा कि कुछ समय से सोशल मीडिया में कुमाऊं विवि के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उत्तराखंड विवि कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत ने कहा उनके खिलाफ अनर्गल बयान दिए गए हैं, जो असत्य हैं। इससे विवि के कर्मचारियों में रोष है। कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। करायत ने बताया कि मामले में संबंधित को विधिक नोटिस भी भेजा गया है। धरना-प्रदर्शन में गणेश बिष्ट, राजेंद्र ढैला, मोहित सनवाल, जगदीश कुमार, भगवान ध्यानी, डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला, कुलदीप सिंह, जगदीश पपने, दीपक बिष्ट, प्रकाश पाठक आदि मौजूद रहे।


विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि जगमोहन सिंह बिष्ट। ● अमृत विचार

### विज्ञान प्रदर्शनी व क्विज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रामनगर** : पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई। क्विज प्रतियोगिता में प्राथमिक वर्ग में यूएसआर इंटर कॉलेज बसई प्रथम, एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर द्वितीय और जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया तृतीय स्थान पर रहा। जबकि विज्ञान प्रदर्शनी राइंका गोजानी के अबूजर हुसैन ने प्रथम, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांवल्दे की हर्षा ने द्वितीय और एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के मोहम्मद नाजिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग की विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटरानी की रोशनी प्रथम, यूएसआर बसई के प्रियांशु द्वितीय, एमपी हिंदू इंटर कॉलेज के अंशुमान तृतीय रहे। साथ ही क्विज में यूएसआर बसई प्रथम, जय मोहन कानिया द्वितीय, एमपी हिंदू इंटर कॉलेज तृतीय रहा। विजेता प्रतिभागियों को भाजपा नेता भूपेंद्र खाती ने पुरस्कृत किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के संयुक्त सचिव श्याम सिंह बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी एच प्रसाद व प्रधानाचार्य बलवंत मनराल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद देवरानी, जीवनचंद पांडे, मदन मोहन पंत, केकेएस रौतेला, रेखा रानी, रमेश बिष्ट, अनिल कड़ाकोटी, रेखा शर्मा, जनार्दन पांडेय, सुषमा चौहान, बसंती आर्य मौजूद रहे।

### कंपनी के मालिक पर दर्ज हो मुकदमा

**रामनगर:** विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के लोगों ने रुद्रपुर स्थित डॉलफिन कंपनी के कर्मचारियों के समर्थन में एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि डॉलफिन कंपनी के कर्मचारी श्रम विभाग एवं शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते आमरण अनशन पर बैठे हैं। महिला मजदूरों को प्रशासन ने जोर-जबरदस्ती उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है, लेकिन उनका अनशन वहां भी जारी है। अनशनकारियों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। कहा कि श्रम विभाग और प्रशासन कंपनी मालिक के गैर कानूनी कृत्यों में उसका साथ दे रहा है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों की सभी कानून सम्मत मांगों को पूरा करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रभात ध्यानी, मनमोहन अग्रवाल, मो. आसिफ, असलम, लालमणी, रोहित रुहेला, उबैदुल हक, तुलसी छिमवाल, रवि, विनोद शामिल रहे।

# हार के डर से चुनाव नहीं करा रही राज्य सरकार : कुंजवाल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार** : कांग्रेस ने नगर निकाय चुनाव के लिए कसरत तेज कर दी है। शुक्रवार को नगर पालिका सभागार में नगर अध्यक्ष वकील अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक में नैनीताल जिले के चुनाव प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल ने कार्यकर्ताओं से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के नाम के साथ फीडबैक लिया। उन्होंने पिछले चुनाव के मतभेदों को भुलाने व आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए मंडल स्तर पर अध्यक्ष व पदाधिकारियों की नियुक्ति पर जोर दिया।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीप चंद्र सती, जिला महासचिव कमल जोशी, पूर्व सभासद फारूक सिद्दीकी, ताहिर कादरी, अतीक अहमद,


पालिका सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते गोविंद सिंह कुंजवाल।

वकील अहमद, अली हुसैन, भगवती आर्या, नदीम अहमद ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। कुंजवाल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रदेश सरकार हार के डर से नगर निकाय चुनाव नहीं करा रही है। भाजपा व कांग्रेस में जमीन-आसमान का फर्क है। कांग्रेस लोकतंत्र व सविधांन पर भरोसा करती है, जबकि भाजपा खरीद फरोख्त कर संविधान व लोकतंत्र की हत्या कर रही है। बैठक के बहाने कुंजवाल ने कार्यकर्ताओं को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि कार्यकर्ता एक होगा तो चुनाव हारने का सवाल ही नहीं है। बैठक का संचालन जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख भोला दत्त भट्ट, पूर्व दुग्ध संघ अध्यक्ष संजय किरौला, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा नेगी, विक्रम सामंत, संतोष पांडे, शहीद अहमद, जीवल लाल वर्मा, कादिर अहमद आदि मौजूद रहे।

# जिस दिन श्री श्याम हमारे घर आएंगे...

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** श्याम महिला मंडल, श्याम मित्र मंडल व श्याम सखी मंडल की ओर से शुक्रवार को श्री श्याम महोत्सव का आयोजन रामलीला मैदान में किया गया। शाम 7 बजे से शुरू हुआ कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने भजन संध्या का आनंद उठाया और देर रात तक भजनों पर झूमते रहे।

कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या के साथ ही गजरा, स्वचालित इलेक्ट्रॉनिक झांकियां, भव्य श्रृंगार, 56 भोग और महाआरती का आयोजन हुआ। कोलकाता से आये प्रसिद्ध कलाकार केशव मधुकर ने भजनों से समां बांधा। उन्होंने आयो सांवरियो सरकार लीले पे चढ़ के..., पलकें ही पलकें बिछाएंगे, जिस दिन श्री श्याम प्यारे हमारे घर


महोत्सव के दौरान भव्य रूप से सजा श्री श्याम का पंडाल। ● अमृत विचार

आएंगे..., सांवरिया के आगे खड़ा हूं, कर जोड़, मायरो भरेगो म्हारो प्यारो नंदकिशोर...जैसे शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मधु अग्रवाल, राजरानी अग्रवाल, सोनी गुप्ता, रीता अग्रवाल, द्रौपदी गोयल, अनीता अग्रवाल गोल्डी, आशा गोयल, रश्मि गर्ग, सपना, राधिका, मीनल, साक्षी, सीमा गोयल, स्नेहा अग्रवाल, स्मृति, वैशाली, प्रतिभा, दिनेश चंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, श्याम अग्रवाल, तरुण बंसल, सौरभ अग्रवाल, सुधीर, गौरव अग्रवाल, पवन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शुभम, अतुल अग्रवाल, केतन गुप्ता, पीयूष गोयल, दीपक कांता, संजीव अग्रवाल, साकेत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।


डीएम का अभिवादन करते होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### पहाड़ी रंगों से मिलेगी भवाली बाजार को नई पहचान

**भवाली** : डीएम वंदना सिंह ने भवाली का निरीक्षण कर विकास कार्यों के जल्द पूरा होने की बात कही। कहा कि नगर में विभिन्न विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जायेगा। उन्होंने मुख्य बाजार व ऊपरी बाजार में देहरादून की तर्ज पर एक जैसे साइन बोर्ड लगाने तथा बाजार के घरों को पहाड़ी रंगों की शैली में रंगने के नगर पालिका को निर्देश दिये। डीएम वंदना ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी की घोषणा के अनुरूप 5.46 करोड़ से बन रहे कैंची बाईपास के साथ ही पार्किंग मॉल भी जल्द मूर्त रूप लेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने डीएम को विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इधर, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपिल सहित व्यापारियों ने डीएम वंदना की कार्यशैली की सराहना करते हुए पुष्प गुच्छ व अंग वस्त देकर उनका अभिवादन किया। इस दौरान प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, पंकज अद्वैती, अखिलेश सेमवाल, जुगल मठपाल, दयाल आर्या, संजय वर्मा, नंदकिशोर पांडेय, विजय कुमार, लेवेंद्र क्वीरा महेश जोशी, रमेश जोशी, मुकेश कुमार, संजू जोशी, पवन रावत, नीरज रावत, कमल गोस्वामी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार राहुल पांडे का निधन, शोक

**लालकुआं** : वरिष्ठ पत्रकार राहुल पांडे का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को हल्द्वानी के राजपुरा स्थित मुक्तिधाम में किया जायेगा। वह कई दिन से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर पत्रकारों और समाजसेवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। हल्द्वानी के एक व्यवसाई ने उन्हें उनका पैसा नहीं दिया था, जिसके चलते वह काफी परेशान थे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति से शिकायत की, परंतु अब तक रकम नहीं मिल पाई है। गत दिवस उन्होंने राज्य स्थापना दिवस पर अपनी जान देने का ऐलान करते हुए राष्ट्रपति और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा था।



# ओवरहेड टैंक व नलकूप निर्माण को लेकर सर्वे शुरू

**लालकुआं** : घोड़ानाला क्षेत्र में सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल के सहयोग से बनने वाले ओवरहेड टैंक व नलकूप का सर्वे शुरू हो गया है। वर्ष 2021 में पर्यावरण संघर्ष समिति बिंदुखत्ता व सेंचुरी पेपर मिल प्रबंधन के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते में घोड़ानाला क्षेत्र में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ओवरहेड टैंक व नलकूप निर्माण का लिखित समझौता हुआ था। लेकिन कार्यदायी संस्था कौन बनेगी, इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी थी।

समिति के पदाधिकारियों ने सांसद अजय भट्ट व डीएम से समझौते पर अमल कराने का आग्रह किया। जिसके बाद जल संस्थान के अधिकारियों ने सर्वे शुरू कर दिया है। जल संस्थान के जूनियर अभियंता अनुज फर्त्याल ने बताया कि ओवरहेड टैंक कितनी क्षमता का बनेगा, इसके लिए आबादी व क्षेत्रफल का सर्वे किया जा रहा है। इधर, पर्यावरण संघर्ष समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह बोरा, संरक्षक हरीश बिसौती, हर्ष बिष्ट, आनंद गोपाल बिष्ट, बसंत पांडे ने सांसद, विधायक मोहन बिष्ट व डीएम वंदना का आभार जताया है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
14 नवम्बर 2024 बाल दिवस के उपलक्ष मे
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :-13 - 14 - 15 नवम्बर 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084
डॉ. वरुण अग्रवाल रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. तुषार अग्रवाल बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

## सार-संक्षेप

### सात जनवरी से शुरू होगा उत्थान मंच में उत्तरायणी मेला

**हल्द्वानी :** पर्वतीय सांस्कृतिक मंच में सात जनवरी से 15 जनवरी तक उत्तरायणी पर्व और मेले का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान शोभायात्रा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होंगे। इस दौरान संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर और खड्ग सिंह बगडवाल ने कहा कि आयोजन को लेकर समाज के लोगों को कार्यक्रमों में सहयोग करने के लिए संपर्क किया जाएगा। इसके लिए एक कमेटी भी गठित की जाएगी। इस दौरान मर्चूला में हुए हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की गई। बैठक में महासचिव यूसी जोशी, सचिव देवेंद्र तोलिया, आय-व्यय निरीक्षक कैलाश जोशी, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बवाड़ी, धरम सिंह बिष्ट, लक्ष्मण सिंह मेहरा, पुष्पा सम्मल और संदीप भैसोड़ा मौजूद रहे।

### निशुल्क नेत्र शिविर में 87 मरीजों को मिला लाभ

**हल्द्वानी :** राजेन्द्र नगर में प्रभु नेत्रालय की ओर से नि :शुल्क नेत्र शिविर में 87 मरीजों का उपचार किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू के प्रयासों से राजेन्द्र नगर में प्रभु नेत्रयाल के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में 12 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। हेमंत साहु ने बताया कि इन मरीजों का शनिवार को नि :शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। समाजसेवी विपिन गुप्ता, मलय बिष्ट, ऑप्टोमेट्रिस्ट निशा त्रिपाठी, ऑप्टोमेट्रिस्ट शिवम राजपूत, नर्सिंग स्टाफ स्वीटी सरकार, चंद्रा देवी, गंगा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### मदन अध्यक्ष व मनोज बने उपाध्यक्ष

**हल्द्वानी :** प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव शुक्रवार को हुए। इसमें अध्यक्ष मदन बर्तवाल, उपाध्यक्ष मनोज बड़सीलिया, मंत्री अनुपमा बमेठा, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार बोहरा, कविता पंत, फरहा तसनीम, देवेंद्र सिंह, चंदन कोहली, संयुक्त मंत्री मीना नयाल, कोषाध्यक्ष के पद पर सुमन बिष्ट, संगठन मंत्री महिपाल सिंह राणा, निर्मल कुमार उपाध्याय, अंजू मिश्रा और बबीता पाठक चुने गए। साथ ही प्रचार मंत्री गोपाल दत्त कुकरेती, हीरा सिंह टोलिया, प्रकाश चंद्र, रमेश दत्त रौतेला, लेखाकार मुकेश जोशी, उपमंत्री योगेश कुमार व राकेश कुमार शर्मा बने।


समारोह में हिस्सा लेते तीन पैरा विशेष बल के सेवानिवृत सैनिक।

### सेवानिवृत विशेष बल के सैनिकों ने मनाई वर्षगांठ

**हल्द्वानी :** तीन पैरा विशेष बल के सेवानिवृत सैनिकों ने अपनी 77वीं वर्षगांठ मनाई। शहर के एक बैंक्वट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शैलाटॉग विजय दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान सैनिक परिवार की महिलाओं ने नृत्य व गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सूबेदार मेजर उमराव सिंह ने की। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर सेनि मदन सिंह फर्त्याल ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। साथ ही सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।


परिवहन मजदूर संघ की बैठक में मौजूद कार्मिक। ● अमृत विचार

### इसी माह होगा परिवहन मजदूर संघ का प्रदेश अधिवेशन

**हल्द्वानी :** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ ने गुरुवार को रोडवेज स्टेशन में कुमाऊं क्षेत्र की कार्यसमिति की बैठक आयोजित की। इसमें प्रदेश अधिवेशन पर चर्चा हुई। संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि सभी सदस्यों की उपस्थिति में इसी माह में सफल अधिवेशन होगा। प्रांतीय महामंत्री बालमुकुंद सुयाल ने कहा कि संविदा, विशेष श्रेणी कार्मिकों के नियमितीकरण के लिए संगठन लगातार प्रयास कर रहा है और वर्तमान में शासन स्तर पर इस पर कार्यवाही चल रही है। क्षेत्रीय मंत्री रामप्रीत यादव ने कहा कि निगम में अनुबंधित वाहनों में लगातार वृद्धि निगम के हित में नहीं है। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम दुम्का, क्षेत्रीय अध्यक्ष नवनीत कपिल, वीरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र पलड़िया, मीना जोशी, मीना कोरंगा, संजय, संतोष, मनीष जोशी, कौशल कुमार, लक्ष्मण रजवार, ललित पांडे रहे।


रिंग रोड के विरोध में बैठक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### रिंग रोड के विरोध में ग्रामीणों का धरना शुरू

**हल्द्वानी :** किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति और किसान मंच के साझा बैनर तले रिंग रोड के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना फिर से शुरू हो गया है। पूर्व में प्रशासन के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया था। शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित रामलीला मैदान में धरना स्थल पर कार्तिक उपाध्याय ने बताया कि बीते महीने संघर्ष समिति ने गन्ना सेंटर से लामाचौड़ सर्वे को रद्द करने के बाद आंदोलन को स्थगित किया था लेकिन सूचना अधिकार से पता चला है कि लोनिवि निर्माण खंड हल्द्वानी भविष्य में सर्वे रिंग रोड को लेकर पांच सर्वे करेगा। इसमें 30 मीटर की सड़क का सर्वे फिर किसानों के विरोध वाले खेतों में ही किया जाना है। गुलशन दानी ने कहा कि यह किसानों के साथ धोखा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान हर्षित उपाध्याय, शिवराज सिंह खड़ाई, आकाश, दीपक रावत, पवन जोशी, उमेश चंद्र, सुरेंद्र बजवाल, प्रेमानंद उपाध्याय, कौशल जोशी, नवीन चंद्र दुर्गापाल, अमित जोशी रहे।


जोहार महोत्सव को लेकर निकाली गई शोभा यात्रा में शामिल शौका समाज की महिलाएं। ● अमृत विचार


जोहार महोत्सव म में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

# ऐजा रे चैत बैशाख मेरो मुनस्यार...

## एमबी मैदान में तीन दिवसीय 15वें जोहार महोत्सव का हुआ रंगारंग आगाज

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जोहार सांस्कृतिक एवं वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एमबी इंटर कॉलेज मैदान में शुक्रवार को तीन दिवसीय15वें जोहार महोत्सव का आगाज हो गया है। कार्यक्रम का उद्घाट्न निवर्तमान मेयर जोगेंद्र पाल रौतेला और सेवानिवृत डीआईजी बीएस टोलिया ने किया। इससे पूर्व जोहार मिलन केंद्र से महोत्सव स्थल तक शौका समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान लोकगायकों की स्मृति में विशेष संध्या का आयोजन कार्यक्रम का मुख्य आर्कषण रहा।


एमबी इंटर कॉलेज मैदान में जोहार महोत्सव के दौरान उपस्थित लोग। ● अमृत विचार

महोत्सव की हुई शोभायात्रा में शौका समाज की समृद्ध परंपराएं और सांस्कृतिक धरोहरों का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। शोभायात्रा में शौका समाज के लोग अपने पारंपरिक परिधानों में नजर आए। इस दौरान जोहार की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली। महोत्सव के उद्घाटन पर निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने कहा कि जोहार महोत्सव जैसे आयोजन किसी समाज की संस्कृति को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ, इसके बाद कई मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम समिति के आयोजक नवीन तोलिया ने कहा कि ऐसे आयोजन उत्तराखंड की लोक संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ललित मोहन जोशी रहे और समिति के महासचिव धीरेंद्र सिंह पांगती, संरक्षक गजेंद्र सिंह पांगती, जोहार मिलन केंद्र के अध्यक्ष डीएस धर्मशक्तू, कोषाध्यक्ष धाम सिंह, महिला शौका समिति की अध्यक्ष पुष्पा धर्मशक्तू तोलिया, महासचिव गंगा सिंह धर्मशक्तू और संयोजक कैलाश आदि भी इस मौके पर मौजूद रहे। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।


शोभा यात्रा निकालते पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते शौका समाज के लोग।

### दक्ष और कमल ने गीतों से बांधा समां

महोत्सव का मुख्य आकर्षण उत्तराखंड के दिवंगत लोकगायक पप्पू कार्की और प्रहलाद मेहरा की स्मृति में आयोजित विशेष संध्या रही। इस दौरान जोहार सांस्कृतिक एवं वेलफेयर सोसायटी ने दोनों दिवंगत लोक कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय पप्पू कार्की के बेटे दक्ष ने ऐ जा रे चैत बैशाख मेरो मुनस्यारा और स्वर्गीय प्रहलाद मेहरा के बेटे कमल ने कई लोकगीतों पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर लोकगीतों को सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। लोकगायक गोविंद दिगारी और राकेश पनेरू के गीतों ने भी महोत्सव में चार चांद लगाए।

## नाजिम अध्यक्ष व रमेश बने कार्यकारी अध्यक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चतुर्थ श्रेणी वन कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन हुआ। इस दौरान महासंघ का चुनाव भी हुआ जिसमें नाजिम को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सीसीएफ को ज्ञापन भी दिया।

शुक्रवार को वानिकी प्रशिक्षण अकादमी में महासंघ के निर्विरोध चुनाव हुये। नाजिम सिद्दीकी को प्रदेश अध्यक्ष, प्रताप सिंह नेगी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चरण सिंह को प्रांतीय उपाध्यक्ष, मुन्नी सम्मल को महिला उपाध्यक्ष, रमेश गिरी को कार्यकारी अध्यक्ष, गंभीर सिंह भंडारी को प्रांतीय महामंत्री और पवन कुमार को महामंत्री चुना गया। इनके अलावा त्रिभुवन सिंह नेगी को कुमाऊं मंडल का अध्यक्ष तो वहीं रघुनाथ सिंह गैरोला को गढ़वाल मंडल का अध्यक्ष बनाया गया। मुकेश पांडे को लेखा संप्रेक्षक, बिशन सिंह नेगी को प्रांतीय संरक्षक और दयाकिशन बुधानी को प्रांतीय सलाहकार की जिम्मेदारी दी गई। चुनाव अधिकारी की भूमिका में संजय सनवाल, हरकेश भारती, केदार क्वीरियाल आदि रहे।

## गौरव व मेघा भट्ट ने बाजी मारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आईटीडीए कैल्क (हिल्ट्रॉन) तिकोनिया केंद्र में शुक्रवार को "उमंग 2024" कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच आईटीडीए स्टार ऑफ कैल्क प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गौरव रत्नाकर को प्रथम व मेघा भट्ट को द्वितीय विजेता घोषित किया गया। एकल कार्यक्रम में नीलम आर्या को प्रथम, रक्षित लोहनी को द्वितीय विजेता और सामूहिक कार्यक्रम ग्रुप इवेंट में सोशल मीडिया को प्रथम एवं लोक नृत्य को द्वितीय विजेता घोषित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सेनि. रमेश सिंह और चेयरपर्सन पीडी नैनवाल ने किया। केंद्र की निदेशक प्रतिमा नैनवाल ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र कुलदीप कुमार व छात्रा दुर्वा कांडपाल ने किया। निर्णायक मंडल में एमसी पुनेठा और कैलाश चंद्र तिवारी रहे। इस दौरान इंजीनियर दीपक नैनवाल कुमुद भट्ट, सीमा विष्ट, नवीन जोशी, चन्दन सिंह डांगी, साहिल मल्होत्रा, अभिभावक उपस्थित रहे।



उमंग आईटीडीए कैल्क कार्यक्रम में मौजूद कलाकार व आयोजक। ● अमृत विचार

## व्यापारियों ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की प्रदेश कार्यकारिणी ने बिजली के स्मार्ट मीटर का विरोध किया है। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि ऊर्जा निगम पहले सिस्टम को स्मार्ट बनाए। प्रदेश का ज्यादातर भाग पर्वतीय क्षेत्रों का है जहां पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। लोग जीवन यापन के लिए कठिन परिश्रम करते हैं। ऐसे में स्मार्ट मीटर की प्री-पेड रिचार्ज समाप्त हो जाए तो उन्हें अंधेरे में रहना पड़ेगा। संगठन के प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि पहले पर्यटन और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद करने की आवश्यकता है।

## टक टकाटक कमला... पर झूमे लोग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर हेल्पिंग एंड चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में सबसे पहले सल्ट के मार्चूला में हुए सड़क हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई।

इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी, नवीन पाठक, प्रभाकर जोशी, हर्षिता कोहली और हर्षिता रावत ने शानदार प्रस्तुतियां दी। फौजी ललित मोहन जोशी ने अपना प्रसिद्ध गाना टक टकाटक कमला, नवीन पाठक ने हिट दगड़ी कमला गाना गाकर लोगों को झूमने पर मजबूर किया। प्लेबैक सिंगर प्रभाकर जोशी ने अपने शानदार गानों से दर्शकों का दिल जीत लिया। हर्षिता कोहली ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान 15 राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक विशाल शर्मा ने की।


मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

## गुरपुरब पर निकाली प्रभातफेरी

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार:** साहिब श्री गुरु नानक देव के प्रकाश गुरपुरब के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पहली प्रभातफेरी सुबह पांच बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा से शुरू होकर गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा की ओर निकाली गई। संगत बेस अस्पताल, गुरु नानक पूरा से बसों में बैठ कर चड्डा बिल्डिंग कालटैक्स तक पहुंची और फिर वहाँ से पैदल गुरबाणी गायन करते हुए गुरद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा काठगोदाम पहुंची। जत्थों के रूप में संगत का उत्साह देखते ही बनता था। प्रभातफेरी में संगत ने "ऐसे गुर को बल बल जाईये और सतगुर नानक प्रगटया, मिटी धुंध जग चानण होआ" आदि शबदों का गायन किया। प्रभात फेरी के रास्तों में काठगोदाम की संगत ने पुष्पवर्षा कर प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया। कल भी प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इस दौरान जसपाल सिंघ, अमरजीत सिंघ आनंद वीरेंदर सिंघ चड्डा, रंजीत सिंह, बलजीत सिंह चड्डा, कवालजीत सिंह उप्पल हरविंदर सिंह कुकरेजा, रमनदीप सिंह, रविंदरपाल सिंघ रहे।


प्रभातफेरी में शामिल सिख समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

आस्था

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान, चार दिवसीय छठ महापर्व का हुआ समापन

# जय छठी मईया ऊ जे केरवा जे फरेला खबद से...

संवाददाता हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सूर्य देव और छठी मइया की आराधना का महापर्व छठ पूजा का शनिवार सुबह सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही समापन हो गया। इसी के साथ पूर्वी समाज की व्रती महिलाओं का 36 घंटे का निर्जला व्रत भी पूरा हो गया। व्रत रखने वाले लोगों ने अर्घ्य देने के बाद पारण कर अपना व्रत खोला। इस दौरान शहर के रामपुर रोड, बरसाती नहर और ट्रांसपोर्ट नगर स्थित घाट पर व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजन और श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। अगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा।


रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर शुक्रवार की सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पानी में खड़ी महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

सुबह चार बजे से घाटों पर श्रद्धालु और व्रती महिलाएं पहुंचने लगी। इस दौरान छठ पूजा सेवा समिति की ओर से रामपुर रोड पर लगाए गए पंडाल में सबसे पहले सुबह छठी मईया की पूजा हुई। व्रती महिलाओं ने पूजा कर अपनी संतान और परिवार की सुख शांति मांगी। महिला और पुरुष सुबह चार बजे ही पानी में खड़े हो गये थे। इस दौरान रात के अंधेरे में घाट दियों की रोशनी से जगमगाए रहे। सुबह घाटों पर सूप और डालों को सजाकर लोग रखते गए। छठ व्रत करने वाली महिलाएं सज-धजकर घाटों पर पहुंची। पूजा करने के साथ सूर्य उगने का इंतजार करते रहे। भगवान भाष्कर के उगने का इंतजार करते दिखे।

इस दौरान छठव्रती महिलाओं ने सूर्य की उपासना की। लगभग साढ़े छह बजे सूर्य उगने पर अर्घ्य दिया। इसके बाद पानी में खड़े होकर परिक्रमा कर पूजन किया। इसके बाद व्रत का समापन हुआ। इस दौरान समिति की ओर से प्रसाद में मीठे हलवे की व्यवस्था की गई थी।

समिति अध्यक्ष कृष्णा साह ने बताया कि उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन हो गया है। इस दौरान घाट पर समिति की ओर से पर्याप्त व्यवस्थाएं की गई थी। रंगीन बिजली मालाओं से घाट को सजाने के साथ सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के बाद घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं को ठेकुआ प्रसाद बांटा गया।

### कुमाउनी रंग भी दिखे

पूजा के दौरान कई पूर्वी समाज की महिलाएं कुमाउनी रंगवाली पिछौड़ा ओढ़कर नथ और गलोबंद पहनी नजर आई। इस पर एक महिला श्रद्धालु से बात करने पर जानकारी मिली की कुमाउनी संस्कृति से जुड़ने और रिश्तेदारी होने पर महिलाएं कुमाउनी परिधानों में सजी हुई हैं।


रामपुर रोड स्थित छठ पूजा स्थल पर पूजा करती श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप


शुकलाम्बरा पेपर्स में लगी आग बुझाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### ब्वॉयलर ईंधन में आग से लाखों का नुकसान

**बाजपुर :** अज्ञात कारणों से एक फैक्ट्री परिसर में रखे ब्वॉयलर ईंधन में आग लग गई। करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस अग्निकांड में फैक्ट्री मालिक को करीब 35 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। पुलिस चौकी दोराहा क्षेत्रांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-74 किनारे स्थित शुकलाम्बरा पेपर्स प्रा.लि. में ब्वॉयलर के ईंधन के ढेर में गुरुवार शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। अंदर ही अंदर सुलगी आग का जब तक पता चला तब तक उसने ढेर के काफी बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी भी वाहन लेकर पहुंच गए और आग बुझाने का काम शुरू हुआ। बताया गया कि आग बुझाने में करीब सात घंटे का समय लगा। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। अग्निकांड में करीब 35 लाख रुपये के नुकसान की बात कही जा रही है।


नानकमत्ता में स्वच्छता अभियान चलाते एनएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

### स्वच्छता ही सेवा एवं जन जागरूकता अभियान चलाया

**नानकमत्ता :** राज्य स्थापना दिवस पर पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी संजय गहतोड़ी के नेतृत्व में नगर पंचायत नानकमत्ता के साथ मिलकर स्वच्छता ही सेवा एवं जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया। स्वयंसेवियों की टोली द्वारा नगर में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली गई। वार्ड नंबर 5 में नहर के किनारे स्वच्छता अभियान चलाया गया। नहर के किनारे से छठ पूजा घाट तक स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा भी अभियान में शामिल हुए। इस अभियान में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हरीश जोशी, पूर्व सभासद ओमप्रकाश चौरसिया, रंजीत सिंह, नरेन्द्र सिंह, निकाय के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर हरवंश सिंह आदि मौजूद रहे।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक के पैरों को कुचला

**शक्तिफार्म :** ग्राम सभा बैकुंठपुर निवासी युवक के पैरों के पंजों को ट्रक ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। शक्तिफार्म के बैकुंठपुर ग्रामसभा के अंतर्गत गांव 12 फैमिली निवासी युवक जाकूब अपनी मोटर साइकिल से पराली लाने सिरसा मोड़ जा रहा था। शक्तिफार्म बस अड्डे के निकट पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह नीचे गिर गया। ट्रक के टायर के नीचे पैरों के पंजे आ जाने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर शक्तिफार्म चौकी पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शक्तिफार्म पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रक व चालक को अपने कब्जे में ले लिया है। क्षेत्र के पूर्व सभासद रमेश राय ने सिडकुल से आने जाने वाले बड़े वाहनों को दिन में रोक लगाये जाने की मांग की है।

### वायु प्रदूषण की रोकथाम को आगे आया नगर निगम

**काशीपुर :** नगर निगम की ओर से वायु प्रदूषण को कम करने के लिए खास कदम उठाए जा रहे हैं। निगम पानी के टैंकर से धूल वाली जगहों पर पानी का छिड़काव करा रहा है। शुक्रवार को नगर निगम अपने पानी के टैंकर से अत्यधिक धूल उड़ने वाली जगहों पर पानी का छिड़काव करा रहा है। इसके लिए सुबह एमपी चौक पर पानी का छिड़काव करते दिखा। इसी के साथ विभिन्न जगहों पर भी छिड़काव किया जा रहा है। एमएनए विवेक राय ने बताया कि निगम के टैंकरों को कई जगहों पर पानी के छिड़काव के लिए भेजा जा रहा है। एमपी चौक, स्टेडियम तिराहा, चैती चौराहा व अन्य ऐसी जगहों पर रोजाना सुबह पानी का छिड़काव कर धूल को कम करने की कोशिश की जा रही है।

# आकाश-नासिर का है कई प्रदेशों में आपराधिक इतिहास

## पुलिस मुठभेड़ में घायल चेन स्नेचर का मामला : यूपी, राजस्थान में हैं कई मामले दर्ज, चलते-फिरते कर देते थे चेन लूट की घटनाएं

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए अंतरराज्यीय चेन स्नेचर का यह कोई पहला मामला नहीं, बल्कि जब पुलिस ने तफ्तीश की तो कई प्रदेशों में दोनों का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास मिला। साथ ही पूछताछ में यह भी पता चला है कि घटना को अंजाम देकर अक्सर दूसरे प्रदेशों में भाग जाते थे।

खुलासे के वक्त एसएसपी का कहना था कि घायल बदमाशों से हुई पूछताछ में पता चला कि आकाश-नासिर मूलरूप से बरेली के रहने वाले हैं और शुक्रवार की सुबह ही अपनी अपाची बाइक से बरेली से रुद्रपुर घटना को अंजाम देने आए थे। प्रारंभिक पड़ताल में यह भी पता चला है कि अक्सर बदमाश लूट की वारदात को अंजाम देकर बरेली या फिर बाहरी प्रदेश भाग जाते हैं।

जब बदमाशों का आपराधिक इतिहास खंगाला तो आकाश कुमार के खिलाफ सितारगंज में दो, ट्रांजिट कैंप में एक, कोतवाली रुद्रपुर में एक, मीरगंज बरेली में दो, हाफिजगंज बरेली में एक व सीबीगंज बरेली में पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज है। वहीं नासिर के खिलाफ गैर इरातन हत्या मामले में दो, ट्रांजिट कैंप में एक, कोतवाली में एक व आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज। जांच में यह भी पता चला है कि बदमाशों के विरुद्ध बरेली के अलावा राजस्थान के जयपुर में भी चैन लूट के मुकदमे दर्ज हैं। जिनकी जानकारी जुटाई जा रही है।


घायल आकाश कुमार।


घायल नासिर।

### महिलाओं को बनाते हैं ज्यादातर निशाना

**रुद्रपुर :** मुठभेड़ में घायल आकाश व नासिर की जोड़ी ही हमेशा चेन लूट की घटनाओं को अंजाम देती है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पहले वे पूरे शहर की बाइक से घूम-घूम कर रेकी करते हैं और जब कोई महिला सुनसान इलाके या फिर हाईवे पर अकेली मिलती है तो यह देखते हैं कि महिला के गले में सोने की चेन है या नहीं और मौका पाकर चेन लूटकर फरार हो जाते हैं। पूछताछ में यह भी पता चला है कि बाइक सवार बदमाशों ने ज्यादातर महिलाओं को ही अपना निशाना बनाया है।

### सोने की चेन व तमंचे हुए बरामद

**रुद्रपुर :** मुठभेड़ में घायल आकाश व नासिर को गोली लगने के बाद जब आरोपियों की तलाशी ली गई तो दोनों के कब्जे से पुलिस ने एक 12 बोर व 315 बोर का एक तमंचा व कारतूस बरामद किए। साथ ही रुद्रपुर व ट्रांजिट कैंप थाना इलाके से लूट की दो सोने की चेन भी बरामद की है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त अपाचे बाइक को भी सीज कर दिया है।

### पुलिस ने किए सात राउंड फायर

**रुद्रपुर :** शुक्रवार की सुबह जहां बदमाशों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में बदमाशों ने 12 बोर व 315 बोर के तमंचे से दो-दो राउंड गोलियां चलाईं। वहीं पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अपनी ओर से सात राउंड फायर किए। जिनमें से दो गोलियां बदमाशों के पैरों को चीरती हुई निकल गई और दोनों बदमाश जमीन पर गिर गए। तड़के हुई मुठभेड़ की चर्चा पूरे इलाके में फैली हुई है।

# सितंबर से नवंबर माह तक हो चुकी हैं छह बार मुठभेड़

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** यूपी का सीमावर्ती जिला होने के नाते अक्सर अपराधियों का सुरक्षित स्थान समझे जाने वाले ऊधमसिंह नगर में अब गोली का जवाब गोली से मिलने लगा है। दो माह के आंकड़ों पर नजर डालें तो नये कप्तान के आते ही मुठभेड़ में तेजी आई है और पुलिस ने अब तक छह आदतन अपराधियों को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया है।

सितंबर माह में एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले की कमान संभाली और दूसरे दिन ही यानी 24 सितंबर को जसपुर ज्वैलर्स के साथ लूटपाट की वारदात हुई। घेराबंदी करने के बाद देर रात्रि ही हिस्ट्रीशीटर दिलशाद पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया और 25 सितंबर की रात्रि को लूट का दूसरा आरोपी साजिद भी काशीपुर के मिस्सरवाला में हुई मुठभेड़ में घायल हो गया था। इसके अलावा 17 अक्टूबर को नानकमत्ता के रनसाली रेज में ग्राम टुकड़ी निवासी बलजीत सिंह भी घायल हुआ था।

26 अक्टूबर को थाना पुलभट्टा के शहदौरा में भी पुलिस मुठभेड़ में जसपाल को गोली लगी थी। इसके बाद पीपल पड़ाव वन रेंज में वन विभाग की टीम पर गोलियां चलाकर घायल करने वाला कुख्यात लकड़ी तस्कर संगत सिंह उर्फ संघी निवासी हरिपुरा हरसान को गदरपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद विगत दिनों घायल कर दबोच लिया था। अब पुलिस की छठी मुठभेड़ शुक्रवार की सुबह पांच बजे अंतरराज्यीय चेन स्नेचर के साथ हुई। जिसमें सीबी गंज बरेली यूपी निवासी आकाश कुमार व नासिर पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए।

एसएसपी के दो माह के कार्यकाल में छह मुठभेड़ में आदतन अपराधियों को गोली का जवाब गोली से मिला है। जिनका कई प्रदेशों में लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है।

**सख्त कार्रवाई**

- मुठभेड़ में घायल हो चुके हैं आदतन अपराधी
- एसएसपी के कार्यकाल में गिरफ्तारी का बढ़ा ग्राफ

"जिले में कानून व्यवस्था को कायम रखते हुए बाहरी पेशेवर अपराधियों पर अंकुश लगाना। पुलिस की जिम्मेदारी भी है और उन का दायित्व भी है। ऐसे में यदि कोई अपराधी पुलिस पर गोली चलाकर या फिर संगीन वारदातों को अंजाम देता है तो जिले की पुलिस गोली का जवाब गोली से देगी। जनपद पुलिस हमेशा नागरिकों की सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है और जिसका जैसा व्यवहार होगा उसके साथ वैसा ही व्यवहार किया जाएगा। जिले में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा।"
**-मणिकांत मिश्रा**, एसएसपी, ऊधमसिंह नगर

# शिक्षिका ने की अभद्रता, प्रदर्शन


गुस्साए छात्र नेताओं को समझाते डिग्री कॉलेज के प्राचार्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की शिक्षिका पर पूर्व छात्रसंघ उप सचिव से अभद्रता किए जाने का मामला सामने आया है। इसके खिलाफ छात्र नेताओं ने डिग्री कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। साथ ही शिक्षिका के निष्कासन या फिर स्थानांतरण करने का 24 घंटे का अल्टीमेटम दे दिया है।

शुक्रवार को छात्र नेता कॉलेज परिसर में एकत्रित हुए और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका कहना था कि गुरुवार को पूर्व छात्र उपसचिव के छात्रा के साथ दस्तावेज जमा कराने के संबंध में शिक्षिका के पास गया था। आरोप था कि शिक्षिका ने छात्र नेता के साथ अभद्रता की और कक्ष से बाहर निकाल दिया। इस प्रकार के व्यवहार से जहां छात्र नेता के सम्मान को ठेस पहुंची है। सूचना मिलने पर कॉलेज प्राचार्य प्रो.सर्वजीत सिंह ने छात्रों को समझाने की कोशिश की तो छात्र नेताओं ने 24 घंटे का समय देते हुए शिक्षिका के निष्कासन या फिर स्थानांतरण किए जाने का अल्टीमेटम दे दिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गोपाल पटेल, पूर्व महासंघ उपसचिव देवेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष गौतम पपनेजा, सचिव सचिन वर्मा, कोषाध्यक्ष अनमोल त्रिपाठी, सौरभ राठौर, रचित सिंह, जसवीर गंगवार, अनुभव पाल, नागेंद्र गंगवार, यश धीमान, अंकित गंगवार समेत कई छात्र मौजूद रहे।

### विरोध करने पर 36 लोगों को नोटिस जारी

**बाजपुर :** माइनिंग टीम की ओर से हो ट्रांसपोटरों के साथ हो रही अभ्रदता एवं मिट्टी पर भी रायल्टी लिए जाने के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने पर एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने श्री गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर के अध्यक्ष सरदार कुलविंदर सिंह किंदा सहित 36 लोगों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं किंदा ने कहा है कि लोकतंत्र में अपनी आवाज उठाने का प्रत्येक को अधिकार है, हमने जनहित में शांतिपूर्वक अपनी आवाज उठाई है।

उपजिलाधिकारी आरसी तिवारी ने अपर उपनिरीक्षक कोतवाली बाजपुर की ओर से 25 अक्टूबर 2024 की चालानी व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बाजपुर से अग्रसारित रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए अवगत कराया है कि कुलविंदर सिंह किंदा आदि की ओर से माइनिंग टीम के विरोध में जुलूस निकालकर ज्ञापन दिया गया तथा भविष्य में भी विरोध-प्रदर्शन की तैयारी करने की बात कही गई। जिससे क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग हो सकती है, जिन्हें अधिक से अधिक भारी धनराशि से पाबंद करने का अनुरोध किया गया है। शांति बनाए रखने के लिए छह माह की अवधि हेतु 25 हजार रुपये का व्यक्तिगत बंधपत्र एवं इतनी ही धनराशि की दो प्रतिभूतियों को प्रस्तुत करने को कहा गया है।

# वन विभाग ने दबोचे लकड़ी तस्कर, बरामद किए गिल्टे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पीपल पड़ाव वन रेंज में वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दो लकड़ी तस्करों को दबोच लिया, जबकि दो भागने में सफल रहे। टीम ने मौके से चार बाइक व कई लकड़ी के गिल्टे भी बरामद किए हैं। आरोपियों पर वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

गुरुवार की देर शाम प्रभागीय वन अधिकारी उमेश चंद्र तिवारी व उप प्रभागीय वनाधिकारी शशि देव के आदेश पर मिली सूचना के आधार पर पीपल पड़ाव के वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम के नेतृत्व में सुरक्षा टीम ने ग्राम सेमल चौड़ में दबिश दी। टीम को देखकर बाइक सवार तस्कर पंकज पुरी भाग गया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सेमल चौड़ निवासी सागर सिंह और ठंडा नाला गदरपुर निवासी खलील हुसैन को दबोच लिया।

टीम ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त चार बाइकें व 27 गिल्टे खैर की लकड़ी के बरामद किए। इसके बाद टीम आरोपियों को लेकर वन रेंज कार्यालय ले आई। जहां उन्होंने वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार की सुबह न्यायालय के समक्ष पेश किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**
मेरा नाम आधार कार्ड में KUNDAN SINGH सही दर्ज है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम KUNDUSH SINGH गलत दर्ज है। मैं अपने सभी अभिलेखों में अपना नाम KUNDAN SINGH दर्ज कराना चाहता हूँ। KUNDAN SINGH S/o PURAN SINGH, निवासी ग्राम- अलाविंद्वी, तहसील व ब्लाक खटीमा, जिला उधम सिंह नगर।

### हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल

**नानकमत्ता :** कार और टैंकर की टक्कर में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए सितारगंज ले जाएगा, जिसकी हालत गंभीर बनी है। सितारगंज रोड गुरुद्वारा छवि पातशाही गेट के पास कार यूके 06 ए क्यू 3375 से सुखदेव सिंह निवासी इस्लामनगर नानकमत्ता, सितारगंज की ओर जा रहा था। गुरुद्वारा छेवीं पात शाही गेट के पास पहुंचा तो सामने से आ रहे टैंकर ने जबरदस्त टक्कर मार दी, इससे कार चालक सुखदेव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन पर मुकदमा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर निवासी विवाहिता ने दहेज में दस लाख रुपये व कार की मांग पूरी न करने पर अपने पति पर उसकी अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। साथ ही वीडियो को वायरल करने का पति पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत सास व ससुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सुभाष नगर कॉलोनी निवासी एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 31 नवंबर 2023 को उसका विवाह पड़ोस के एक युवक के साथ हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने करीब 30 लाख रुपए खर्च किये थे, लेकिन शादी के 15 दिन बाद से ही उसका पति, सास व ससुर कम दहेज लाने का ताना देने लगे। जिसके बाद ससुराली पीड़िता से दस लाख रुपये व एक कार लाने की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट कर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने लगे। आरोप लगाया कि इस दौरान उसके पति ने उसकी अश्लील वीडियो बना भी बना ली और दहेज नहीं देने पर वीडियो को वायरल करने के धमकी देने लगा। उधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ससुराल पक्ष के तीन लोगों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**काशीपुर :** कुंडा निवासी विवाहिता ने दहेज में पांच लाख रुपये की डिमांड पूरी नहीं करने पर पति व ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सरवरखेड़ा निवासी हिना ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने एक दिसंबर, 2021 को ग्राम काशीपुर निवासी एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। निकाह के बाद वह अपने ससुराल चली गई। आरोप लगाया कि प्रेम विवाह के चलते दहेज न लाने पर ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट करते थे। आरोप लगाया कि ससुरालियों के उकसावे में पति ने पीड़िता से दहेज में पांच लाख रुपये और मोटरसाइकिल की मांग की। आरोप लगाया कि 24 जून 2024 को दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर पति, ससुर व सास ने पीड़िता के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। तब से वह अपने मायके में रह रही है। उधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**बाइक चोरी का खुलासा** — आरोपियों की निशानदेही पर चाकू व चोरी का मोबाइल भी बरामद, रुद्रपुर व बाजपुर में करते थे चोरी

# चोरी की आठ बाइकों के साथ दो आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पुलिस ने काशीपुर क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आठ बाइक समेत चाकू व चोरी का मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है। जहां से कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

शुक्रवार को कोतवाली में एएसपी अभय प्रताप सिंह ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि पांच व छह नवंबर को कुंडेश्वरी क्षेत्र से तीन अलग-अलग बाइकों के चोरी होने तहरीर पुलिस को मिली थी। साथ ही दो युवकों के मोबाइल फोन चोरी होने की तहरीर मिली थी। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए शुक्रवार को कुंडेश्वरी निवासी अनुज शर्मा व राजेश कुमार को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रुद्रपुर, बाजपुर व अन्य स्थानों में बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर आरोपियों के जसपुर खुर्द के पास से आठ बाइक, मोबाइल, दो चाकू बरामद किए। एएसपी अभय प्रताप ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद बाइक। ● अमृत विचार

### पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं आरोपी

**काशीपुर :** कोतवाली विक्रम राठौर ने बताया कि बाइक चोरी के दोनों आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी राजेश के खिलाफ पूर्व में चोरी के तीन जबकि आरोपी अनुज के खिलाफ चोरी के दो मामले चल रहे हैं।

### कुंडा क्षेत्र से घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**काशीपुर :** कुंडा क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। वहीं पीड़ित बाइक स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम किलावली निवासी गगन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 06 नवंबर 2024 को उसने अपने बड़े भाई गुरचरन सिंह की बाइक संख्या यूके18 एफफ 2182 घर के बाहर बाइक खड़ी की थी। बताया कि जब सुबह घर के बाहर जाकर देखा तो बाइक अपने स्थान पर नहीं थी। उधर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू कर दी है।

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**लेप्टोस्पायरोसिस**

**यह बीमारी क्या है :-**
- लेप्टोस्पायरोसिस एक जीवाणुजनित बीमारी है।
- लेप्टोस्पायरोसिस का बैक्टीरिया चूहे में पाया जाता है।
- चूहे अपने मूत्र में इस जीवाणु का उत्सर्जन करते हैं।

**इस बीमारी के लक्षण :-**
- तेज बुखार, सिर दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते, मांसपेशियों में दर्द, पीलिया, लाल आँखें, पेट में दर्द उल्टी करना, सर्दी-बुखार का होना।

**क्या करें :-**
- खाद्य पदार्थों को चूहों की पहुंच से दूर रखने के लिए ढक कर रखें।
- घर में या आस-पास चूहों को पनपने न दे।
- यदि आप किसान है तो खेतों में काम करते समय रबर के जूते (boot) पहनें।
- पानी भरी जगह से दूरी बनाएं और संक्रमित जानवरों से बचें।
- शरीर के घावों को जलरोधी पट्टियों या ड्रेसिंग से ढ़के, अगर बाढ़ के पानी या अन्य पानी में चलने से बचना सम्भव न हो।
- घर लौटने के बाद अपने पैरों और हाथों को अच्छी तरह से धो लें।

**क्या न करें :-**
- ऐसे ताजे पानी या मिट्टी को छूने से बचें, जो पशु मूत्र से दूषित हो सकती है।
- ऐसी वस्तुओं को छूने से बचें, जो पशु मूत्र से संदूषित हो सकती हैं, जैसे कि पशु बिस्तर।
- रूके हुए पानी में न चलें। यह बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल हो सकता है।
- मानसून काल में नंगे पैर चलने से बचें।
- बाढ़ के पानी या झीलों, नदियों या दलदलों के पानी में न चलें, न तैरें।

**लक्षण दिखने पर बिना देर किए डॉक्टर से सम्पर्क करें।**

अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम सरकारी अस्पताल में सम्पर्क करें अथवा कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दूरभाष संख्या 05944-250100 पर किसी भी कार्यालय दिवस पर सम्पर्क कर सकते है।

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ऊधम सिंह नगर**
Programme for Prevention and Control of Leptospirosis (PPCL)
**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधम सिंह नगर**
संख्या :- एन०एच०एम०/पी०पी०सी०एल०/2024-25/10551 दिनांक :- 07-11-2024

उत्तराखण्ड शासन



"माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरुप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

# राज्य स्थापना दिवस
9 नवम्बर

## की हार्दिक शुभकामनाएं



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



# विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) रैंकिंग में उत्तराखण्ड देश में प्रथम स्थान पर
- नकल विरोधी कानून का असर, तीन साल में रिकार्ड 17,500 से अधिक सरकारी रोजगार, आगे की भर्ती प्रक्रिया गतिमान
- राज्य आन्दोलनकारियों के लिए सरकारी सेवा में 10% क्षैतिज आरक्षण
- पिछले 20 माह मे जी एस डी पी में 1.3 गुना वृद्धि, प्रति व्यक्ति आय में पिछले 2 वर्षों मे 26 प्रतिशत बढ़ोतरी
- हाउस ऑफ हिमालयाज़ उत्तराखण्ड के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों को अन्तर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की मजबूत पहल
- नई फिल्म नीति के तहत उत्तराखण्ड की कुमाऊँनी, गढ़वाली, जौनसारी आदि क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों को कुल लागत का 50% अथवा 2 करोड़ तक सब्सिडी
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30% क्षैतिज आरक्षण
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) नीति के माध्यम से ओद्यौगिक निवेश को प्रोत्साहन
- स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिये रु. 200 करोड़ के वेंचर फण्ड की स्थापना
- भ्रष्टाचार की शिकायत हेतु 1064 एप तथा 1905 सी.एम. हेल्पलाइन
- को-ऑपरेटिव बैंको तथा सहकारी समितियों में महिलाओं के लिये 33% आरक्षण
- दीन दयाल उपाध्याय होम-स्टे योजना, राज्य में 5000 से अधिक होम-स्टे पंजीकृत
- उत्तराखण्ड राज्य के शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुदान राशि को कई गुना बढ़ाते हुए 50 लाख तक किया गया तथा एक आश्रित को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान




**देवभूमि रजत उत्सव**
9 नवंबर 2024-25 | उत्तराखण्ड

**निवेशकों की पहली पसंद बनता उत्तराखण्ड**

- अच्छा व्यावसायिक वातावरण
- निवेश अनुकूल नीतियां
- अच्छी कानून व्यवस्था
- बेहतर कनेक्टिविटी

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

- प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन का सफल आयोजन
- समान नागरिक संहिता जल्द होगी लागू
- उधमसिंहनगर के खुरपिया फार्म में केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाऊनशिप की स्वीकृति
- हल्द्वानी में होगी खेल विश्वविद्यालय की स्थापना
- प्रदेश में 4 हजार से अधिक क्लस्टरों में जैविक कृषि
- राजकीय और सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें
- बहुप्रतीक्षित बहुउद्देशीय जमरानी, सोंग और लखवाड़ बांध परियोजनाओं पर कार्य गतिमान
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना, ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते रोजगार के अवसर, सोलर प्लांट स्थापित करने पर MSME के अंतर्गत 50% तक सब्सिडी
- रेल, रोड़, रोपवे और एयर कनेक्टिविटी का विस्तार
- उत्तराखण्ड में जबरन धर्मान्तरण पर रोक लगाने के लिए एक सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून लागू किया गया
- दंगा विरोधी कानूनः अब दंगाइयों पर कड़ी कारवाई करने के साथ ही दंगे में होने वाली सार्वजनिक सम्पत्ति के नुकसान की भरपाई भी दंगाइयों से ही की जाएगी
- महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने हेतु लखपति दीदी योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ऋण बिना ब्याज के
- मुख्यमंत्री अंत्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल किए जा रहे हैं
- उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न देशों के उद्योगपतियों द्वारा 3.56 लाख करोड़ के एमओयू हस्ताक्षरित, लगभग 85 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउंडिंग गतिमान

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

मूर्खशिष्योपदेशेन दुष्टास्त्रीभरणेन च।
दु:खितै: सम्प्रयोगेण पण्डितोऽप्यवसीदति॥

मूर्ख शिष्य को पढ़ाने पर, दुष्ट स्त्री के साथ जीवन बिताने पर तथा दुखियों- रोगियों के बीच में रहने पर विद्वान व्यक्ति भी दुखी हो ही जाता है।

## संपादकीय

# आसियान और भारत

सिंगापुर के साथ विकसित हो रही साझेदारी द्वारा उजागर आसियान के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी, गहन आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है। पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाओस में शिखर सम्मेलन के दौरान भारत-आसियान व्यापक साझेदारी को मजबूत करने के लिए 10 सूत्री योजना की घोषणा कर चुके हैं। शुक्रवार को सिंगापुर में आसियान-'इंडिया नेटवर्क ऑफ थिंक टैंक्स' के आठवें गोलमेज सम्मेलन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत और आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन) के सदस्य जनसंख्या के लिहाज से बड़े देश हैं और उनका सहयोग समसामयिक मुद्दों के समाधान, खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा म्यांमार जैसे साझा क्षेत्र में राजनीतिक चुनौतियों से निपटने में अहम हो सकता है। महत्वपूर्ण है कि भारत व आसियान के बीच बहुपक्षीय संबंधों का विकास देश में आर्थिक उदारीकरण के बाद से शुरू हुआ और पिछले दशक में भारत-आसियान व्यापार 130 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। गौरतलब है कि सिंगापुर के साथ भारत का जुड़ाव आसियान के साथ अपने व्यापक संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करता है चूंकि भारत अपनी 'एक्ट ईस्ट' नीति को गहरा करना चाहता है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपने प्रभाव का विस्तार करना चाहता है, इसलिए सिंगापुर के साथ संबंधों को बढ़ाना रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है। आसियान, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित सुरक्षा ढांचे में एक केंद्रीकृत स्थान रखता है। इसका अधिकांश व्यापार समुद्री सुरक्षा पर निर्भर है। यानी भारत को आर्थिक और सुरक्षा दोनों कारणों से आसियान देशों के साथ घनिष्ठ राजनयिक संबंध की आवश्यकता है।

आसियान देशों के साथ संपर्क से भारत को इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये संपर्क परियोजनाएं पूर्वोत्तर भारत को केंद्र में रखती हैं, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों का आर्थिक विकास सुनिश्चित होता है। आसियान देशों के साथ बेहतर व्यापार संबंधों का अर्थ होगा इस क्षेत्र में भारत के लिए आर्थिक वृद्धि एवं विकास। भारत एवं आसियान देशों के संबंध किसी भी प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा एवं दावेदारी से मुक्त हैं और दोनों के पास भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण है, जो समावेशन एवं एकीकरण, सभी राष्ट्रों की सार्वभौमिक समानता तथा व्यापार और पारस्परिक संबंधों के लिये स्वतंत्र एवं खुले मार्गों के समर्थन पर आधारित है। भारत और आसियान की अर्थव्यवस्था साथ मिलकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकती है। ऐसे में भारत को सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे तकनीकी रूप से उन्नत आसियान देशों के साथ संयुक्त रक्षा उत्पादन पहल पर भी विचार करना चाहिए।

# भारतीय उद्यमशीलता की परंपराओं के प्रतीक थे रतन टाटा



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

> रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे।

> युवाओं के लिए रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

आज रतन टाटा जी के निधन को एक महीना हो रहा है। पिछले महीने आज के ही दिन जब मुझे उनके गुजरने की खबर मिली, तो मैं उस समय आसियान समिट के लिए निकलने की तैयारी में था। रतन टाटा जी के हमसे दूर चले की जाने की वेदना अब भी मन में है। इस पीड़ा को भुला पाना आसान नहीं है। रतन टाटा जी के तौर पर भारत ने अपने एक महान सपूत को खो दिया है... एक अमूल्य रत्न को खो दिया है।

आज भी शहरों, कस्बों से लेकर गांवों तक, लोग उनकी कमी को गहराई से महसूस कर रहे हैं। हम सबका ये दुख साझा है। चाहे कोई उद्योगपति हो, उभरता हुआ उद्यमी हो या कोई प्रोफेशनल हो, हर किसी को उनके निधन से दुख हुआ है। पर्यावरण रक्षा से जुड़े लोग समाज सेवा से जुड़े लोग भी उनके निधन से उतने ही दुखी हैं और ये दुख हम सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में महसूस कर रहे हैं।

युवाओं के लिए रतन टाटा एक प्रेरणास्रोत थे। उनका जीवन, उनका व्यक्तित्व हमें याद दिलाता है कि कोई सपना ऐसा नहीं जिसे पूरा ना किया जा सके, कोई लक्ष्य ऐसा नहीं जिसे प्राप्त नहीं किया जा सके। रतन टाटा जी ने सबको सिखाया है कि विनम्र स्वभाव के साथ, दूसरों की मदद करते हुए भी सफलता पाई जा सकती है। रतन टाटा जी भारतीय उद्यमशीलता की बेहतरीन परंपराओं के प्रतीक थे। वो विश्वसनीयता, उत्कृष्टता और बेहतरीन सेवा जैसे मूल्यों के अडिग प्रतिनिधि थे। उनके नेतृत्व में, टाटा समूह दुनिया भर में सम्मान, ईमानदारी और विश्वसनीयता का प्रतीक बनकर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा। इसके बावजूद, उन्होंने अपनी उपलब्धियों को पूरी विनम्रता और सहजता के साथ स्वीकार किया।

दूसरों के सपनों का खुलकर समर्थन करना, दूसरों के सपने पूरा करने में सहयोग करना, ये रतन टाटा के सबसे शानदार गुणों में से एक था। हाल के वर्षों में वो भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का मार्गदर्शन करने और भविष्य की संभावनाओं से भरे उद्यमों में निवेश करने के लिए जाने गए। उन्होंने युवा आंत्रप्रेन्योर की आशाओं और आकांक्षाओं को समझा, साथ ही भारत के भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता को पहचाना। भारत के युवाओं के प्रयासों का समर्थन करके, उन्होंने नए सपने देखने वाली नई पीढ़ी को जोखिम लेने और सीमाओं से परे जाने का हौसला दिया। उनके इस कदम ने भारत में इनोवेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप की संस्कृति विकसित करने में बड़ी मदद की है। आने वाले दशकों में हम भारत पर इसका सकारात्मक प्रभावजरूर देखेंगे।

रतन टाटा जी ने हमेशा बेहतरीन क्वालिटी के प्रॉडक्ट बेहतरीन क्वालिटी की सर्विस पर जोर दिया और भारतीय उद्यमों कोग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करने का रास्ता दिखाया। आज जब भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तो हम ग्लोबल बेंचमार्क स्थापित करते हुए ही दुनिया में अपना परचम लहरा सकते हैं। मुझे आशा है कि उनका ये विजन हमारे देश की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेगा और भारत वर्ल्ड क्लास क्वालिटी के लिए अपनी पहचान मजबूत करेगा।

रतन टाटा जी की महानता बोर्डरूम या सहयोगियों की मदद करने तक ही सीमित नहीं थी। सभी जीव-जंतुओं के प्रति उनके मन में करुणा थी। जानवरों के प्रति उनका गहरा प्रेम जगजाहिर था और वे पशुओं के कल्याण पर केन्द्रित हर प्रयास को बढ़ावा देते थे। वो अक्सर अपने डॉग्स की तस्वीरें साझा करते थे, जो उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा थे। मुझे याद है, जब रतन टाटा जी को लोग आखिरी विदाई देने के लिए उमड़ रहे थे तो उनका डॉग 'गोवा' भी वहां नम आंखों के साथ पहुंचा था।

रतन टाटा जी का जीवन इस बात की याद दिलाता है कि लीडरशिप का आकलन केवल उपलब्धियों से ही नहीं किया जाता है, बल्कि सबसे कमजोर लोगों की देखभाल करने की उसकी क्षमता से भी किया जाता है।

रतन टाटा जी ने हमेशा, नेशन फर्स्ट की भावना को सर्वोपरि रखा। 26/11 के आतंकवादी हमलों के बाद उनके द्वारा मुंबई के प्रतिष्ठित ताज होटल को पूरी तत्परता के साथ फिर से खोलना, इस राष्ट्र के एकजुट होकर उठ खड़े होने का प्रतीक था। उनके इस कदम ने बड़ा संदेश दिया कि–भारत रुकेगा नहीं भारत निडर है और आतंकवाद के सामने झुकने से इनकार करता है।

व्यक्तिगत तौर पर, मुझे पिछले कुछ दशकों में उन्हें बेहद करीब से जानने का सौभाग्य मिला। हमने गुजरात में साथ मिलकर काम किया। वहां उनकी कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर निवेश किया गया। इनमें कई ऐसी परियोजनाएं भी शामिल थीं, जिसे लेकर वे बेहद भावुक थे। जब मैं केन्द्र सरकार में आया, तो हमारी घनिष्ठ बातचीत जारी रही और वो हमारे राष्ट्र-निर्माण के प्रयासों में एक प्रतिबद्ध भागीदार बने रहे। स्वच्छ भारत मिशन के प्रति रतन टाटा का उत्साह विशेष रूप से मेरे दिल को छू गया था। वह इस जन आंदोलन के मुखर समर्थक थे। वह इस बात को समझते थे कि स्वच्छता और स्वस्थ आदतें भारत की प्रगति की दृष्टि से कितनी महत्वपूर्ण हैं। अक्टूबर की शुरुआत में स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगांठ के लिए उनका वीडियो संदेश मुझे अभी भी याद है। यह वीडियो संदेश एक तरह से उनकी अंतिम सार्वजनिक उपस्थितियों में से एक रहा है।

कैंसर के खिलाफ लड़ाई एक और ऐसा लक्ष्य था, जो उनके दिल के करीब था। मुझे दो साल पहले असम का वो कार्यक्रम याद आता है, जहां हमने संयुक्त रूप से राज्य में विभिन्न कैंसर अस्पतालों का उद्घाटन किया था। उस अवसर पर अपने संबोधन में, उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि वो अपने जीवन के आखिरी वर्षों को हेल्थ सेक्टर को समर्पित करना चाहते हैं। स्वास्थ्य सेवा एवं कैंसर संबंधी देखभाल को सुलभ और किफायती बनाने के उनके प्रयास इस बात के प्रमाण हैं कि वो बीमारियों से जूझ रहे लोगों के प्रति कितनी गहरी संवेदना रखते थे।

मैं रतन टाटा जी को एक विद्वान व्यक्ति के रूप में भी याद करता हूं-वह अक्सर मुझे विभिन्न मुद्दों पर लिखा करते थे, चाहे वह शासन से जुड़े मामले हों, किसी काम की सराहना करना हो या फिर चुनाव में जीत के बाद बधाई सन्देश भेजना हो। अभी कुछ सप्ताह पहले, मैं स्पेन सरकार के राष्ट्रपति पेड्रो सान्चेज के साथ वडोदरा में था और हमने संयुक्त रूप से एक विमान फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस फैक्ट्री में सी-295 विमान भारत में बनाए जाएंगे। रतन टाटा ने ही इस पर काम शुरू किया था। उस समय मुझे रतन टाटा की बहुत कमी महसूस हुई। आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हमें उस समाज को भी याद रखना है जिसकी उन्होंने कल्पना की थी। जहां व्यापार, अच्छे कार्यों के लिए एक शक्ति के रूप में काम करे, जहां प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता को महत्व दिया जाए और जहां प्रगति का आकलन सभी के कल्याण और खुशी के आधार पर किया जाए। रतन टाटा जी आज भी उन जिंदगियों और सपनों में जीवित हैं, जिन्हें उन्होंने सहारा दिया और जिनके सपनों को साकार किया। भारत को एक बेहतर, सहृदय और उम्मीदों से भरी भूमि बनाने के लिए आने वाली पीढ़ियां उनकी सदैव आभारी रहेंगी।

## प्रसंगवश

# कनाडा जाने का नशा शायद कम हो



रवि अरोड़ा
वरिष्ठ पत्रकार

भारत और कनाडा के बीच दिन-प्रतिदिन खराब होते जा रहे संबंधों को हो सकता है आप कोई अच्छी खबर न मानते हों, मगर मेरी नजर में तो यह कोई घाटे का सौदा नहीं है। आतंकी निज्जर की हत्या के मामले में अमित शाह का नाम उछाले जाने पर भारत ने कनाडा का, जो कान उमेठा है उससे दुनिया में देश की जहां मूंछ ऊंची हो ही रही है वहीं आर्थिक लाभ भी हो रहा है। कम से कम पंजाब के हवाले से तो यह बात सोलह आने सच ही है।

पंजाब जहां पर पैदा होने वाले हर बच्चे के कान में पहला शब्द कनेडा ही पड़ता हो, जहां स्कूल जाने से पहले बच्चे को कनेडा जाने का सपना थमा दिया जाता हो, जहां गांव के गांव खाली हो चुके हों और अधिकांश जवान आदमी कनाडा जैसे मुल्कों में जा बसे हों वहां संबंधों में खटास जैसी खबरें कनाडा के प्रति पंजाबियों की दीवानगी थोड़ी बहुत तो कम करती ही है। इन खबरों से यह उम्मीद भी तो बनती है कि शायद इससे ही सही पंजाब में ब्रेन-ड्रेन थम जाए और पंजाब फिर से युवाओं से आबाद हो सके।

आंकड़े बताते हैं कि कनाडा में अब भारतीयों की आबादी पांच फीसदी से अधिक हो चुकी है और उनमें से अधिकांश पंजाबी हैं। दस साल में पंजाबियों की आबादी वहां डेढ़ गुना बढ़ कर 10 लाख से अधिक हो गई है और स्टूडेंट वीजा पर कनाडा गए तीन लाख 40 हजार युवा इस आबादी को अभी और बढ़ाने की जुगत में हैं। इनमें से 60 फीसदी पंजाबी ही हैं। इन छात्रों के कॉलेजों की फीस आदि के नाम पर हर साल 68 हजार करोड़ रुपया देश से बाहर जा रहा है। यहां यह बताना बेहद जरूरी है कि पंजाब का सालाना बजट ही सवा लाख करोड़ के आसपास रहता है। हो सकता है कि तस्वीर का यह रुख आपको पसंद न आए और आप कहें कि ये पंजाबी ही तो हैं, जो कनाडा जैसे समृद्ध देश में भारतीयों का नाम रोशन कर रहे हैं और अब तो वहां 18 सांसद सिख भी चुने जा चुके हैं।

पंजाबी वहां अंग्रेजी और फ्रेंच के बाद सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है और अब कनाडा में भी हम दूसरा भारत बसाने जा रहे हैं तो जरा ठहरिए और तस्वीर का एक और रुख भी देख लीजिए। ताजा जमीनी हालात यह हैं कि बड़े-बड़े सपने लेकर कनाडा गए हमारे लाखों युवा आजकल वहां अपने जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। छात्र वीजा पर कनाडा गए तीस फीसदी छात्रों को भी आजकल वर्क परमिट नहीं मिल रहा है और वे अपने परिवारों से हर माह पैसे मंगवाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। पिछले छह साल में वहां महंगाई तीन गुना से अधिक बढ़ गई है, मगर स्थाई नागरिकता के बिना नौकरियां अब वहां सपने सरीखी हो गई हैं।

भारतीयों के बढ़ते दबदबे और उदंडता से परेशान कनाडा सरकार अब उन्हीं छात्रों को वर्क परमिट देती है, जो सरकारी कालेजों में पढ़ाई करते हैं और प्राइवेट कॉलेज और यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेने वाले छात्र खाली बैठे रह जाते हैं। बदले हालात के चलते वहां की सरकार अब नए लोगों को नागरिकता देने की बजाय उन लोगों के प्रति अधिक गंभीर हो रही है, जो पहले से ही वहां की नागरिकता पा चुके हैं। अब से दस-पंद्रह साल पहले कनाडा जा बसे लोग पहले साल ही अपनी कार ले लेते थे और एक दशक में घर के मालिक भी बन जाते थे, मगर अब बैंक ऋण आसानी से उपलब्ध होने के बावजूद कनाडा में मकान बनाना लगभग नामुमकिन होता जा रहा है।

टोरंटो और वेंकूवर जैसे बड़े शहरों में एक कमरे का मकान ही कई कई करोड़ रुपये का हो गया हो तो भला कैसे कोई मकान का सपना देख सकता है? उधर, किराए पर मकान लेने जाओ तो तनख्वाह का आधे से अधिक किराए में ही चला जाता है। हालात यह हो गए हैं कि बीस-बीस साल पहले कनाडा गए लोग भी अपने घरों के बेसमेंट में रह रहे हैं और बाकी घर किराए पर देकर बढ़ती महंगाई और बढ़ी बैंक की किश्तों का मुकाबला कर रहे हैं। कनाडा से दोस्ती की पैरोकारी में व्यापार की दुहाई दी जाती है, मगर कनाडा से व्यापार भी भारत के लिए कोई फायदे का सौदा नहीं है। हमारा मुल्क कनाडा से साढ़े चार अरब डॉलर का आयात करता है और केवल पौने चार अरब डॉलर का ही निर्यात करता है।

बेशक कनाडा सरकार ने छह लाख करोड़ भारत में निवेश किए हुए हैं और वहां की छह सौ कंपनियां भी भारत में सक्रिय हैं, मगर यह सारे आंकड़े भारत से हर साल ट्यूशन फीस के नाम पर कनाडा जाने वाली मोटी रकम के सामने फीके हैं। कुल जमा बात यह है कि भारत कनाडा संबंधों में बनी दूरी कम से कम इतना फायदा तो अब हो ही सकता है कि भारतीयों का कनाडा जाने का नशा शायद कुछ कम हो और नहीं तो कम से कम पंजाबियों को ही थोड़ी बहुत अक्ल आ जाए।

# महाराष्ट्र में दलित-मुस्लिम एकता का बेमेल प्रयास



डॉ. फैयाज अहमद फैजी
वरिष्ठ लेखक

> पाकिस्तान बनवाने के आंदोलन में दलित समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को मंडल, मुस्लिम लीग से जोड़ने में कामयाब भी रहे।

महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव का बिगुल बज चुका है। राजनीतिक दलों की नूरा-कुश्तियां भी अपनी चरम पर हैं। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा के नेतृत्व में महायुती और कांग्रेस के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी के बीच ही है। इसके इतर वहां और भी कई छोटी-छोटी पार्टियां अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उनमें मुख्य रूप से मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे पाटिल हैं। उनकी पहचान मराठाओं को ओबीसी कैटेगरी में समाहित करने के आंदोलन से होती है। मनोज जरांगे पाटिल ओबीसी और दलितों को इकट्ठा करके चुनाव लड़ने की तैयारी में है। उन्हें अब मौलाना सज्जाद नोमानी का भी साथ मिल गया है। मौलाना ने इसे मराठा, दलित और मुस्लिम गठजोड़ बताया है।

अजीब विडंबना है कि सज्जाद नोमानी एक तरफ जाति वर्ग मराठा और दलित की बात करते हैं तो दूसरी तरफ धार्मिक पहचान मुस्लिम की बात करते हैं, उन्हें मुस्लिम धर्म में मौजूद पिछड़ा, दलित यानी पसमांदा समाज दिखाई नहीं देता है। यहां यह बात ध्यान देने की है कि खलील उर रहमान सज्जाद नोमानी ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रवक्ता है, जो अशराफ वर्ग से आते हैं। बामसेफ के साथ भी सज्जाद नोमानी का दलित और मुस्लिम गठजोड़ पहले से ही चल रहा है। दलित मुस्लिम एकता के पीछे यह बात बताई जाती है कि दलित और मुस्लिम दोनों पीड़ित और वंचित हैं इसलिए दोनों को साथ मिलकर काम करना चाहिए। अगर थोड़ा ध्यान से देखा जाए तो ये दलित-मुस्लिम एकता न होकर हिंदू दलित और शासक वर्गीय अशराफ मुस्लिम की एकता का राग है, जिसमें देशज पसमांदा का कोई हिस्सा नजर नहीं आता है। इस तरह की एकता के पीछे अशराफ की राजनीतिक महत्वाकांक्षा स्पष्ट रूप से दिखती है। अशराफ एक तरफ तो दलितों के मन में यह बात बैठाने में कामयाब होता है कि इससे उसका आंदोलन तेज होगा और मांगों में मजबूती आएगी और दलित-मुस्लिम एकता मुसलमानों से ज्यादा दलितों की सत्ता के लिए जरूरी है और मुस्लिम सत्ता प्राप्ति के बाद उनके पीछे रहेगा। दूसरी ओर पसमांदा को धर्म और धार्मिक एकता के नाम पर यह झांसा देता है कि जब दलितों की मदद होगी तो हर जगह से अल्पसंख्यक होने के बाद भी मुसलमान आसानी से जीत दर्ज कर लेगा।

मनोज जरांगे पाटिल, राजरत्न आंबेडकर, आनंदराज आंबेडकर व उनकी टीम को ये समझने की जरूरत है कि जब अशराफ के पास इस देश में प्रत्यक्ष सत्ता थी तो उस समय दलितों को सम्मान क्यों नहीं दिया? उलट अशराफ मुस्लिम शासकों ने दलित-आदिवासी का हर तरह से दमन ही किया। भारत में अपने सदियों की सत्ता में दलित-पसमांदा का न सिर्फ दोहन किया है, बल्कि विपरीत परिस्तिथियों में भी जो दलित-पसमांदा किसी भी प्रकार से शासन सत्ता में पहुंच बना पाए थे, उनको उनकी जाति की पहचान (इसके लिए बाकायदा निकाबत नाम एक विभाग हुआ करता था) करके सत्ता से बाहर कर दिया और फिर यह सुनिश्चित भी किया कि ये लोग शासन के करीब भी न फटकें। इसको यहां एक और उदाहरण से समझा जा सकता है। मुस्लिम लीग ने दलित समाज के नेता योगेंद्र नाथ मंडल को अपने साथ दलित और मुस्लिम गठजोड़ के नाम पर जोड़ा था और उन्हें दलित मुस्लिम एकता की घुट्टी पिलाई थी। पाकिस्तान बनवाने के आंदोलन में दलित समाज के एक बहुत बड़े वर्ग को मंडल, मुस्लिम लीग से जोड़ने में कामयाब भी रहे। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन प्लान से लेकर बंगाल की मुस्लिम लीग की सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव में समर्थन करने तक मंडल ने खुलकर मुस्लिम लीग का साथ दिया। सिलहट के जनमत में जहां हिंदू-मुस्लिम की जनसंख्या लगभग बराबर थी तो जिन्ना ने मंडल को भेजा और उन्हें वहां जाकर दलितों को पाकिस्तान के पक्ष में राय देने को कहा और इस प्रकार मंडल के सहयोग से सिलहट पाकिस्तान को मिला।

पाकिस्तान बनने के बाद अशराफ लीडरशिप द्वारा अनुसूचित जाति के पृथक निर्वाचन की लगातार अनदेखी की नीति से मंडल पर अशराफ वर्ग का धोखा खुल गया, जिससे व्यथित मंडल भारत लौट आते हैं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। अशराफ उनकी नैतिक, राजनैतिक और वैचारिक हत्या कर चुका था, जबकि शारीरिक रूप से वो 1968 तक जीवित रहे। भारत में अगर अशराफ दलितों के अधिकारों को लेकर इतना ही चिंतित हैं तो वो अपने संगठनों में दलितों को भागेदारी क्यों नहीं देते? इनकी नियत इनके इतिहास से आसानी से समझा जा सकता है। अतः मनोज जरांगे पाटिल, राजरत्न आंबेडकर, आनंदराज आंबेडकर व उनकी टीम को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए और इस देश के बहुजन/ दलित/ पिछड़े/ आदिवासी आंदोलन को वंचित पसमांदा को लेकर चलने का प्रयास करना चाहिए जो उनके भाई ही हैं, भले ही उनकी आस्था बदल गई हो, लेकिन उनकी समस्याएं लगभग एक तरह की हैं।

## सोशल फोरम

# अपराधियों की शरण स्थली



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

किसी विदेशी राजनीतिक चिंतक का कथन है कि "राजनीति किसी दुष्ट का अंतिम सहारा है"। समाचार चैनल छठ पर्व की पूजा के दृश्यों से भरे हुए हैं। अनेक स्थानों पर राजनीति से जुड़े महानुभाव पहुंचे हैं और धर्मपत्नी ने कहा कि नेता लोग सभी जगह पहुंच जाते हैं।


चर्चा हुई कि नेता बनने के लिए किसी शैक्षिक योग्यता या प्रतियोगी परीक्षा की आवश्यकता नहीं होती है। केवल जन संपर्क ही चुनाव मैदान में जीतने का साधन है और इस तरह के मेले या आयोजन उनके लिए जनसंपर्क का सरल उपाय है। छठ पर्व निरोगी काया, संतना सुख और समृद्धि के लिए मनाया जाता है, किंतु नेता लोगों का सर्वसुख तो चुनाव जीतना है और उसके लिए जनसंपर्क जरूरी है।

अब वह समय तो नहीं रहा कि अंग्रेजी सरकार की चमचागिरी कर जेल में दो-चार किताबें लिख लो, अंग्रेजों की चमचागिरी कर सत्ता प्राप्त कर लो, इतिहास के पन्ने बदल दो आदि। या क्रांतिकारियों की तरह बलिदान दो, जेल में यातना सहो या नेता जी की तरह सर्वस्व निछावर कर दो सत्ता तो मिलने से रही। इस कथन को उद्धृत करने का मेरा आशय किसी को इंगित करना नहीं है और न किसी की भावना को आहत करना है और न ही पॉलिटिक्स से जुड़े महानुभाव सभी इस कथन की परिभाषा में आते हैं, लेकिन 1989 के बाद कुछ काल के उप्र के इतिहास, पिछले कुछ सालों से दिल्ली राज्य की सत्ता के समाचार इस कथन की ओर ध्यान खींच लेते हैं।

स्काउन्ड्रल शब्द सुनने में आकर्षक है, लेकिन इसके हिंदी रुपांतरण सुनने में अप्रिय हैं यद्यपि समाज में ऐसे लोगों की बहुतायत है और उनके लिए भी कुछ जॉब तो होने ही चाहिए। हो सकता है कि कुछ विशेष किस्म के लोगों के लिए हम भी इस शब्द से सुशोभित किए गए हों। आजकल बहुत समय से दिल्ली के नए मुख्यमंत्री आवास या इसके विश्वकर्मा के समाचार नहीं आ रहे हैं? सब कुशल मंगल तो है?

**-फेसबुक वॉल से**

# विचारों की स्वतंत्रता और सीमा



कौस्तुभ आनन्द चंदोला
वरिष्ठ पत्रकार


> मीरा हिंदी के अनन्य भक्त कवियों की तरह लोक जीवन की स्मृति में सम्मानित जीवंत रचनाकार रही हैं। तत्कालीन रूढ़ियों और स्त्रियोचित मूल्यों को लांघने से जितनी मान-प्रतिष्ठा खोई उससे कहीं अधिक उन्हें समाज ने दी वह इसलिए कि उनका श्रीकृष्ण के प्रति पवित्र प्रेम था।

**विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान**

भारतीय समाज या कहें वृहत्तर हिंदू समाज में असहमतियों को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। विषयों पर वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का चलन था, शास्त्रार्थ को सम्मान प्राप्त था। कहा गया है, बातों व विचारों को हथियार से नहीं तर्क से काटो, लेकिन ऐसा भी नहीं कि यही सिद्धांत एक मात्र सिद्धांत था। सहमति और असहमति का दौर सदा रहा है तभी तो समाज जीवंत समाज रहेगा, समय काल परिस्थितियों के अनुसार नियम व समाज बदलता है, जो नहीं बदला वह टूट गया, समाप्त हो गया, लेकिन कभी-कभी असहमतियां विवाद का कारण बन वैमनस्यता तक बढ़ जाती है तो फिर असहिष्णुता का रूप धारण कर लेती हैं। इसीलिए विचारों, रुढ़ियों, परंपराओं, कुरितियों पर असहमति और विरोध हो सकता है, लेकिन व्यक्तिगत लांछन, आक्षेप, मतभेद की जगह मनभेद को जन्म देते हैं। मीराबाई पर अनेक विद्वानों ने तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था, सामंतवाद और रुढ़िवादिता पर प्रहार करते कई पुस्तकें लिखीं, लेकिन किसी ने भी मीराबाई के चरित्र को लांछित करते हुए, उनका कोई सांसारिक मनुष्य प्रेमी होना नहीं लिखा है। उनका जीवन स्वच्छंद, किंतु पवित्र रहा है।

मैनेजर पांडेय लिखते हैं- "मीरा के प्रेम में आत्मसमर्पण और आत्मविश्वास का अनुपम मेल है, उनका आत्मसमर्पण आत्म विसर्जन नहीं है। उस प्रेम में गोविंद के सामने आत्मसमर्पण है तो सामंती शक्तियों के विरोध की दृढ़ता भी है।" वे पुनः लिखते हैं- "मीरा सामंती सत्ता की तुच्छता सामने लाकर उसके आतंक, भय तथा प्रलोभन से मुक्ति की प्रेरणा देती है और अपने प्रेम की श्रेष्ठता सिद्ध करती है।" पांडेय आगे लिखते हैं- "मीरा का विद्रोह एक विकल्पहीन व्यवस्था में अपनी स्वतंत्रता के लिए विकल्प की खोज करती है। उसको विकल्प के खोज के संकल्प की शक्ति भक्ति से मिली है। यह भक्ति आंदोलन का क्रांतिकारी महत्व है। मीरा की कविता में सामंती समाज और संस्कृति की जकड़न से बेचैन स्त्री स्वर की मुखर अभिव्यक्ति है।" इस तरह मीरा हिंदी के अनन्य भक्त कवियों की तरह लोक जीवन की स्मृति में सम्मानित जीवंत रचनाकार रही हैं। तत्कालीन रूढ़ियों और स्त्रियोचित मूल्यों को लांघने से जितनी मान-प्रतिष्ठा खोई उससे कहीं अधिक उन्हें समाज ने दी वह इसलिए कि उनका श्रीकृष्ण के प्रति पवित्र प्रेम था। यदि उनका प्रेम किसी सांसारिक व्यक्ति से होता तो क्या उन्हें ऐसा सम्मान मिल पाता? लेखक 'कंवल भारती' ने 'भक्ति साहित्य का पुनर्पाठ' में मीराबाई के संदर्भ में केरल में दिए अपने व्याख्यान (जिसे अमृत विचार के 5 नवंबर 2024 के अंक में प्रकाशित किया गया है।) में कुछ अनर्गल बातें कही हैं, जो स्वीकार योग्य नहीं है। उन्होंने कृष्ण की परम भक्त को, उनकी भक्ति को लांछित किया है। उन्होंने अपने कथ्य के कोई प्रमाण नहीं दिए, न ही उसे एक संभावना के तौर पर बताया। विचारों की असहमति जैसा मैं पूर्व में लिख चुका हूं स्वीकार्य है, लेकिन अप्रमाणिक, अनर्गल, तथ्यों के आधार पर आक्षेप लगाना स्वीकार योग्य नहीं हैं।

# ग्रामीण बैंकों के विलय का चौथा चरण



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

वित्त मंत्रालय ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय का चौथा चरण शुरू कर दिया है। इसके तहत, यूपी समेत विभिन्न राज्यों में 15 आरआरबी का वजूद खत्म हो जाएगा। विलय के बाद क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 43 से घटकर 28 रह जाएगी।

वित्तीय सेवा विभाग ने सरकारी बैंकों के प्रमुखों को भेजे पत्र में कहा, कृषि-जलवायु या भौगोलिक प्रकृति और आरआरबी की समुदायों के साथ निकटता बनाए रखने के लिए एक राज्य-एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के लक्ष्य को हासिल करने के वास्ते इन बैंकों को और अधिक समेकित करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

जानकारों के अनुसार विलय की इस प्रक्रिया में जिन राज्यों के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय होगा, उनमें आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, गुजरात, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उड़ीसा शामिल हैं। दावा किया जा रहा है कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय हो जाने से बैंकों की सर्विस तुलनात्मक तौर पर अधिक बेहतर और किफायती हो सकेगी। एक राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक होने से उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और ऑपरेटिंग कॉस्ट में कमी आएगी। विलय की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए फाइनेंशियल सर्विस डिपार्टमेंट ने सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंकों से 20 नवंबर तक सुझाव देने के लिए भी कहा है। उल्लेखनीय है कि पूरे देश में ग्रामीण बैंकों की 22000 से अधिक शाखाएं हैं, जिनमें करीब 30 करोड़ जमा खाते और तीन करोड़ लोन खाते संचालित हो रहे हैं अभी जुलाई माह में ग्रामीण बैंकों के उनके स्पॉन्सर बैंक में विलय की मांग उठी थी। माना जा रहा था कि स्पॉन्सर बैंक में विलय से ग्राहक सेवा बेहतर होगी और स्टाफ की कमी से जूझ रहे ग्रामीण बैंकों को संजीवनी मिल सकेगी, परंतु ऐसा न कर सरकार ने अलग अलग ग्रामीण बैंकों के समेकन का कदम उठाया है। इसका फायदा किसे मिलेगा यह तो आने वाला समय ही बता सकता है।

## एक नजर

### अमित श्रीवास्तव को मिली पीएचडी की उपाधि



**किच्छा :** किशनपुर निवासी डॉ. अमित श्रीवास्तव को मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल डेवलपमेंट संस्था के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं तथा 50 से अधिक सरकारी योजनाओं को संचालित करने में आईएसडी संस्था अपना महत्वपूर्ण योगदान दे चुकी है। विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र के अंतर्गत उनके शोध "एन एनालिसिस ओन द सेल्फ हेल्प ग्रुप ऑफ़ वीमेन एंड इट्स कंट्रीब्यूशन टू देयर सोसियो इकोनॉमिक डेवलपमेंट एंड एक्टिविटीज फॉर वेलफेयर एट उत्तराखंड" विषय पर उन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

**बाजपुर।** बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। मोहल्ला मझरा बक्श वार्ड नंबर-9 निवासी शकील (45) पुत्र अब्दुल रसीद दूध का कार्य करता है। गुरुवार की देर रात वह बाइक से होटल में खाना खाने के लिए बाजार आ रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच रामराज रोड पर केशोवाला की ओर से आ रहे ग्राम नमूना संतोषपुर निवासी बिलाल अहमद (24) पुत्र हामिद अहमद की बाइक से उसकी आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों घायल हो गए। घटना में दोनों बाइकें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं।

### मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जोशी ने संभाला चार्ज



**रुद्रपुर :** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. आशुतोष जोशी ने पदभार ग्रहण कर लिया है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जोशी इससे पहले टिहरी में पशुपालन विभाग में तैनात थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों को विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने की है। यहां बता दें कि विगत दिनों मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसवी पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद यह पद रिक्त चल रहा था।

'कजा आएगी इक दिन' पुस्तक का विमोचन, विधायक तिलक राज बेहड़ ने लिया जायजा, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

# शांतिपुरी में तीन दिवसीय किताब कौतिक शुरू



शांतिपुरी के जवाहरनगर में आयोजित किताब कौतिक के उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।



पुस्तकों का अवलोकन करते मुख्य अतिथि विधायक तिलक राज बेहड़।

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** जवाहरनगर सैम मानेकशॉ ग्लोबल स्कूल में क्रियेटिव उत्तराखण्ड की ओर से आयोजित तीन दिवसीय पंतनगर किताब कौतिक का रंगारंग शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक तिलक राज बेहड़, उत्तराखंड क्रांतिदल के संरक्षक व पूर्व विधायक काशी सिंह ऐरी, पंतनगर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बीएस बिष्ट व स्वतंत्रता सेनानी आश्रित एवं उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी दिवान सिंह बिष्ट ने दीप जलाकर संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कवि केपी सिंह विकल बहराइची द्वारा लिखित गजल संग्रह पर आधारित पुस्तक 'कजा आएगी इक दिन' का विमोचन किया। आयोजक मण्डल की ओर से अतिथियों को सम्मानित किया। विद्यालय की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

किताब कौतिक में लेखक सुरेश नौटियाल, पुष्कर भट्ट, इसरो के वैज्ञानिक भुवन भट्ट, दयाल पांडे, हेम पंत, कांग्रेसी नेता राजेश प्रताप सिंह, कार्यक्रम संयोजक उमेश टाट्टू, बसंत पाण्डे, विद्यालय प्रबंधक सेनि कर्नल आरसी जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# एसबीआई के प्रिंटर खराब

संवाददाता, खटीमा



**अमृत विचारः** भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखाओं की प्रिंटिंग मशीनें खराब चल रही हैं। सैनिक बाहुल्य एवं व्यावसायिक गतिविधियों के प्रमुख क्षेत्र खटीमा में एसबीआई की यहां तीन शाखाएं हैं। लेकिन इस बैंक के हजारों खातेदार अपने खाते की पासबुक में एंट्री कराने को लेकर परेशान चल रहे हैं। एसबीआई की प्रमुख शाखा सितारगंज रोड में है। जबकि दूसरी शाखा पीलीभीत रोड तथा तीसरी शाखा टनकपुर रोड पर ग्राहक सेवा के लिए चलती हैं। तीनों शाखाओं की पासबुक एंट्री करने वाली मशीनें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इन शाखाओं के बैंक कर्मी खातेदारों को पासबुक एंट्री कराने के नाम पर एक दूसरी शाखा में भेजते हैं। टनकपुर रोड स्थित बैंक की प्रिंटिंग मशीन के संबंध में यहां खड़े गार्ड से बताया कि मशीन दूसरी शाखा के खातेदारों की पासबुक के बारकोड को एक्सेप्ट नहीं कर रही है। एसबीआई की शाखाओं की खराब मशीनों से खातेदारों को अपने खाते की जानकारी, लेन-देन के बाद अवशेष राशि की जानकारी से वंचित रहना पड़ रहा है।

> भारतीय स्टेट बैंक की खटीमा शाखा की प्रिंटिंग मशीनों की खराबी के संबंध में संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाएगा। खातेदारों की सुविधा के लिए प्रिंटिंग मशीनें जल्द ठीक करायी जाएगी। वित्तीय संस्थान बेहतर ग्राहक सेवा के लिए वचनबद्ध है। **-मनोहर जंगपांगी, लीड बैंक अधिकारी रुद्रपुर**

# चेक वितरण में अनियमितता पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## बग्घा कॉलोनी एवं राजीव नगर की महिलाओं ने एसडीएम को घेरा



खटीमा में एसडीएम रविन्द्र सिंह बिष्ट का घेराव करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** 8 अगस्त की बाढ़ विभीषिका में अपना सब कुछ गंवा चुके मेलाघाट रोड बग्घा कॉलोनी एवं राजीव नगर की महिलाओं ने तहसील परिसर पर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने एसडीएम रविन्द्र सिंह बिष्ट का घेराव कर उन्हें स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश के बाद भी उन्हें अहैतुक राशि के चेक नहीं बांटे जा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन चेक वितरण कार्य में हीलाहवाली कर रहा है। पात्रों के बजाय चेक कुपात्रों एवं अपने चहेतों को दिये जा रहे हैं। एसडीएम बिष्ट ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए कहा कि तहसीलदार की मौजूदगी में चेक वितरण कार्य किया जाएगा।

इस दौरान अल्का मेहरा, चन्द्रा वल्दिया, गुड़िया मेहरा, गीता जोशी, रेनू, लीला देवी, किरन देवी, गोविन्दी देवी, दीपा धामी, मंजू देवी, निर्मला, जानकी, मोहनी, कमला, लक्ष्मी देवी, गिरजा शंकर तिवारी, कुन्दन सिंह, गोविन्द सिंह मेहरा आदि मौजूद थे। प्रभारी तहसीलदार पूजा शर्मा ने कहा कि बग्गा कॉलोनी, राजीव नगर सहित अन्य स्थानों के बाढ़ पीड़ितों को अहेतुक राशि के चेक वितरण के मामले में कार्रवाई होगी। चेक वितरण कार्य में लापरवाही बरतने पर कार्यवाही की जाएगी।

### काशीपुर को जिला बनाने की सीएम से की मांग

**काशीपुरः** जनजीवन उत्थान समिति के एक शिष्टमंडल ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने काशीपुर को शीघ्र जिला बनाए जाने की मांग की। शुक्रवार को जनजीवन उत्थान समिति का एक शिष्टमंडल एसडीएम कार्यालय पहुंचा। जहां उन्होंने एसडीएम अभय प्रताप सिंह को सौंपे ज्ञापन में समिति अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि काशीपुर को जिला बनाए जाने की मांग सबसे पुरानी मांग है। कहा कि काशीपुर 45 वर्ष पूर्व जिला बन गया होता, तो आज काशीपुर विकास की ऊंचाइयों को छू रहा होता। इस दौरान भास्कर त्यागी एडवोकेट, सैयद आसिफ अली, पंकज कश्यप, संजीव कुमार, रईस अहमद, अमृतपाल सिंह, नवजोत सिंह, देवांग मिश्रा, सैयद इफरा आदि मौजूद रहे।

### पुआल से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज की

**खटीमाः** सत्रहमील पुलिस ने पुआल से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज किया। पुलिस इससे पहले गन्ने की पताई से भरी ट्रैक्टर ट्राली भी सीज कर चुकी है। इस अवसर पर चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, हरेंद्र थापा, विपिन कुमार, रोहित कुमार आदि थे।

# पिथौरागढ़ में होगी दो दिवसीय प्रादेशिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा



पत्रकारों से वार्ता करते एकल अभियान के कार्यक्रम आयोजक। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** खेलकूद कार्यक्रम प्रभारी भारत भूषण चुघ ने बताया कि एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब द्वारा आगामी 10 और 11 नवंबर को पिथौरागढ़ के सुरेंद्र सिंह बल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रादेशिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन हो रहा है। जिसमें एकल अभियान सुदूरवर्ती गांवों के बच्चों को खेलों के प्रति सजग बनाया जाएगा और प्रतिभा निखारने का मौका दिया जाता है।

शुक्रवार को खेलकूद कार्यक्रम प्रभारी चुघ ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि सभी वनवासी एवं सुदूरवर्ती बच्चों को क्लब के माध्यम से ग्राम, ब्लॉक एवं जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर तक कबड्डी, कुश्ती, ऊंची कूद, लंबी कूद जैसे खेलों के प्रति सजग बनाया जाता है और राष्ट्र निर्माण के अलावा व्यक्तित्व निर्माण का कार्य भी होता है। यह मुहिम देश के एक लाख गांवों में संचालित है। एकल अभियान के संभाग संगठन मंत्री अरविंद कनौजिया ने बताया कि प्रतिस्पर्धा में प्रदेश के 400 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 8 से दस फरवरी 2025 को भुवनेश्वर उड़ीसा में राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतिस्पर्धा होगी। पिथौरागढ़ में होने वाली प्रादेशिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ सीएम पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, अभियान के राष्ट्रीय संगठन प्रभारी माधवेंद्र सिंह, प्रन्याशी मंडल, स्नेह पाल सिंह, मयूख महर विधायक पिथौरागढ़ द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर गोविंद महर, निर्मला पांडे, कमल बोरा, कैलाश जोशी, ज्योत्सना जोशी, आदेश जिंदल, दीपक लोहिया, भावना उपाध्याय, पिंकी चौहान, राजेंद्र खनका, बिशन सिंह भाटिया, दयानंद भट्ट, प्रमिला बोरा आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

▸▸ **एकल अभियान के तहत होंगी प्रतियोगिताएं**



श्री महाकालेश्वर मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### श्री महाकालेश्वर मंदिर में सुंदरकांड के साथ भंडारा

**खटीमा :** श्री महाकालेश्वर मंदिर में भोले बाबा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अंतिम दिन पूजा अर्चना के बाद भव्य भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना प्रसाद वितरण कार्यक्रम पंडित महंत नारायण मुदगल एवं पंडित पुजारी चन्द्रशेखर भट्ट ने संपन्न किया। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सूरज शर्मा, जगदीश प्रसाद गोयल, विधायक भुवन कापड़ी, कविता कापड़ी, रजनी अग्रवाल, मोहनी पोखरिया, उमेश राठौर बॉबी, रंदीप पोखरिया, जितेंद्र वर्मा, अनिल बत्रा, बीना बत्राआदि मौजूद थे।

# पहली बार लिखित परीक्षा देकर नियुक्त हुए आयोगों के अध्यक्ष

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** पहली बार लिखित परीक्षा पास कर उत्तराखंड के उपभोक्ता आयोगों के तीन अध्यक्ष और दो सदस्य नियुक्त हुए हैं। हालांकि राज्य उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष के लिए कोई योग्य उम्मीदवार नहीं मिल सका। जिला आयोगों के चयनित अध्यक्ष भी दूसरे राज्यों के है।

काशीपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग के लोक सूचना अधिकारी से उपभोक्ता आयोगों में अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति संबंधी सूचनी सांगी थी। नदीम को उपलब्ध सूचना में बताया गया कि उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में राज्य/जिला अध्यक्ष व सदस्यों के कुल 13 रिक्त पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी। राज्य उपभोक्ता आयोग के पद के सापेक्ष कोई भी अर्ह अभ्यर्थी नहीं मिल सका।

राज्य उपभोक्ता आयोग के सदस्य (न्यायिक) पद पर आगरा निवासी मुकेश कुमार सिंघल, देहरादून निवासी चन्द्र मोहन सिंह चयनित हुए हैं। जिला उपभोक्ता आयोग अक्षों के तीन पदों पर सतना निवासी पुष्पेंद्र खरे, देवरिया निवासी गग्रेन कुमार गुप्ता के राजीव कुमार खरे चयनित हुए हैं। देहरादून के जिला उपभोक्ता आयोग सदस्य के पद पर फिरोजाबाद के अरुण कुमार उत्तरकाशी के अमरेश रावत 165, टिहरी के सदस्य पद पर सागर (मध्य प्रदेश) के राकेश सिंह नेगी, पिथौरागढ़ के सदस्य पद पर नैनीताल के रबिन्दर सिंह चयनित हुए। हरिद्वार जिला आयोग की सदस्य पड़े (महिला) पद पर आगरा की रंजना गोयल, उधमसिंह नगर की सदस्य (महिला) पद पर मुजफ्फरनगर की डा. मनीला, उत्तरकाशी की सदस्य (महिला) पद पर मेरठ की रंजना चयनित हुई हैं। जिला उपभोक्ता आयोग उधमसिंह नगर के अध्यक्ष राजीव कुमार खरे ने 25 अक्तूबर 2024 को ग्रहण कर लिया गया है।



जीजीआईसी पंतनगर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा देती छात्राएं। ● अमृत विचार

### 15 हजार बच्चों ने दी भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा

**पंतनगर :** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ओर से शुक्रवार को जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा 5-12 एवं डिग्री स्तर पर आयोजित यह परीक्षा जिले के सरकारी एवं निजी 178 विद्यालयों में हुई, जिसमें 15 हजार से अधिक छात्र शामिल हुए। परीक्षा के जिला संयोजक यशवंत सिंह ने बताया इस परीक्षा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में भारतीय संस्कृति का समावेश करना है। क्योंकि भारतीय संस्कृति को विश्व संस्कृति का पर्याय माना गया है। इस परीक्षा के आयोजन में गायत्री परिवार के योगेंद्र सिंह पुष्प, सर्वेश रस्तोगी, दिग्विजय सिंह, महेश राजपूत, भुवन चंद जोशी, माधवानंद थुवाल, पंकज कुमार व यशपाल सिंह आदि का योगदान रहा।

राज्य स्थापना दिवस

डीएम ने किया स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना, तीन पर्यावरण पर्यवेक्षक हुए सम्मानित

# नगर निगम ने चलाया स्वच्छता ही सेवा महाअभियान

संवाददाता, रुद्रपुर



पर्यावरण पर्यवेक्षकों को सम्मानित करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखंड राज्य स्थापना रजत जयंती उत्सव वर्ष के उपलक्ष्य में नगर निगम की ओर से स्वच्छता ही सेवा महाअभियान एवं जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान गांधी पार्क से स्वच्छता अभियान व स्वच्छता जागरूकता रथ को जिलाधिकारी व प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान तीन पर्यावरण पर्यवेक्षकों को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया।

शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हमें प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देना चाहिए। हमें अपने घर, मोहल्ला, शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूण योगदान देना होगा व सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि न हम कूड़ा करेंगे न करने देंगे की थीम को लेकर समाज को जागरूक करेंगे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण मित्रों को और सुविधाएं देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम की अपनी कोई भूमि नहीं है इसलिए नगर निगम को नजूल भूमि प्राथमिकता से आवंटित की जायेगी। नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल ने सभी से नगर को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई।

इस दौरान सेवा कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पर्यावरण पर्यवेक्षक सुनील कुमार, करम सिंह दानू व राजपाल को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, नगर निगम एम्बेसडर डॉ. आशुतोष पंत समेत जनता इंटर कॉलेज, आनाझा राजकीय इंटर कॉलेज छात्र, पर्यावरण मित्र, स्वंयसेवी संगठनों ने प्रतिभाग किया।

### डीएम ने लिया वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रों व सीसीटीवी कैमरों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सहायक निर्वाचन अधिकारी को निर्देश दिए कि वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी जाए और सीसीटीवी कैमरे के स्टोरेज ब्रेकअप पर भी नजर रखी जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, तहसीलदार दिनेश कुटोला, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पांडे आदि उपस्थित थे।

# बेहड़ ने जनसंवाद में सुनीं समस्याएं

संवाददाता, शांतिपुरी



शांतिपुरी में जनसभा को संबोधित करते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** शांतिपुरी क्षेत्र में विधायक तिलकराज बेहड़ ने जवाहरनगर, शांतिपुरी नंबर एक, शांतिपुरी नंबर दो व शांतिपुरी नंबर तीन नया प्लाट में चार अलग-अलग स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जनसंवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

इस दौरान उन्होंने ग्राम शांतिपुरी नंबर एक में 1300 मीटर सड़क का निर्माण व सैनिक स्मारक के ऊपर टिनशेड बनाने की घोषणा की। ग्राम शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन परिसर में जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक बेहड़ ने ग्रामीणों की बिजली, पानी, खेतों की पीचिंग, सिंचाई नलकूप, राशन कार्ड आदि की समस्याओं को सुना और अधिकांश समस्याओं का तत्काल समाधान किया। कार्यक्रम का संचालन युवा कांग्रेसी बिशनसिंह कोरंगा ने किया। विधायक बेहड़ ने जवाहरनगर शिव मंदिर परिसर, जनमिलन केन्द्र शांतिपुरी नंबर एक व शांतिपुरी नंबर चार नया प्लाट में भी नुक्ड़ सभाएं कर लोगों के इन्द्रा आवास, सड़क, नाली, पेंशन, बिजली व राशन कार्ड आदि समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान नारायण सिंह बिष्ट, राजेश प्रताप, विनोद कोरंगा, राजेन्द्र शर्मा, मोहन पाण्डे, दिग्मबर प्रसाद जोशी, प्रधान विमला कैलाश जोशी, प्रधान चंद्रकला कोरंगा, देवी दत्त उपाध्याय, देवेन्द्र कोरंगा, फौजी चंचल सिंह कोरंगा, प्रेम आर्या, बीडी जोशी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### स्मैक के साथ गिरफ्तार अध्यापक को किया निलंबित

**जसपुर :** स्मैक के साथ गिरफ्तार किए गए अध्यापक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। जसपुर विकासखंड के गांव मनोरथपुर तृतीय के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक कमलेश चौहान को पुलिस ने 3 नवंबर को सत्यापन के दौरान उसके घर जसपुर के मोहल्ला नत्था सिंह से स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मुकदमा कायम कर जेल भेज दिया था। उप शिक्षाधिकारी जसपुर द्वारा संबंधित प्रकरण की पत्रावली तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी गई थी। शिक्षा अधिकारी ने उक्त आरोपी अध्यापक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए से निलंबित कर दिया है।

### बाइक से टकराकर बालक घायल, एक युवक पकड़ा

**बाजपुर :** पैदल घर जा रहे दस वर्षीय बालक को बाइक सवार तीन युवकों ने चपेट में ले लिया जिसे घायलावस्था में नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि दो युवक भागने में सफल रहे। गुरुवार को ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी हर्षित उर्फ हर्ष (10) पुत्र राजपाल गांव में ही स्थित एक क्लीनिक से पैदल घर की ओर जा रहा था। इटव्वा-बन्नाखेड़ा मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवकों ने हर्षित को चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने एक आरोपी बाइक सवार को पकड़ लिया, जबकि उसके दो साथी मौके से फरार होने में सफल रहे।

### बस से टकराकर मोटरसाइकिल सवार घायल

**जसपुर :** बस से टकराकर मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जसपुर के मोहल्ला नत्था सिंह बाल्मीकि बस्ती निवासी विमल कुमार मोटरसाइकिल से जा रहा था। तभी शाम करीब 6:30 बजे नगर के सिंघल नर्सिंग होम के पास उसकी मोटरसाइकिल किसी कारणवश बस से टकरा गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार हेतु स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।


दिनेशपुर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**दिनेशपुर :** वार्ड-दो में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार की दोपहर में वृंदावन से आयी कथावाचक बिंद्रा देवी के सानिध्य में महिलाओं द्वारा निकली भव्य कलश यात्रा से हुआ। श्रद्धालुओं द्वारा 'हरे कृष्णा- हरे राम' के भजन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शुक्रवार को दोपहर नगर के वार्ड- दो में वृंदावन से आईं कथावाचक वृंदा देवी के सानिध्य में तीन दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ नगर में भव्य कलशयात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलशयात्रा में शामिल हुईं। कलश यात्रा के दौरान हरिभक्तों ने श्रीकृष्ण भक्ति में सराबोर होकर 'हरे कृष्णा, हरे रामा...' भजन गाकर वातावरण भक्तिमय कर दिया। अनुष्ठान में निवर्तमान चैयरमैन सीमा सरकार, कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी राय, सविता राय, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, उर्मिला, प्रतिमा, लिपिका, कामोलिका, मिनती, समाजसेवी सत्यजीत विश्वास, पत्रकार एलबी राय, शंकर कविराज, विक्की राय, नित्यानंद मंडल, सुब्रत कुमार तरफदार, विजय ढाली आदि मौजूद रहे।

### छात्रों को दी चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग की ओर से यूके कान्वेंट इंटर कॉलेज में बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने छात्र-छात्राओं को बाल अधिकार, पॉक्सो अधिनियम, बाल विवाह, बाल श्रम, किशोर न्याय अधिनियम एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी। साथ ही शॉर्ट फिल्म के माध्यम से स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। प्रचार-प्रसार के लिए पम्पलेट बांटे गये। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक और 200 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

### ट्रेफोर्ड चकरपुर की छात्रा विद्या ने जीता स्वर्ण

**खटीमा :** ट्रेफोर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर की छात्रा विद्या पोखरिया ने राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।



पंतनगर में 7 नवंबर को आयोजित राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता में ट्रेफोर्ड स्कूल छात्रा विद्या पोखरिया ने प्रतिभाग करते हुए अंडर 14 में 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। विद्या के स्कूल पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन ने जोरदार स्वागत किया। छात्रा की सफलता पर प्रबंधक निदेशक पुष्कर चंद, डायरेक्ट चंद्रा चंद, प्रधानाचार्य मनोहर सिंह रौका, प्रशासक भुवन चंद्र पंत, बलवीर सिंह खोलिया, योगेंद्र सिंह आदि ने बधाई दी है।

### खनन माफियाओं को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**नानकमत्ता :** खनन करने पहुंचे माफियाओं को ग्रामीणों ने खदेड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख माफिया ट्रैक्टर ट्रॉली और खुरपा मशीन लेकर भाग खड़े हुए। गुरुवार को देर रात्रि मिट्टी खनन माफिया ने थाना क्षेत्र के टुकड़ी गांव में जब अवैध खनन का काम शुरू किया तो ग्रामीण ने ट्रैक्टर ट्रॉली की आवाज सुनकर जाग गये और मिट्टी के अवैध खनन का विरोध कर 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया जैसे ही मौके पर पुलिस पहुंची तो खनन माफिया अपने ट्रैक्टर ट्रॉली और मिट्टी भरने की खुपा मशीन लेकर फरार हो गए।

# ड्यूटी के दौरान घायल हुए श्रमिक की मौत

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** ड्यूटी के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए प्राइवेट फैक्ट्री के श्रमिक की मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मच गया।

गांव अंगदपुर निवासी सुरेंद्र सिंह (42 वर्ष) पुत्र चंद्रपाल सिंह गांव राजपुर स्थित प्राइवेट फैक्ट्री नेक्टाफ्रेश में मजदूरी करता था। वह ड्यूटी के दौरान गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस पर फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे जसपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया। सुरेंद्र की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही उसकी मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

#### दो-तीन दिन से ही ड्यूटी पर जा रहा था सुरेंद्र

**जसपुर :** परिजनों ने बताया कि सुरेंद्र ने फैक्ट्री में दो-तीन दिन से ही ड्यूटी पर जाना शुरू किया था। वह ठेकेदार के माध्यम से ड्यूटी कर रहा था।

#### मृतक आश्रितों चार लाख रुपये देने की घोषणा

**जसपुर :** फैक्ट्री मालिक ने मृतक आश्रितों को 4 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इस पर मृतक के परिजनों ने सहमति व्यक्त की है। बताया गया कि मृतक के कोई पुत्र नहीं है, उसकी चार पुत्रियां हैं।

#### तीन वर्ष पूर्व हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया था

**जसपुर :** करीब तीन वर्ष पूर्व सुरेंद्र एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जबकि इस सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी।


रुद्रपुर में छठ घाट पर लगी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार


बाजपुर में उगते हुए सूर्यदेव को सामूहिक रूप से अर्घ्य अर्पित करतीं व्रती महिलाएं। ● अमृत विचार

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व

## छठ घाटों पर सुबह चार बजे से ही उमड़ने लगे थे श्रद्धालु, छठ मईया के भजनों से गुंजायमान हुए घाट, जनप्रतिनिधियों ने भी की शिरकत

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पूर्वांचल समाज का पावन पर्व छठ उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद संपन्न हो गया है। पूजा अर्चना कर निर्जला व्रतधारियों ने भोजन का सेवन किया और छठ मईया से सुख समृद्धि की कामना की।

शुक्रवार की सुबह तीन बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु धोबी घाट, पैराडाइज झील, अटरिया, नारायणपुर, कीरतपुर, गंगापुर में बने छठ घाटों पर पहुंचने शुरू हो गए। पांच बजे तक छठ घाटों पर आस्था का सैलाब उमड़ पडा। सूर्य की पहली किरण धरती पर पड़ते ही छठ मईया के भजनों की धुन से घाट गुंजायमान हो गए। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय सहित तमाम जन प्रतिनिधियों ने पानी में खड़े होकर सूर्य की आराधना की। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, सचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा, संयोजक दुर्गेश मौर्य, गिरधारी लाल गुप्ता, संजय गुप्ता, उपेंद्र गिरि, लालू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

वहीं भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा ने सुबह शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न छठ घाटों पर पूजा अर्चना की। इधर नगला नगर पालिका परिषद क्षेत्र में भाजपा नेता व निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने भी नगला के विभिन्न छठ घाटों पर पूजा अर्चना की। इस मौके पर राजू यादव, राम यादव, सुंदर, कमल सिंह, विदेशी प्रसाद, नीरज गुप्ता, मयंक, हरीश जोशी, ध्रुव जोशी, सिद्धार्थ जोशी, विक्की बंटी आदि मौजूद रहे।

**शांतिपुरी।** श्रद्धालुओं ने गोलगेट के नर्मदेश्वर शिवमंदिर, ग्राम आनन्दपुर, शिवपुरी नंबर छह समेत सभी स्थानों पर बने स्थाई व अस्थाई छठ घाटों पर बने जलकुंड में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। यहां मीरा, सुनीता, गायत्री, गंगा, मीना, कविता, द्रोपती, शतावरी, नीलम, शोभा, अनीता, आरती, पूजा, लक्ष्मी, राखी, ममता, अंजू, प्रीती, रेनू, गरिमा, ज्योति, पीहू, नीलम, सोनाक्षी मौजूद रहीं।


शक्तिफार्म में भगवान सूर्य की आराधना करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### शक्तिफार्म में भी सुख समृद्धि की कामना की

**शक्तिफार्म :** पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पर्व पर महिलाओं ने डूबते व उगते सूर्य को अर्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने शुक्रवार प्रातः शक्तिफार्म मुख्य बाजार स्थित छठ पूजा स्थल, तिलियापुर, बसगर स्थित छठ घाट पहुंचकर उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर सूर्य भगवान की आराधना की। इस अवसर पर प्रभा रावत, बिमलावती देवी, दुर्गावती देवी, रेनू, पूनम, कौशल्या, सोना देवी, ममता, सुभावती, संगीता मंडल, पुष्पा, प्रियंका सिंह, गायत्री देवी, पुष्पलता सिंह, दीप माला सिंह, हेमलता सिंह आदि मौजूद थीं।


खटीमा में खिलाड़िया के छठ घाट पर लोगों को बधाई देते विधायक भुवन कापड़ी।

### विधायक कापड़ी ने छठ मैया का लिया आशीर्वाद

**खटीमा।** छठ महापर्व पर नगर के संजय रेलवे पार्क स्थित सरोवर के पास पूरी रात छठ मैया की स्तुति में भव्य आयोजन हुआ और विशाल भंडारा आयोजित किया गया। नगर के अतिरिक्त मेलाघाट, खिलड़िया, बगुलिया, झनकईया, दिया, नौसर, बंडिया, जमौर मोहम्मदपुर भूड़िया, सूनपहर, गांगी, वन महोलिया, झाऊ, मझोला, सरपुड़ा, बग्गा आदि ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुनील रैदानी, रमेश जोशी, मनोज वाधवा, उदय प्रताप सिंह, कमला सिंह, आरए सिंह, एसपी सिंह, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, जगदीश प्रसाद गोयल, संडे अग्रवाल आदि थे। विधायक भुवन चंद्र कापड़ी ने शुक्रवार सुबह विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचकर छठ मैया का आशीर्वाद लिया।


शांतिपुरी के गोलगेट नर्मदेश्वर शिवमंदिर में उगते सूर्य को अर्घ्य देतीं महिलाएं।

### लेवड़ा नदी की नहर किनारे छठ पूजा की

**बाजपुर।** सहकारी चीनी मिल से सटकर गुजर रही लेवड़ा नदी की माइनर नहर किनारे बने घाट पर सामूहिक रूप से छठ पूजा की गई। शुक्रवार की प्रातः जैसे ही सूर्य देव के उगने की तिथि प्रारंभ हुई महिलाओं ने पूजा अर्चना कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि स्थापित करने की कामना की। इस दौरान निवर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, निवर्तमान सभासद मुकुंद शुक्ला, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष महिपाल सिंह यादव आदि ने छठ पूजा स्थल पर प्रसाद वितरण किया।

### किच्छा में छठ पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़


छठ मैया की पूजा करता दंपती।

**किच्छा।** छठ पूजा पर नगर के किशनपुर, आवास विकास, तिवारी फॉर्म, चीनी मिल कॉलोनी, गोकुल नगर, लालपुर, इंदरपुर, राघव नगर, आनंदपुर, नारायणपुर, खुरपिया फॉर्म, पुलभट्टा, धौराडैम एवं नमक फैक्ट्री सहित तमाम स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। किशनपुर में वरिष्ठ समाजसेवी संजीव कुमार सिंह द्वारा छठ पूजा को लेकर विशेष व्यवस्था कराई गई और छठ पर्व के मौके पर पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर सोनी सिंह, धनंजय सिंह, नवीन सिंह, ब्रह्मानंद, विशाल चौहान, शोभित शर्मा, वीरेंद्र वर्मा, विवेक राय, मनोज यादव, रोहित शर्मा, राजेंद्र वर्मा, अभिषेक सक्सेना, सोनम कुशवाहा, दीपक यादव, राजन यादव, चंदन जायसवाल, संजय कुमार, कमलेश दुबे, सुनीता, पूजा, लक्ष्मी, मोनिका आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में उगते सूर्यदेव को अर्घ्य देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में माता के जागरण के बाद बांटा गया प्रसाद

**दिनेशपुर :** पूर्वांचल जन जागरण समिति के तत्वावधान में पर्व के अंतिम दिन व्रती महिलाओं ने कुलना सेतु के निकट छठ स्थल पर प्रातः उगते सूर्य देव को अर्घ्य देकर पूजा- अर्चना की। व्रती महिलाओं ने 24 घंटे से निर्जला व्रत रखकर पानी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख- समृद्धि व कई महिलाओं ने पुत्र की प्राप्ति की कामना करते हुए छठ मइया का आशीर्वाद लिया। गुरुवार की रात्रि हुआ माता के जागरण के बाद शुक्रवार की प्रातः आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। पूर्वांचल जन जागरण समिति के उपाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने बताया कि 2015 में समाजसेवी कांचीलाल मंडल व उनकी पत्नी कल्याणी देवी ने नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क के अथक प्रयासों से कुलना नदी के निकट 50- 55 फिट भूमि छठ पूजा के लिए समिति को दान में दी थी। निवर्तमान चेयरपर्सन सीमा सरकार ने टिनशेड का निर्माण करवाया था। अनुष्ठान में विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, समिति पूर्व डायरेक्टर हरजीत सिंह विर्क, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह व तरुण कुमार सिंह, समिति संरक्षक एडवोकेट केएन मिश्रा, अध्यक्ष परमानंद चौरसिया, सहअध्यक्ष मुकेश कुशवाह, सचिव अनिल मिश्रा, बंगाली समाज मोर्चा आप प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, दीपक मक्कड़, योगेश पानू, योगेश मिगलानी, रामविलास गुप्ता पं. जगमोहन पंत, लक्ष्मी राय, रेशमा कशवाह, अर्चना श्रीवास्तव, सुषमा सिंह, रिमशिम दुबे, पूनम सिंह आदि मौजूद रहे।


दिनेशपुर में पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क को सम्मानित करते समिति के सदस्य।

### पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क को किया सम्मानित

**दिनेशपुर :** पूर्वांचल जन जागरण समिति के तत्वावधान में छठ पूजा पर नगर पंचायत पूर्व चेयरमैन काबल सिंह विर्क समेत सभी जनप्रतिनिधियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। गुरुवार की शाम सूर्य को अर्घ्य देने के दौरान विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा नेता हिमांशु सरकार, सत्यजीत विश्वास, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, पंजाबी महासभा अध्यक्ष केके गावा, बंगाली समाज मोर्चा आप प्रदेशाध्यक्ष सुभाष व्यापारी, कांग्रेस नेत्री लक्ष्मी राय, समाजसेवी सत्यप्रकाश सिंह व तरुण कुमार सिंह, दीपक मक्कड़, सत्यजीत विश्वास, मनोज राय उर्फ मुन्ना, अनिल रौतेला, भोला शर्मा, राजू गाईन ने नगर के छठ घाट पहुंचकर समाज के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

आयोजन

रुद्रप्रयाग दूसरे और चमोली तीसरे स्थान पर रहा, राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिताएं संपन्न

# देहरादून स्पोर्ट्स कॉलेज ओवरऑल चैंपियन

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** स्टीवेंसन स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक प्रतियोगिताओं का शुक्रवार को समापन हो गया। देहरादून स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम 183 पदकों के साथ ओवर ऑल चैंपियन घोषित की गई। वहीं रुद्रप्रयाग की टीम 128 पदकों के साथ दूसरे और चमोली की टीम 109 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।


चैंपियन ट्रॉफी के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

शुक्रवार को हुए अंडर-19 बालिका वर्ग के 100 मीटर मुकाबले में चमोली की हंसिका ने सबसे तेज दौड़ पूरी कर चैंपियन होने का गौरव हासिल किया। जबकि टिहरी की अंधिक्षा दूसरे व चमोली की ही महक तीसरे स्थान पर रहीं। 200मीटर दौड़ में चमोली की महक पहले, देहरादून की इकरा दूसरे व टिहरी की अधिक्षा तीसरे, 400मीटर में रूद्रप्रयाग की प्राची जोशी पहले, अंजलि रावत दूसरे व अल्मोड़ा की किरन रावत तीसरे स्थान पर, 800मीटर में चमोली की सृष्टि को पहला, रूद्रप्रयाग की अंजलि रावत को दूसरा व देहरादून की नीलम को तीसरा, 1500सौ मीटर में रूद्रप्रयाग की टेमी पहला, पिथौरागढ की मोनिका जोशी दूसरा व नैनीताल की किरन रावत तीसरा स्थान पाने में सफल रहीं। वहीं 3000मीटर में रूद्रप्रयाग की टेमी को पहला, चंपावत की सोनी को दूसरा व पिथौरागढ की मोनिका जोशी को तीसरा स्थान हासिल हुआ। तीन किमी. पैदल चाल में चंपावत की गीतिका महर को पहला, पौड़ी की शिवानी रावत को दूसरा व टिहरी की अंजू को तीसरा स्थान मिला। लॉग जंप में चमोली की हंसिका को पहला, टिहरी की आँचल को दूसरा व चमोली की ही महक को तीसरा स्थान हासिल हुआ। उंची कूद में बागेश्वर की हेमा आर्य पहले, नैनीताल की रश्मि दूसरे व देहरादून की आयुषी तीसरे स्थान पर रहीं। त्रिकूद में चमोली की हंसिका को पहला, टिहरी की आंचल को दूसरा व चमोली की रामेश्वरी को तीसरा, शॉटपुट में पौड़ी की लक्की को पहला, देहरादून की सीमा को दूसरा तथा पिथौरागढ़ की बबली को तीसरा, डिस्कस थ्रो में नैनीताल की रितिका जीना को पहला, अल्मोड़ा की दीपा नेगी को दूसरा व नैनीताल की खुशबू आर्य को तीसरा स्थान हासिल हुआ। जैवलिन थ्रो में पिथौरागढ़ की शिवानी महर, बागेश्वर की हेमा आर्य व नैनीताल की चंद्रा चिलवाल को क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल हुआ। जबकि हैमर थ्रो में देहरादून की साक्षी को पहला, पिथौरागढ़ की गुंजन अवस्थी को दूसरा व पौड़ी की लक्की को तीसरा, 4गुणा100 मीटर रिले में रूद्रप्रयाग पहले, चमोली दूसरे व देहरादून तीसरे स्थान पर रहे। जबकि 4गुणा400 मीटर रिले में रूद्रप्रयाग को पहला, चमोली को दूसरा व पौड़ी का तीसरा, 100मीटर बाधा दौड़ में रूद्रप्रयाग की आंचल को पहला एवं गीता को दूसरा व पौड़ी की ईशा को तीसरा, 400मीटर बाधा दौड़ में रूद्रप्रयाग की गीता बिष्ट को पहला, रूद्रप्रयाग की ही आंचल सैनी को दूसरा व देहरादून की आयुषी को तीसरा स्थान जबकि क्रॉसकंट्री में रूद्रप्रयाग को पहला, चंपावत को दूसरा व चमोली तीसरे स्थान पर रहे।

अंडर-17 बालिका वर्ग की बाधा दौड 400मी में रूद्रप्रयाग की गुंजन ने प्रथम व दिया द्वितीय व पौडी की रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप में रूद्रप्रयाग की महक रावत ने पहला व पौडी की सोनिया ने दूसरा व चंपावत की सोनी जोशी ने तीसरा। 3000 मी दौड में रूद्रप्रयाग की टेमी प्रथम, चंपावत की सोनी द्वितीय व पिथौरागढ की मोनिका जोशी तीसरे स्थान पर रहीं। लांग जंप में चमोली की हंसिका प्रथम, टिहरी गढवाल की ऑचल द्वितीय व चमोली की महक तृतीय। ऊंची कूद में बागेश्वर की हेमा आर्या प्रथम, नैनीताल की रश्मि द्वितीय व देहरादून की आयूषि तृतीय। हैमर थ्रो में देहरादून की साक्षी, पिथौरागढ की गुंजन अवस्थी व पौढी की लक्की ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। 4 गुना 100 में रूद्रप्रयाग की दीपिका ने प्रथम, चमोली की हंसिका द्वितीय व देहरादून की इकरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### छात्र वर्ग में इन्होंने मारी बाजी

**पंतनगर :** अंडर-14 बालक वर्ग के 100मीटर में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के हर्ष नौटियाल सबसे तेज दौड़ कर अव्वल रहे। जबकि पौड़ी के कृष्णा दूसरे व स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के समर्थ कुमार तीसरे स्थान पर रहे। 200मीटर में हरिद्वार के वंश कटारिया को पहला, चमोली के अमन कुमार को दूसरा व हरिद्वार के सौरभ को तीसरा, 400मीटर में देहरादून के अभिषेक को पहला, चमोली के अमन कुमार को दूसरा व बागेश्वर के आर्यन रौतला को तीसरा, 800मीटर में देहरादून के अभिषेक पहले, चमोली के अमन कुमार दूसरे व नैनीताल के मेहताब तीसरे स्थान पर रहे। लॉग जंप में अल्मोड़ा के भावेश अधिकारी को पहला, बागेश्वर के आर्यन रौतेला को दूसरा व नैनीताल के आशीष को तीसरा, जबकि उंची कूद में देहरादून के पवन यादव को पहला, पिथौरागढ़ के आयुष टम्टा को दूसरा व चमोली के यशराज को तीसरा स्थान हासिल हुआ। शॉटपुट में हरिद्वार के सौरभ, बागेश्वर के पवन सिंह व देहरादून के निखिल को क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान हासिल हुआ। डिस्कस थ्रो में बागेश्वर के पवन सिंह को पहला, हरिद्वार के सौरभ कुमार को दूसरा व देहरादून के विनय तीसरे स्थान पर रहे। जबकि 80मीटर बाधा दौड में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून के अभिषेक को पहला, चमोली के सुरेंद्र सिंह को दूसरा व देहरादून के टीनू मौर्या को तीसरा स्थान हासिल हुआ। 4 गुणा 400 मीटर दौड़ के बालक वर्ग में स्पोटर्स कॉलेज देहरादून और बालिका वर्ग में रूद्रप्रयाग के एथलीटों ने अपना विजयी अभियान जारी रखा।

### समापन समारोह में ये रहे मौजूद

**पंतनगर :** समापन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, राजेंद्र सिंह भाकुनी, दिनेश कुमार सिंह, चिदंबर जोशी, जीवन नेगी, गोविंद नारायण शर्मा, त्रिलोक खोलिया, गिरीश राय, केशव सिंह, पुष्पा रावत, शिल्पी श्रीवास्तव, पूजा व प्रेमा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बाड़ेछीना में सर्पदंश से सात वर्षीय बच्चे की मौत

**अल्मोड़ा :** बाड़ेछीना में सात साल के बच्चे को सांप ने काट दिया। जागरूकता के अभाव में परिजन बच्चे को अस्पताल ले जाने के बजाए झाड़फूंक कराते हुए। बच्चे की स्वास्थ्य बिगड़ने पर आनन फानन में परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी अनुसार बाड़ेछीना के सील निवासी दिनेश कुमार के सात वर्षीय बेटे नैतिक कुमार को घर के पास खेत में खेलने के दौरान सांप ने काट दिया। सांप के काटने का पता चलने पर परिजन उसे पास के एक गांव में झाड़फूक कराने ले गए। लेकिन बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ रही थी। ज्याद तबियत खराब होने पर परिजन फिर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत के बाद गांव में मातम मसरा हुआ है। इधर, बेस अस्पताल अल्मोड़ा के प्रभारी एमएस डॉ. अमित कुमार ने बताया कि परिजन बच्चे को समय पर अस्पताल लेकर पहुंचते तो उसकी जान बच सकती है।

### ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बनबसा :** पुलिस ने ग्राम फागपुर निवासी एक महिला की तहरीर पर उसके ससुर, सास, पति, देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सभा फागपुर निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि भगनपुरा जिला झांसी उत्तर प्रदेश निवासी उसके पति दीपक कुमार आर्य, ससुर हरी राम, सास रेखा देवी, देवर रविन्द्र कुमार द्वारा आये दिन दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जाती है। महिला ने कहा कि ससुराल पक्ष द्वारा उसका जबरदस्ती गर्भपात भी कराया गया है। महिला ने पुलिस से उसके ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर पीड़ित महिला के सास-ससुर, पति और देवर के खिलाफ दहेज प्रतिक्षेद अधिनियम के तहत मुकादमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नाराज छात्रों ने जड़ा परिसर और विवि भवन में ताले

### परिसर के लिंक मार्ग में छात्रों ने वाहन खड़ा कर किया रास्ता बंद

## जल्द चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने पर अनिश्चितकाल परिसर बंद की चेतावनी दी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एसएसजे में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्रों का आक्रोश बढ़ते जा रहा है। शुक्रवार को भी नाराज छात्रों ने परिसर और विवि प्रशासनिक भवन में ताले जड़ दिए। वहीं, परिसर को जाने वाले लिंक मार्ग में वाहन खड़ा कर बंद कर दिया। छात्रों ने चुनाव की तिथि घोषित नहीं होने पर अनिश्चितकाल के लिए कॉलेज बंद रखने का आह्वान किया।

शुक्रवार को एसएसजे में विभिन्न संगठनों के छात्रों ने परिसर के सभी कार्यालयों में ताले जड़ दिए। साथ ही विभागों में भी तालाबंदी कर दी। विभागों में चल रही आंतरिक परीक्षाओं को भी बंद कराया। साथ ही कक्षाओं का भी संचालन नहीं करने दिया। परिसर के गेटों को भी



परिसर के लिंक मार्ग में वाहन खड़ा कर रास्ता बंद करते छात्र। ● अमृत विचार

बंद कर परिसर की ओर जाने वाले लिंक मोटर मार्ग पर भी यातायात बाधित कर दिया। इसके बाद छात्र विवि के प्रशासनिक भवन पहुंचे। प्रशासनिक भवन में भी तालाबंदी कर आक्रोश जताया। साथ ही प्रशासनिक भवन के बाहर धरना भी दिया।

सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और उच्च शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा कि छात्रों के प्रदर्शन के बाद भी चुनाव की तिथि घोषित नहीं की जा रही है। जब तक चुनाव की तिथि घोषित नहीं हो जाती तब तक कॉलेज में तालाबंदी जारी रहेगी। विवि प्रशासन में भी सभी कार्य बंद रहेंगे। छात्रों ने जल्द चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग की है। वहीं, परिसर में छात्रों के आक्रोश को संभालने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी, उपसचिव गौरव सतवाल, संजय पांडे, पंकज कनवाल, भूपेंद्र कोरंगा, गौरव भंडारी, विशाल सिंह बिष्ट, निखिल मेहरा, अभिनव बुधौरी, राजकमल जोशी, आशु रौतेला, स्वेता शर्मा, निशांत पांडे, रितेश आर्या, अरविंद सागर, दीपक डसीला, राजकमल जोशी समेत कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 11 नवंबर से खेल महाकुंभ का आगाज

**रानीखेत, अमृत विचार :** ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 का शुभारंभ 11 नवंबर को मिनी स्टेडियम राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय ताड़ीखेत में होगा। ब्लॉक क्रीडा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने बताया अंडर 14, अंडर 17, अंडर 20 बालक, बालिका खेल महाकुंभ 2024 की खेल प्रतियोगिता दिनांक 11 नवंबर से 14 नवंबर 2024 तक मिनी स्टेडियम राजकीय अटल उत्कृष्ट विद्यालय ताडीखेत और जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत में संपन्न होगी।

11 और 12 नवंबर को कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ-साथ अंडर 14/17/20 बालक, बालिका एथलेटिक्स की प्रतियोगिता होगी। प्रत्येक आयु वर्ग के एथलीट्स को अनिवार्य रूप से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होगा साथ ही पात्रता फॉर्म के साथ आधार कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाण पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र फोटोग्राफ्स भी लाना अनिवार्य है। एक एथलीट्स एक ही खेल विद्या में प्रतिभाग करेगा।

# नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से करे कार्रवाई



पुलिस लाइन में आयोजित मासिक अपराध गोष्ठी में मौजूद पुलिस अधिकारी और कार्मिक।

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय सभागार में मासिक अपराध गोष्ठी के तहत अपराधों की कार्रवाई की समीक्षा की। एसएसपी ने सड़क दुर्घटनाओं में लगाम लगाने व लापरवाही करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिए।

एसएसपी ने अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं, मुकदमों, शिकायतों, वारंट, नोटिस आदि का समय पर निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों के खुलने व बंद होने के समय पुलिस मोबाइल पार्टियों को सतर्क दृष्टि रखने, व्यक्तियों की धर-पकड़ करने, नशे के विरुद्ध जीरो टालरेन्स नीति अपनाकर मादक पदार्थों की बरामदगी व नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करने, बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती से निपटने के निर्देश दिए। यहां सीओ सदर विमल प्रसाद, सीएफओ नरेंद्र कुंवर, सीओ संचार राजीव टम्टा, नारायण सिंह, अजय साह, मनोज भारद्वाज आदि रहे।

### बलवंत प्रसाद बने पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ

एसएसपी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कार्मिकों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने साढ़े पच्चीस लाख से अधिक कीमत के 128 लोगों के गुम हुए मोबाइलों को गैर जनपद, बाहरी राज्यों से बरामद करने में सराहनीय योगदान देने वाले एसओजी में तैनात कांस्टेबल बलवंत को पुलिस ऑफिसर ऑफ द मंथ चुना गया। इसके अलावा 13 अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।





रामगंगा नदी में मत्स्य बीजों का संचय करते जनप्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील मत्स्य पालक।

### मत्स्य पालकों बीजों की जानकारी दी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** मत्स्य विभाग अल्मोड़ा की ओर से शुक्रवार को चौखुटिया में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महाशीर संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्राकृतिक जलराशियों में मत्स्य बीजों के संचय पर काश्तकारों को जानकारी दी गई। वहीं, रामगंगा नदी में जनप्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील मत्स्य पालकों की उपस्थिति में 25 हजार महाशीर मत्स्य बीजों का संचय किया गया। इस मौके पर सहायक निदेशक मत्स्य संजय कुमार छिम्वाल, सुभाष सिंह, चन्दन सिंह बिष्ट, विजय सिंह, शंकर दत्त, कमला फुलोरिया, आशु उप्रेती, अभिनेन्द्र कुमार, निशा चुफाल आदि मौजूद रहे।

# वार्डों में पथ प्रकाश की व्यवस्था पर रोष

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर निगम अल्मोड़ा के तमाम वार्डों में पथ प्रकाश की खराब व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी है। शुक्रवार को भाजपा नगर मंडल कार्यकर्ताओं ने नगर सहायक आयुक्त भरत त्रिपाठी से मुलाकात कर जल्द पथ प्रकाशन की व्यवस्था दुरस्थ करने की मांग उठाई। मामले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

ज्ञापन में कहा कि नगर के अधिकांश वार्डो में लंबे समय से पथ प्रकाश की समस्या बनी हुई है। शहर में तेंदुए का आतंक होने के कारण रात्रि में स्थानीय लोगों को परेशानी



वार्डों की समस्याओं को लेकर सहायक नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते लोग।

का सामना करना पड़ रहा है। पथ प्रकाश व्यवस्था ठीक ना होने के कारण दुर्घटना का भी हर समय भय बना रहता है। लोगों ने जल्द नगर में पथ प्रकाशन की व्यवस्था को जल्द सुधारने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित साह मोनू, पूर्व सभासद कैलाश गुरुरानी, मनोज जोशी, कृष्णा सिंह, देवेंद्र सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

### खनन चुगान की निकासी को लेकर 16 को बैठक

**टनकपुर।** शारदा नदी के आरक्षित वन क्षेत्र के 384.69 हेक्टेयर वन क्षेत्र में खनन चुगान की निकासी का कार्य प्रारंभ किए जाने के संबंध में 16 नवंबर को 11 बजे डीएम नवनीत पांडेय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में एक बैठक आहूत की गई है। एडीएम हेमंत कुमार ने उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने को कहा है।

### गृह मंत्रालय निदेशक 10 को चम्पावत पहुंचेंगी

**टनकपुर :** निदेशक गृह मंत्रालय, भारत सरकार रंजीता रश्मि का चम्पावत में 5 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीएम हेमंत कुमार वर्मा ने बताया कि अपने भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार रंजीता 10 नवंबर को नई दिल्ली से चम्पावत पहुंचेगी। वह जल शक्ति अभियान कैच द रैन- 2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

# विधायक ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** कपकोट विधायक सुरेश गड़िया ने जिलाधिकारी आशीष भटगांई की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभाग वार समीक्षा की। इस दौरान आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क, पुल, पेयजल, विद्युत लाइनों, आवासीय भवनों, स्कूलों के साथ ही सिंचाई नहरों व अन्य विकास कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी की गई। आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के दोबारा निर्माण के साथ ही अन्य निर्माणाधीन विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

तहसील सभागार कपकोट में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में विधायक ने स्वीकृत 25 सड़क मार्गों के वन भूमि का स्पेशल केस बनाकर जल्द ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क निर्माण से जुड़े विभागों को जो भी समस्या आ रही है उसका आपसी समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित गति के साथ निस्तारण करने को कहा। विधायक ने कहा कि आपदा में पहाड़ से हुए भूस्खलन का मलबा



विकास कार्यों व योजनाओं की समीक्षा बैठक करते विधायक सुरेश गड़िया व अन्य। ● अमृत विचार

सड़क मार्ग के हिल साइट में पड़ा है जो दुर्घटना का कारण बन सकता है। सड़क मार्ग से मलबे को शीघ्र हटवाया जाए। पुलिस व एआरटीओ को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। वहीं गिरीछीना में अस्थायी पुलिस चौकी बनाने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायक द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। समय सीमा निर्धारित करते हुए विभाग अपने कार्यों की प्राथमिकता तय करें। आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपत्तियों के प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराएं ताकि निर्माण कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा किया जा सके। बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत बसन्ती देव, ब्लाक प्रमुख गोविंद सिंह दानु, सीडीओ आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम अनुराग आर्या, सीएमओ डॉ कुमार आदित्य तिवारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सोन, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी दिनेश सिंह रावत, जिला सेवायोजन अधिकारी प्रवीण चन्द्र गोस्वामी, अधिशासी अभियंता जल निगम वीके रवि, ग्रामीण निर्माण विभाग संजय भारती, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार वर्मन, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएम ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण

**बागेश्वर :** राज्य स्थापना दिवस के पूर्व दिवस जिलाधिकारी आशीष भटगांई वृद्धा आश्रम एवं राजकीय बालिका आश्रम पद्धति नीलेश्वर पहुंचे। डीएम ने बालिकाओं एवं बुजुर्गों से भेंट की और उनका हालचाल जाना। डीएम ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों एवं आश्रम पद्धति में बालिकाओं को फल एवं अन्य सामग्री वितरित की। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि आश्रम में रह रहें बुजुर्गों किसी भी चीज की परेशानी नही होनी चाहिए। कहा बुजुर्गों के स्वास्थ्य व आश्रम में स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए। यह भी निर्देश दिए कि सर्द मौसम को देखते हुए बुजुर्गों एवं बालिकाओं को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े और कंबल आदि जरूरी सामान की पर्याप्त उपलब्धता बनाएं रखें।

## दो दिनी कार्यशाला का किया आयोजन

**रानीखेत, अमृत विचार :** अशोक हॉल गर्ल्स रेजीडेंशियल स्कूल मजखाली में 6 और 7 नवंबर 2024 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई से आए प्रशिक्षकों की टीम द्वारा और परामर्श कंपनी इके गाई एजुकेशन लैब्स के द्वारा शिक्षकों की कार्यशाला ली। प्रशिक्षकों की टीम में तीन प्रशिक्षक थे। जिनमें कंपनी के संस्थापक सांची शाह, वरिष्ठ शिक्षक दर्शाना डबके और हबीबा कुदरती शामिल थे।

कार्यशाला में कई तरह के विषय शामिल थे जिसमें प्रमुख विषय था कि हमें किस तरह लोगों कों प्रभावित करने का कौशल प्राप्त करना है। पहला प्रभाव बनाने में कला में विज्ञान कितना सहायक है और सामान्य व्यवसायिक पोशाक, हमेशा सही होना, कक्षा में प्रभावी तरीके से पढ़ाना, बातचीत करने का तरीका, हमारी आंतरिक छवि और हमारे बाहर की छवि के बीच का अंतर और प्रभावी समय प्रबंधन के कौशल से संबंधित विषयों को बड़े ही रोचक तरीकों से समझाया गया। कार्यशाला का समापन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत कुमार राई द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त कर सम्मानित किया गया।

## वर्ग पहेली-246

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी

5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।

7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।

2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।

3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।

5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।

6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना, प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 | ■ | 2 |
| ■ | 3 | ■ | | ■ | |
| ■ | | ■ | 4 | | |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 7 | | | | ■ | |

### वर्ग पहेली -245 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | ■ | 2 तु | ■ |
| गा | ■ | 3 सु | ■ | ल | ■ |
| ना | ■ | हा | ■ | नी | ■ |
| ■ | 4 कु | व | ल | य | ■ |
| 5 र | ल | ना | ■ | ■ | 6 खु |
| ■ | प | ■ | ■ | ■ | र |
| 7 इ | ति | हा | स | ■ | हा |

## सुडोकू-159

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | 4 | | | |
| | | 3 | | | 9 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 2 | | | | | | | | |
| | 1 | | | | | | 9 | 7 |
| | | | 9 | | | | | |
| 9 | | | | | | | | |
| | | 1 | 6 | | | | | |
| | | 7 | | | 3 | | | |

### सुडोकू - 158 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 6 | 4 | 2 | 3 |
| 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 3 | 7 |
| 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 |
| 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 8 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 नवंबर शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 22.45 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 11.47 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** – आज ऑफिस में सारे लोग आपकी वाहवाही करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपने काम के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए निवेशकों का सहयोग ले सकते हैं।

**वृष** – आज प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन तनावपूर्ण हो सकता है। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी चर्चा होगी। लोग आपकी सलाह को काफी महत्व देंगे। साझेदारी के व्यवसाय में धन लाभ होगा। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे।

**मिथुन** – आज आपकी कोई योजना लीक हो सकती है। नया काम शुरू करना आपके हित में नहीं है। मित्रों के साथ हर मुद्दे पर चर्चा न करें। नए काम की शुरुआत में बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। अचानक पेटदर्द की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज आपका दिन काफी शुभ रहने वाला है। नई संपत्ति या दुकान आदि पर निवेश करने के लिए दिन शुभ है। वैवाहिक जीवन की समस्या दूर होगी। व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को वैवाहिक स्वरूप दे सकते हैं।

**सिंह** – आज ऑफिस के काम देरी से पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ पर्यटन की योजना बनाएंगे। गुप्त शत्रु आपको हानि पहुंचा सकते हैं। जीवनसाथी की बातों और सलाह की अनदेखी न करें। जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो दिन शुभ है।

**कन्या** – आज नया निवेश करने के लिए दिन शुभ है। आपसी संबंध काफी रोमांटिक रहेंगे। बच्चे कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। पारिवारिक समारोह के लिए जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। अपना काम स्वयं ही करें, दूसरों पर न छोड़े।

**तुला** – आज किसी मित्र को उधार दिया हुआ धन वापस मिलेगा। अपने काम के प्रति एकाग्रता बनाए रखें। किसी सहकर्मी के साथ झगड़ा हो सकता है। पहले किए हुए निवेश का लाभ मिलेगा। मैन्यूफैक्चरिंग संबंधी कार्यों के लिए दिन शुभ है।

**वृश्चिक** – आज पुराने कड़वे अनुभवों दोबारा सामने आ सकते हैं। अपने मनोभावों को दूसरों पर न थोपें। प्रेम संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। किसी महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल हो सकते हैं। विदेश में रह रहे लोगों को परेशानी हो सकती है।

**धनु** – आज परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वयं को फिट रखने के लिए योग और व्यायाम अवश्य करें। धन-संपत्ति को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा में काफी ध्यान देंगे। संतान के व्यवहार से आपको परेशानी हो सकती है।

**मकर** – आज आप काफी प्रसन्न रहेंगे। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में उच्च पद प्राप्त हो सकता है। नौकरीपेशा लोग व्यापार की भी योजना बना सकते हैं। नया काम शुरू करने में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आज युवा प्रेमियों को परिवार की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। कुछ महत्वपूर्ण खर्चे सामने आ सकते हैं। शांतिपूर्वक अपना समय बितायें। अपनी भाषा पर नियंत्रण रखें। माता-पिता को अपने बच्चों के भविष्य की चिंता रहेगी।

**मीन** – आज दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। जीवनसाथी कठोर शब्दों का प्रयोग कर सकता है। नए व्यापार की रूपरेखा बना सकते हैं। शोध कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बच्चों की समस्याओं को सावधानी पूर्वक सुनें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सागर – दोपहर : 12.00
बधाई हो बधाई – शाम : 06.21


&pictures
केदारनाथ – सुबह : 11.10
रमैया वस्तावैया – रात : 07.30

SONY PIX
ऐंनाकोन्डास – सुबह : 11.12
गूसबम्प्स – रात : 09.00

ZEE CINEMA
इकबाल – सुबह : 11.30
त्रिशूल – रात : 08.05

ZEE ACTION
जनता की अदालत – सुबह : 11.40
गोपी किशन – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सेल्समैन- मैडम, मेरे पास एक ऐसी किताब है,जिसमें पतियों के देर रात तक घर से बाहर रहने के 100 बहाने बताए गए हैं। क्या आप इस किताब को खरीदना चाहेंगी?
महिला- मैं इस किताब को खरीदूं ऐसा आपको क्यों लगता है?
सेल्समैन- मैडम, क्योंकि इस किताब की एक प्रति आज सुबह ही मैंने आपके पति को बेची है।

पत्नी- कोई नया शेर सुनाओ?
पति- संगमरमर से तराशा, खुदा ने तेरे बदन को
पत्नी (खुशी से)- आगे?
पति- बाकी बचा पत्थर उसने तेरी अक्ल पर रख दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, शनिवार, 9 नवंबर 2024

## एक नजर

### ट्रंप की नीतियों से भारत, आसियान को हो सकता है फायदाः मूडीज

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद चीन से व्यापार और निवेश प्रवाह दूर हो सकता है लेकिन भारत और आसियान देशों को फायदा हो सकता है। एक टिप्पणी में कहा कि ट्रंप के पांच नवंबर को अगला राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अमेरिका की मौजूदा नीतियों में बदलाव आने की उम्मीद है। ट्रंप प्रशासन में बड़े राजकोषीय घाटे, संरक्षणवादी व्यापारिक कदमों, जलवायु-उपायों में गतिरोध, आव्रजन पर सख्त रुख और नियमों में ढील देने की उम्मीद है। ट्रंप दूसरी बार राष्ट्रपति बनने पर अधिक आक्रामक आव्रजन नीतियों को आगे बढ़ा सकते हैं। हालांकि इस सख्ती से कृषि, खुदरा, आतिथ्य, निर्माण और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी हो सकती है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, अमेरिकी नीति में इस बदलाव से भारत और आसियान देशों को लाभ हो सकता है।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5200 मसूरी- 5100 बासमती- 9300 परमल- 3800 **दाल दलहन :** काला चना- 8400 साबुत चना दाल- 9200 मूंग साबुत- 10500 राजमा- 11300-15300 दाल उड़द- 10500 साबुत मसूर दाल- 7400 मसूर दाल- 8600 उड़द साबुत- 11500 काबुली चना- 12600-14500 अरहर दाल- 12700-14200 लोबिया/करमानी- 8100 सोयाबीन- 5100 मूंगफली- 11600 मटर (सूखी)- 5700 मक्का- 3800

# बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

## मजबूती के बावजूद घरेलू बाजारों पर एफआईआई की निकासी का दबाव

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स 55 अंक और टूटा, निफ्टी 51.15 पर
- निवेशकों ने अपनाया सतर्कता भरा रुख



विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक एवं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 55.47 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,486.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 424.42 अंक फिसलकर 79,117.37 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 51.15 अंक यानी 0.21 प्रतिशत गिरकर 24,148.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, नेस्ले और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 4,888.77 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कंपनियों के तिमाही नतीजों से उपजी निराशा और एफआईआई की भारतीय बाजार से निकासी की वजह से निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया हुआ है। इससे बाजार में गिरावट का सिलसिला कायम रहा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने भी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए ब्याज दर में कटौती का दौर जारी रखा है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक में 1.52 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि मिडकैप में 1.18 प्रतिशत का नुकसान रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में रियल्टी खंड को 2.98 प्रतिशत और ऊर्जा खंड को 2.10 प्रतिशत की गिरावट का सामना करना पड़ा।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि शुरुआती कारोबार में काफी उतार-चढ़ाव से गुजरने के बाद बाजार एक दायरे में रहे और चुनिंदा क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली की वजह से हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक स्तर पर मजबूती के बावजूद घरेलू बाजारों पर एफआईआई की निकासी का दबाव रहा।

## स्विगी के आईपीओ को अंतिम दिन तक 3.59 गुना अभिदान

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने के सामान की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को अंतिम दिन तक 3.59 गुना अभिदान मिला है।

एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री में 16,01,09,703 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 57,53,07,536 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के खंड को 6.02 गुना अभिदान मिला जबकि खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 1.14 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 41 प्रतिशत अभिदान मिला। स्विगी ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 5,085 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

# सैटकॉम स्पेक्ट्रम के मुद्दे पर ट्राई की खुली चर्चा में दोनों पक्ष अड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- जियो और एयरटेल ने स्पेक्ट्रम की नीलामी में जाने की मांग दोहराई

एलन मस्क की अगुवाई वाली कंपनी स्टारलिंक ने कहा कि वह उपग्रह संचार (सैटकॉम) सेवाओं के मूल्य निर्धारण पर पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखती है उपग्रह आधारित इंटरनेट सेवा का शुल्क बेहद कम रखने के आरोप गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

दूरसंचार नियामक ट्राई ने सैटकॉम स्पेक्ट्रम के आवंटन के मुद्दे पर इस खुली चर्चा का आयोजन किया था। इसमें स्टारलिंक के साथ रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। इस दौरान स्टारलिंक जहां उपग्रह स्पेक्ट्रम का प्रशासनिक आवंटन किए जाने के पक्ष में डटी रही वहीं परंपरागत दूरसंचार सेवा प्रदाता जियो और एयरटेल ने इस स्पेक्ट्रम की नीलामी किए जाने की मांग दोहराई। जियो ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा से नहीं डरती है लेकिन समान सेवाओं के लिए समान नियम लागू होने चाहिए। जियो के अधिकारी रवि गांधी ने कहा हम एक बेहद प्रतिस्पर्धी बाजार में काम कर रहे हैं। हम प्रतिस्पर्धा से डरते नहीं हैं। लेकिन यहां मामला दूसरा है। असल में जो कंपनियां उपग्रह के जरिये दूरसंचार सेवाएं देना चाहती हैं, वे प्रतिस्पर्धा से डरती हैं, और इसीलिए वे इस तरह की सुरक्षा चाहती हैं। निदेशक परनिल ऊर्ध्वरेषे ने कहा कि भारतीय उपयोगकर्ता सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं चाहते हैं और उन्हें एक सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली सेवा देने वाला ऑपरेटर चुनने का अधिकार है। किसी भी देश के लिए स्टारलिंक की सेवाओं की कीमतें इसकी वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध हैं।

## महाराष्ट्र में विस चुनाव के कारण 20 को बंद होगा एनएसई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान को देखते हुए 20 नवंबर को कारोबारी अवकाश घोषित कर दिया है।

बीएसई सेंसेक्स भी जल्द ही इसकी घोषणा कर सकता है। उस दिन पूंजी बाजार और वायदा एवं विकल्प खंड में कोई कारोबार नहीं होगा। एनएसई ने कहा एक्सचेंज अधिसूचित करता है कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के कारण कारोबारी अवकाश रहेगा। उस दिन इक्विटी, डेरिवेटिव और एसएलबी खंड में भी कारोबार नहीं होगा।

# चीन ने दी 840 अरब डॉलर के कर्ज पुनर्वित्त पैकेज को मंजूरी

बीजिंग, एजेंसी

- भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी रफ्तार, चुकेगा कर्ज

चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के इरादे से शुक्रवार को छह लाख करोड़ युआन (839 अरब डॉलर) की ऋण वित्तपोषण योजना को मंजूरी दे दी। चीन की संसद 'नेशनल पीपल्स कांग्रेस' की वित्तीय और आर्थिक समिति के उपाध्यक्ष जू होंगकाई ने शुक्रवार को कहा कि यह योजना अगले तीन साल में लागू की जाएगी।

चीन सरकार के इस कदम से स्थानीय सरकारों को अपने भारी कर्ज बोझ के लिए वित्त जुटाने में मदद मिलने और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने का अनुमान है। वित्त मंत्री लैन फोआन ने कहा कि वर्ष 2023 के अंत तक स्थानीय सरकारों पर करीब 14.3 लाख करोड़ युआन (दो लाख करोड़ डॉलर) का छिपा हुआ कर्ज होने का अनुमान है। छिपे कर्ज का आशय ऐसे कर्ज से है जिसका सार्वजनिक खुलासा नहीं किया गया हो। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से 2026 तक हर साल स्थानीय सरकारों को कर्ज निपटान के लिए दो-दो लाख करोड़ युआन दिए जाएंगे।

## विस्तारा विलय से पहले एयर इंडिया ने प्रबंधन में किया कई फेरबदल

**मुंबई।** एयर इंडिया समूह ने शुक्रवार को विस्तारा के एयर इंडिया के साथ विलय से पहले वरिष्ठ प्रबंधन स्तर पर फेरबदल की घोषणा की।

इसके तहत, दोनों कंपनियों के विलय के लिए मुख्य एकीकरण अधिकारी की भूमिका भी संभाल रहे विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन बाद में भी इसी भूमिका में रहेंगे। बयान के अनुसार, कन्नन प्रबंधन समिति के सदस्य होंगे और सीधे एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन को रिपोर्ट करेंगे। विस्तारा, टाटा और सिंगापुर के बीच 51:49 प्रतिशत का संयुक्त उद्यम है।

# आरसीईपी से बाहर निकलने का भारत का निर्णय सही : जीटीआरआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीटीआरआई ने कहा- आरसीईपी में शामिल हो जाता भारत, तो स्थिति हो सकती थी खराब

भारत का व्यापार ब्लॉक क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से बाहर निकलने का निर्णय रणनीतिक रूप से सही था क्योंकि देश का सबसे बड़ा व्यापार घाटा और विश्वास का मुद्दा चीन के साथ है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने शुक्रवार को यह राय जताई है।

पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 85 अरब डॉलर से अधिक रहा था। जीटीआरआई ने कहा यदि भारत आरसीईपी में शामिल हो जाता, तो स्थिति काफी खराब हो सकती थी, क्योंकि उसे चीन से शून्य-शुल्क आयात का सामना करना पड़ता, जिससे असंतुलन का खतरा बढ़ जाता। साल 2019 में भारत ने घोषणा की थी कि वह चीन समर्थित व्यापक मुक्त व्यापार समझौते क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी में शामिल नहीं होगा। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा आरसीईपी से बाहर निकलने का भारत का निर्णय रणनीतिक रूप से सही था, क्योंकि बाद के घटनाक्रमों ने संभावित आर्थिक असंतुलन पर उसकी चिंताओं को आधार दिया है, जो अन्य सदस्य देशों की तुलना में चीन के पक्ष में बढ़ता जा रहा है। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रह्मण्यम ने हाल ही में कहा था कि प्रशांत पारीय साझेदारी के लिए भारत को आरसीईपी और व्यापक और प्रगतिशील समझौते का हिस्सा होना चाहिए।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### कीड़े युक्त खाद्य किट वितरित करने की जांच के आदेश दिए

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने शुक्रवार को वायनाड जिले के चूरलमाला-मुंडकई में भूस्खलन प्रभावित लोगों को मेप्पाडी ग्राम पंचायत द्वारा कीड़े-मकोड़े युक्त खाद्य किट वितरित करने की खबरों के मामले में सतर्कता जांच के आदेश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने खाद्य किट को लेकर मीडिया की खबरों के आधार पर जांच के आदेश दिए हैं। विजयन ने कहा कि रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत की जानी चाहिए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि घटना के बारे में मुख्य सचिव द्वारा मुख्यमंत्री को दिए गए नोट के बाद जांच का आदेश दिया गया। वायनाड जिले के चूरलमाला-मुंडकई में भूस्खलन प्रभावित लोगों ने आरोप लगाया कि उन्हें मेप्पाडी ग्राम पंचायत द्वारा कीड़े युक्त खाद्य किट दिए गए।

### छत्तीसगढ़ः सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ की यह घटना जिले के उसूर-बासागुड़ा-पामेड़-तर्रेम क्षेत्र के रेखापल्ली- कोमटपल्ली के जंगल की है। सुंदरराज ने बताया कि जिले के क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया।

### टेलीविजन अभिनेता ने मुंबई में आत्महत्या की

**मुंबई।** एक टेलीविजन अभिनेता ने यहां पश्चिमी उपनगर गोरेगांव स्थित अपने घर में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभिनेता नितिन कुमार सत्यपाल सिंह बुधवार को यशोधम इलाके में अपने अपार्टमेंट में पंखे से लटके पाए गए। उन्होंने बताया कि सिंह पिछले कुछ वर्षों से अवसाद से पीड़ित थे क्योंकि उन्हें टेलीविजन और फिल्मों में काम नहीं मिल रहा था।

# जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई एहसास नहीं

## 10 नवंबर को हो जाएंगे रिटायर, अपने अंतिम कार्य दिवस पर भावुक हुए न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी

- शुक्रवार को बार के सदस्यों को संबोधित किया, मिच्छामि दुक्कड़म वाक्यांश का उपयोग किया

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने भारतीय न्यायपालिका के 50वें प्रमुख के रूप में शुक्रवार को अपने अंतिम कार्य दिवस पर कहा कि जरूरतमंदों और उन लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है, जिन्हें वह नहीं जानते थे या जिनसे कभी नहीं मिले थे। शुक्रवार को कोर्ट में वे अपनी आखिरी बात बोलकर विदा हुए। उन्होंने कहा कि कोर्ट में कभी मुझसे किसी का दिल दुखा हो तो उसके लिए मुझे क्षमा कर दें। मिच्छामि दुक्कड़म, क्योंकि कोर्ट में मेरी ऐसी कोई भावना नहीं रही। उन्होंने मिच्छामि दुक्कड़म वाक्यांश का उपयोग किया। इसका अर्थ है, जो भी बुरा किया गया है वह व्यर्थ हो जाए। यह एक प्राचीन भारतीय प्राकृत भाषा का वाक्यांश है। इसका संस्कृत में अनुवाद है मिथ्या मे दुष्कृतम्.।

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने चार न्यायाधीशों की रस्मी पीठ की अध्यक्षता की। यह पीठ न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को विदाई देने के लिए बैठी थी। प्रधान न्यायाधीश ने न केवल अपने कार्य बल्कि देश की सेवा करने का मौका मिलने के लिए भी संतुष्टि व्यक्त की। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ नौ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किये गए थे। वह



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) चंद्रचूड़ एक विदाई समारोह के दौरान मनोनीत सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना के साथ।

10 नवंबर (रविवार) को पदमुक्त हो जायेंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने इस मौके पर कहा कि आपने मुझसे पूछा कि मुझे कौन सी बात आगे बढ़ाती है, तो यह अदालत ही है जिसने मुझे आगे बढ़ाया है। क्योंकि ऐसा एक भी दिन नहीं है जब आपको यह लगा कि आपने कुछ नहीं सीखा है या आपको समाज की सेवा करने का मौका नहीं मिला है। भावुक प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि जरूरतमंदों और उन लोगों की सेवा करने से बड़ा कोई एहसास नहीं है, जिनसे आप कभी नहीं मिल पाएंगे, जिन्हें आप संभवतः जानते भी नहीं हैं। अपने संबोधन में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने एक युवा विधि छात्र के रूप में न्यायालय की अंतिम पंक्ति में बैठने से लेकर शीर्ष न्यायालय के गलियारों तक के अपने सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा इस न्यायालय के महान लोगों की प्रभावशाली मौजूदगी और इस पद पर बैठने के साथ आने वाली जिम्मेदारी से अवगत था। लेकिन दिन के अंत में यह किसी व्यक्ति के बारे में नहीं है।

## 97 साल के हुए आडवाणी कई नेताओं ने दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- प्रधानमंत्री मोदी ने आडवाणी को बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की

केंद्र के साथ ही कई राज्यों में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गढने में अहम भूमिका निभाने वाले पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी शुक्रवार को 97 वर्ष के हो गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और भाजपा के संगठन विस्तार में उनके योगदान को याद किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित आडवाणी को जन्मदिन की बधाई दी और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लालकृष्ण आडवाणी जी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। यह वर्ष और भी खास है क्योंकि इसी साल उन्हें राष्ट्र के उत्कृष्ट सेवा के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा, भारत के सबसे प्रशंसित राजनेताओं में से एक आडवाणी ने देश के विकास को आगे बढ़ाने के लिए खुद को समर्पित किया।

# राहुल गांधी दिशाहीन मिसाइल की तरह सोनिया उन्हें प्रशिक्षित करें : हिमंत

रांची, एजेंसी



- चुनाव सह-प्रभारी ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदायों पर गंभीर खतरा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला करते हुए शुक्रवार को उनकी तुलना दिशाहीन मिसाइल से की और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से उन्हें प्रशिक्षित करने का अनुरोध किया। झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी शर्मा ने कहा कि मणिपुर की तुलना में झारखंड में जनजातीय समुदायों पर गंभीर खतरा है।

शर्मा ने कहा, मैं सोनिया गांधी से राहुल गांधी को प्रशिक्षित करने का आग्रह करता हूं क्योंकि एक अनियंत्रित मिसाइल दिशाहीन हो जाती है। उन्होंने राहुल पर जनजातीय समुदायों, दलितों और अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) को विभाजित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मणिपुर में जनजातीय आबादी बढ़ रही है जबकि झारखंड में बड़े पैमाने पर घुसपैठ के कारण यह कम हो रही है। उन्होंने कहा, झारखंड में जनजातीय समुदायों की हालत मणिपुर से बदतर है...राहुल गांधी ने भोगनाडीह और गैबाथन जैसे घुसपैठ प्रभावित इलाकों का कभी दौरा नहीं किया। शर्मा ने कहा, राहुल गांधी को कोई गंभीरता से नहीं लेता...हमारा चुनावी एजेंडा झारखंड में झामुमो (झारखंड मुक्ति मोर्चा) के नेतृत्व वाले गठबंधन द्वारा 'माटी, बेटी, रोटी' के शोषण पर केंद्रित है।

## जम्मू में भूमि घोटाले का पर्दाफाश किया

**जम्मू।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जम्मू जिले में करोड़ों रुपये के भूमि घोटाले का पर्दाफाश कर कई राजस्व अधिकारियों, भूमि हड़पने वालों और उनके सहयोगियों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि इस हालिया सफलता से राजस्व अधिकारियों और भू-माफियाओं के बीच एक नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ जो असरवान क्षेत्र में भू-माफिया द्वारा अवैध रूप से जब्त की गई 40 कनाल कस्टोडियन भूमि के घोटाले में शामिल है।

# भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है: राहुल

रांची, एजेंसी



- लोकसभा में विपक्ष के नेता ने लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया

झारखंड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा और सिमडेगा में चुनावी सभा को संबोधित किया। गांधी ने भाजपा के खिलाफ जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान को फाड़कर फेंकना चाहती है। गांधी ने आज लोहरदगा की विशाल चुनावी जनसभा में कहा कि झारखंड प्रदेश जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ने से बना। खासकर आदिवासियों ने जब कहा कि यहां के जंगल, खनिज से होने वाला लाभ हमें मिलना चाहिए तब जाकर ये राज्य बना। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान को फाड़ कर फेंकना चाहती हैं लेकिन हम इसे बचाना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने पांच गारंटी भी दी। गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आपको वनवासी कहते हैं लेकिन संविधान में आपके लिए आदिवासी शब्द का प्रयोग किया गया है आदिवासी ही इस देश के पहले मालिक है। वनवासी का मतलब होता है कि जंगल में रहने वाले लोग। यानी कि हिंदुस्तान को चलाने में आपका अधिकार नहीं होगा।

# अनमोल की फोन रिकॉर्डिंग की जांच करेगी पुलिस

मुंबई, एजेंसी

**बाबा सिद्धीकी हत्या**

पुलिस अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलीबारी की घटना में आरोपी के साथ गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल की बातचीत के ऑडियो क्लिप की जांच करेगी, ताकि बाबा सिद्धीकी हत्या मामले में लॉरेंस की संलिप्तता की पुष्टि की जा सके। विशेष मकोका अदालत ने मंगलवार को पुलिस की याचिका स्वीकार करते हुए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला निदेशालय को बिश्नोई और गोलीबारी मामले में गिरफ्तार कथित शूटर विक्की गुप्ता के बीच कॉल की ऑडियो क्लिप उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पुलिस ने न्यायाधीश बी डी शेल्के के समक्ष दलील दी थी कि उन्हें बाबा सिद्दीकी की हत्या में अनमोल की संलिप्तता के बारे में पता लगाने के लिए बातचीत की सॉफ्ट कॉपी की जरूरत है।

## चुनाव आयोग के उड़नदस्तों ने मुंबई में सात करोड़ जब्त किए

**मुंबई।** चुनाव आयोग के उड़नदस्तों और पुलिस टीमों ने पिछले दो दिनों में मुंबई महानगर क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से चार घटनाओं में 7.3 करोड़ रुपये और प्रेशर कुकर से भरा एक वाहन जब्त किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में भारी पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया है और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चेक-पोस्ट बनाए गए हैं।

# भाजपा सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा में शुक्रवार को तीसरे दिन भी तब हंगामा हुआ जब भाजपा सदस्यों ने विशेष दर्जे के प्रस्ताव का विरोध किया। इसके चलते अध्यक्ष को 12 विपक्षी विधायकों और लंगेट से विधायक शेख खुर्शीद को बाहर निकालना पड़ा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने पाकिस्तानी एजेंडा नहीं चलेगा जैसे नारे लगाए।

भाजपा विधायक आसन के समक्ष भी आ गए जिसके बाद अध्यक्ष



जम्मू-कश्मीर विधानसभा में विपक्षी विधायकों को बाहर निकालते मार्शल।

अब्दुल रहीम राठेर ने निर्देश दिया कि उन्हें बाहर निकाल दिया जाए। उन्हें बाहर निकाले जाने के तुरंत बाद 11 अन्य भाजपा विधायकों ने विरोध स्वरूप सदन से बहिर्गमन किया। सदन में पिछले दो दिन से हंगामा हो रहा है क्योंकि भाजपा विधायक प्रस्ताव पारित होने का विरोध कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने मंगलवार को प्रस्ताव पेश किया था जिसमें कहा गया था, यह विधानसभा विशेष दर्जे और संवैधानिक गारंटियों के महत्व की पुष्टि करती है, जिसने जम्मू और कश्मीर के लोगों की पहचान, संस्कृति एवं अधिकारों की रक्षा की तथा इन्हें एकतरफा ढंग से हटाए जाने पर चिंता व्यक्त करती है।

# ट्रेनिंग के लिए द. अफ्रीका जाएंगे नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी



- खेल मंत्रालय उठाएगा चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा, 31 दिनों तक पोटचेफस्ट्रूम में करेंगे ट्रेनिंग

स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा अगले साल होने वाली प्रतियोगिताओं की शुरुआती तैयारी शुरू करने की मुहिम में सत्र के इतर ट्रेनिंग के लिए इस महीने के अंत में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम जाएंगे। ओलंपिक में दो बार के पदक विजेता 26 वर्षीय नीरज अंतिम बार सितंबर में डायमंड लीग फाइनल में खेले थे। वह दक्षिण अफ्रीका के इस शहर में ट्रेनिंग के लिए 31 दिन रहेंगे। चोपड़ा की ट्रेनिंग का खर्चा खेल मंत्रालय उठाएगा।

मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा वह अपनी ट्रेनिंग जल्दी शुरू करेंगे और 31 दिन के लिए पोटचेफस्ट्रूम में रहेंगे। इसके अनुसार नीरज की ट्रेनिंग का खर्च खेल मंत्रालय उठाएगा जिसमें उनके और उनके फिजियोथेरेपिस्ट के दक्षिण अफ्रीका में रहने के दौरान रहने, खाने-पीने और ट्रेनिंग का खर्च शामिल होगा। चोपड़ा ने पहले भी तोक्यो और पेरिस ओलंपिक से पहले कई बार पोटचेफस्ट्रूम में ट्रेनिंग की है। उन्होंने जनवरी 2020 में भी वहां एक प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था जो दुनिया भर में कोविड-19 महामारी फैलने से ठीक पहले हुई थी। चोपड़ा पूरे वर्ष जांघ की मांसपेशियों की परेशानी से जूझते रहे जिससे पेरिस ओलंपिक और डायमंड लीग फाइनल में उनका प्रदर्शन भी प्रभावित हुआ। उन्होंने सत्र के अंत में डॉक्टरों से परामर्श लेने की बात कही थी ताकि वह इस समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराने या नहीं कराने पर फैसला ले सकें। लेकिन 27 सितंबर को पीटीआई से बात करते हुए चोपड़ा ने चोट की चिंताओं को खारिज कर दिया था और कहा था कि वह अपनी तकनीक सुधारने की कोशिश करेंगे।

# खोई प्रतिष्ठा के लिए पुराना जोश जगाएं कोहली-रोहित : चैपल

मेलबर्न, एजेंसी



- 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी पांच मैचों की शृंखला
- पूर्व कोच बोले- शृंखला दोनों दिग्गजों के लिए होगी अहम

भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा को अगर अपनी खोई प्रतिष्ठा हासिल करनी है तो उन्हें अपने युवा दिनों के जोश और जुनून को फिर से जगाना होगा। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ करारी हार खेलने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जहां पांच मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

कोहली और रोहित इस महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। चैपल ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड में अपने कॉलम में सचिन तेंदुलकर के साथ 2005 में हुई बातचीत का जिक्र करते हुए उम्र बढ़ने के साथ खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया है। तेंदुलकर ने चैपल के विचार जानने के लिए उनसे पूछा ग्रेग उम्र बढ़ने के साथ बल्लेबाजी करना मुश्किल क्यों हो जाता है जबकि उसे आसान होना चाहिए। चैपल ने लिखा है मैंने उनसे कहा कि उम्र बढ़ने के साथ पहले की तरह बल्लेबाजी करने के लिए मानसिक जरूरतें बढ़ जाती है। बल्लेबाजी करना मुश्किल हो जाता है क्योंकि आपको अहसास हो जाता है कि इस स्तर पर रन बनाना कितना मुश्किल हो जाता है तथा एकाग्रता बनाए रखना कितना कठिन हो जाता है जो कि सफल होने के लिए आवश्यक हैं।

चैपल ने कहा उम्र बढ़ने के साथ आपकी आंखों की रोशनी या रिफ्लेक्स कम नहीं होते बल्कि वह एकाग्रता है जिसे बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। जब आप युवा होते हैं तो आपके दिमाग की एकाग्रता रन बनाने पर होती है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व दिग्गज ने कोहली, रोहित और ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को इस खेल के दिग्गज करार देते हुए कहा जब आप युवा होते हैं तो परिस्थितियों और मैच की स्थिति को लेकर चिंता नहीं करते। आपका ध्यान केवल रन बनाने पर लगा होता है।

## एंकर की भूमिका निभा सकते हैं केएल राहुल और अभिमन्यु : उथप्पा

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा का मानना है कि भारत को ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण दौरे के दौरान लोकेश राहुल या अभिमन्यु ईश्वरन जैसे किसी खिलाड़ी की जरूरत होगी जो पारंपरिक शैली का क्रिकेट खेल सके और टेस्ट टीम में अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के लिए जगह है। शॉट खेलने वाले खिलाड़ियों से भरे भारतीय बल्लेबाजी क्रम पर पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला से पहले सवाल उठने लगे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से शर्मनाक हार के बाद भारत पर बेहतर प्रदर्शन करने का दबाव बढ़ गया है। जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स 18 के विशेषज्ञ उथप्पा ने मीडिया से ऑनलाइन बात करते हुए कहा हमें किसी रक्षात्मक खिलाड़ी की जरूरत है। कोई ऐसा खिलाड़ी जो पारंपरिक टेस्ट क्रिकेट खेल सके। अभी लोकेश राहुल और अभिमन्यु ईश्वरन ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो यह भूमिका निभा सकते हैं। मुझे ऐसा कोई और खिलाड़ी नजर नहीं आता जो यह जिम्मेदारी ले सके। हर कोई सकारात्मक, आक्रामक तरीके से खेलना और तेज गति से रन बनाना पसंद करता है जिसमें शुभमन गिल जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

## खेल डायरी

### मेक्सिको के पूर्व कप्तान गार्डाडो ने की संन्यास की घोषणा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्व फुटबॉल कप्तान एंड्रेस गार्डाडो ने 19 साल के पेशेवर करियर के बाद लीगा एमएक्स सीजन के आखिर में संन्यास लेने की घोषणा की हैं। गार्डाडो ने गुरुवार को एक भावनात्मक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मैं सीधे मुद्दे पर आता हूं। मैंने सीजन के आखिर में फुटबॉल से संन्यास लेने का फैसला किया है। मैंने कुछ भी तय नहीं किया है। मैं चाहता था कि सब कुछ दिल और दिमाग से आए। मैं मेक्सिको में संन्यास लेने का अवसर देने के लिए लियोन के अध्यक्ष जीसस मार्टिनेज को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करता हूं जिन्होंने इस खूबसूरत करियर का हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा टीम के साथी, कोच, प्रशंसक का भी दिल से शुक्रिया।

### भारतीय पुरुष हॉकी टीम को किया सम्मानित

**मस्कट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को यहां वैश्विक संचालन संस्था की कांग्रेस के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के अध्यक्ष तैयब इकराम और फ्रांस हॉकी महासंघ की प्रमुख इसाबेल जोयून ने सम्मानित किया। भारतीय टीम को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने ग्रहण किया। हॉकी इंडिया ने कहा हम इस सम्मान के लिए एफआईएच के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं जिसने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी के 100वें वर्ष को भारत के लिए और भी विशेष बना दिया है। भारतीय टीम ने इस साल अगस्त में स्पेन पर 2-1 की रोमांचक जीत के साथ 52 साल में पहली बार पेरिस ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता था।

### राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के शीर्ष दावेदारों में अमन

**बेंगलुरू।** पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत छह से आठ दिसंबर तक यहां होने वाली सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले स्टार खिलाड़ियों में शामिल होंगे। अमन के अलावा अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियन अंतिम पंघाल, 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया, अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा, ओलंपियन सोनम मलिक, राधिका, मनीषा भानवाला, बिपाशा, प्रिया, उदित, चिराग, सुनील कुमार और नरिंदर चीमा भी मैट पर उतरेंगे। यह प्रतियोगिता कोरमंगला इंडोर स्टेडियम में होगी और इस चैंपियनशिप में 25 संबद्ध राज्य सदस्य इकाइयों के अलावा रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) और सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएसपीबी) के 1000 से अधिक प्रतिभागियों और अधिकारियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भारतीय कुश्ती महासंघ को पहली बार कर्नाटक में सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप के आयोजन पर गर्व है। भारत के सभी शीर्ष पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे और हम इस चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए कर्नाटक कुश्ती संघ के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं।

### अल्जारी कप्तान के साथ बहस करने पर निलंबित

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण की सजावट को लेकर कप्तान शाई होप के साथ सार्वजनिक रूप से असहमति जताने पर दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया है। वेस्टइंडीज ने बुधवार को खेला गया यह मैच आठ विकेट से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला अपने नाम की थी। इस मैच के दौरान जोसेफ ने क्षेत्ररक्षण को लेकर विरोध जताया था और वह कुछ समय के लिए मैदान छोड़कर बाहर चले गए थे। जोसेफ और होप के बीच चौथे ओवर से पहले लंबी बहस हुई। आलम यह था कि अंपायरों को खेल फिर से शुरू करने के लिए आग्रह करना पड़ा। ओवर के दौरान एक गेंद को ऑफ साइड पर खेले जाने के बाद जोसेफ ने होप पर गुस्सा भी उतारा। ओवर पूरा करने के बाद यह गेंदबाज मैदान से बाहर चला गया लेकिन कुछ देर बाद ही वापस लौट आया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बाद में बयान जारी करके कहा कि जोसेफ का व्यवहार उसके तय मानदंडों के अनुरूप नहीं था। बोर्ड के क्रिकेट निदेशक माइल्स बास्कोम्बे ने बयान ने कहा अल्जारी का व्यवहार क्रिकेट वेस्टइंडीज के तय मानदंडों के अनुरूप नहीं था। जोसेफ ने भी अपनी गलती स्वीकार करके कप्तान होप और क्रिकेट वेस्टइंडीज से माफी मांगी तथा सजा को स्वीकार किया।

# संजू का शतक, भारत पहुंचा 200 पार

## पहले टी-20 में सैमसन ने खेली 107 रन की शानदार पारी, द. अफ्रीका को दिया 203 का लक्ष्य

डरबन, एजेंसी



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती दक्षिण अफ्रीका की टीम। ● एजेंसी

संजू सैमसन (107)और तिलक वर्मा (33) रनों की शानदार पारियों की बदौलत भारत ने शुक्रवार को पहले टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 203 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है।

बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही में अभिषेक शर्मा (सात) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को गेराल्ड कोएट्जी ने मारक्रम के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने संजू सैमसन के साथ तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 66 रन जोड़े। नौवें ओवर में पैट्रिक क्रूगर ने सूर्यकुमार यादव को आउट कर पवेलियन भेज दिया। सूर्यकुमार यादव ने 17 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुये (21) रन बनाए। इसके बाद तिलक वर्मा ने सैमसन के साथ तीसरे विकेट लिए 77 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर में तिलक वर्मा आउट हुए। उन्होंने 18 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (33) रन बनाए।

संजू सैमसन ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंदों में सात चौके और 10 छक्के लगाते हुये (107) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में एन पीटर ने आउट किया। इसके बाद कोई भारतीय बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सका। हार्दिक पंड्या दो रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह (11) और अक्षर पटेल (सात) रन बनाकर आउट हुए। 20वें ओवर में यानसन ने अर्शदीप सिंह (चार) को बोल्ड आउट किया लेकिन यह गेंद नो बाल थी। मैच की आखिरी गेंद पर रवि बिश्नोई (एक) रनआउट हुए। अर्शदीप सिंह पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। दक्षिण अफ्रीका के लिए गेराल्ड कोएत्जी ने तीन विकेट लिये। मार्को यानसन, केशव महाराज, एन पीटर और पैट्रिक क्रूगर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




### स्कोर बोर्ड

भारत 202/8 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| संजू सैमसन कैच स्टब्स बो पीटर | 107 | 50 | 7/10 |
| अभिषेक कैच मारक्रम बो कोएट्जी | 7 | 8 | 1/0 |
| सूर्यकुमार कैच सिमेलाने बो क्रूगर | 21 | 17 | 2/1 |
| तिलक वर्मा कैच यानसन बो महाराज | 33 | 18 | 3/2 |
| हार्दिक कैच यानसन बो कोएट्जी | 2 | 6 | 0/0 |
| रिंकू सिंह कैच क्लासेन बो कोएट्जी | 11 | 10 | 2/0 |
| अक्षर पटेल कैच स्टब्स बो यानसन | 7 | 7 | 1/0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 5 | 4 | 1/0 |
| रवि रन आउट (क्लासेन/यानसन) | 1 | 3 | 0/0 |

विकेट पतन : 1- गेंदबाजी : यानसन 4-0-24-1, मारक्रम 1-0-10-0, महाराज 4-0-34-1, कोएट्जी 4-0-37-3, पीटर 3-0-35-1, क्रूगर 2-0-35-1, सिमेलाने 2-0-27-0

# पाकिस्तान ने वनडे में ऑस्ट्रेलिया को हराया



- रऊफ ने झटके पांच विकेट और अयूब की 82 रनों पारी की पारी से मिली बड़ी जीत

‹‹ जीत के बाद एक दूसरे को बधाई देते पाकिस्तान के खिलाड़ी।

**एडिलेड।** तेज गेंदबाज हारिस रऊफ ने 29 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि सलामी बल्लेबाज सईम अयूब ने 82 रन की आकर्षक पारी खेली जिससे पाकिस्तान ने दूसरे एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला बराबर की।

रउफ की अच्छी लेंथ और गति से कराई गई गेंदों के सामने ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए और उसकी पूरी टीम 35 ओवर में 163 रन पर आउट हो गई। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज अयूब ने अपना जलवा दिखाया। उन्होंने अपनी पारी में छह छक्के और पांच चौके लगाए, जिससे पाकिस्तान ने 26.3 ओवर में एक विकेट पर 169 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। पूर्व कप्तान बाबर आजम (नाबाद 15), सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक 64 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की। शृंखला का तीसरा और निर्णायक मैच रविवार को पर्थ में खेला जाएगा।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एक साल बाद पहली जीत दर्ज की

मैनचेस्टर (इंग्लैंड), एजेंसी



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो के दो गोल की मदद से यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पीएओके को 2-0 से हराया जो उसकी किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में पिछले एक साल से भी अधिक समय में पहली जीत है। अमाद डायलो ने दोनों गोल दूसरे हाफ में किये जिससे यूनाइटेड की प्रतियोगिता में आगे बढ़ने की उम्मीदों को मजबूती मिली।

यूनाइटेड ने इससे पहले किसी यूरोपीय प्रतियोगिता में अपनी आखिरी जीत पिछले साल 24 अक्टूबर को चैंपियंस लीग में कोपेनहेगन के खिलाफ दर्ज की थी। इस बीच टोटेनहम का प्रतियोगिता में विजय अभियान गैलाटसराय से 3-2 की हार के साथ समाप्त हो गया। पेड्रो रोड्रिग्ज के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से लाजियो ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए पोर्टो पर 2-1 से जीत हासिल की। लाजियो ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। ऐसा करने वाली वह एकमात्र टीम है।

# गॉफ को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची क्रेजिकोवा

डब्ल्यूटीए फाइनल

रियाद, एजेंसी



चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिकोवा ने डब्ल्यूटीए फाइनल में अमेरिकी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर एकल ऑरेंज ग्रुप की विजेता के रूप में सेमीफाइनल में जगह बना ली।

गुरुवार को खेले गए मुकाबले में क्रेजिकोवा ने गॉफ की सर्विस को तोड़कर पहला सेट 7-5 से अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में क्रेजिकोवा ने ब्रेक के बाद 6-4 से जीत के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब क्रेजिकोवा का सेमीफाइनल में मुकाबला चीन की झेंग किनवेन से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का सामना अमेरिका की गॉफ से होगा। युगल सेमीफाइनल में निकोल मेलिचर-मार्टिनेज और एलेन पेरेज का सामना गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और एरिन रूटलिफ से होगा। मैच के बाद क्रेजिकोवा ने कहा निश्चित रूप से यह मेरे लिए एक बड़ी जीत है। मैं अपने खेल और अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। यह वास्तव में एक बड़ा मैच था।

## बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी को एटीपी फाइनल्स में मिली छठी वरीयता



**तूरिन (इटली)।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन को साल के अंत में होने वाले एटीपी फाइनल्स में छठी वरीयता दी गई है जिसमें यह जोड़ी अपना अभियान सोमवार को इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोर की चौथी वरीय जोड़ी के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी। शीर्ष आठ एकल खिलाड़ी और शीर्ष आठ युगल जोड़ियां साल के अंत में होने वाले फाइनल्स में हिस्सा लेंगी जिससे सत्र का समापन होगा। टूर्नामेंट 11 से 17 नवंबर तक खेला जायेगा। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी को बॉब ब्रायन ग्रुप में रखा गया है जिसमें अन्य दो जोड़ियां जर्मनी के केविन क्राविट्ज और टिम पुएट्ज तथा क्रोएशिया के मार्सेलो अरेवालो और एल साल्वाडोर के माटे पाविच की हैं। टूर्नामेंट में दूसरे ग्रुप का नाम बॉब ब्रायन के जुड़वा भाई माइक ब्रायन के नाम पर है। अमेरिका के जुड़वां भाईयों की जोड़ी ने लंबे समय तक युगल सर्किट में दबदबा बनाये रखा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## बॉलीवुड हलचल



# जय हनुमान में राणा की धमाकेदार एंट्री

**मुंबई।** माइथ्री मूवी मेकर्स की फिल्म जय हनुमान में दक्षिण भारतीय अभिनेता राणा दग्गुबाती की धमाकेदार एंट्री हो गई है। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक प्रशांत वर्मा अपनी सुपहीरो फिल्म हनु-मैन का सीक्वल जय हनुमान बना रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स की फिल्म जय हनुमान की घोषणा से समय से ही लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। जय हनुमान में पौराणिक सुपरहीरो को जीवंत किया जाएगा। हाल ही में रिलीज किए गए ऋषभ शेट्टी के फर्स्ट लुक ने काफी चर्चा बटोरी। इस फिल्म में राणा दग्गुबाती भी शामिल हो गए हैं। राणा दग्गुबाती ने अपने सोशल मीडिया पर ऋषभ शेट्टी और निर्देशक प्रशांत वर्मा के साथ एक तस्वीर पोस्ट की है। उन्होंने इस तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा जय जय हनुमान नवीन येरनेनी और वाई. रविशंकर द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म जय हनुमान में हाई क्वालिटी और एक्सीलेंट टेक्निकल स्टैंडर्ड का प्रदर्शन देखने मिलने वाला है।

## सिंघम अगेन ने की पहले सप्ताह में 170 करोड़ की कमाई




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 170 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन, सिंघम फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। सिंघम अगेन दीवाली के अवसर पर 1 नवंबर को रिलीज हुयी है। सिंघम अगेन में अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर,टाइगर श्रॉफ,अक्षय कुमार,रणवीर सिंह, रवि किशन और जैकी श्राफ की अहम भूमिका है। सिंघम अगेन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।इस मल्टीस्टारर फिल्म को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'सिंघम अगेन' ने भारत में ओपनिंग डे पर 43 .5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन फिल्म ने 42 .5 करोड़ ,तीसरे दिन 35 .75 करोड़ चौथे दिन 18 करोड़,पांचवे दिन 14 करोड़ , छठे दिन 10 .5 करोड़ और सातवें दिन 8 .66 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 172 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। उम्मीद है कि सिंघम अगेन जल्द ही 200 करोड़ के क्लब में एंट्री ले लेगी।

## कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 3 ने की 158 करोड़ से अधिक की कमाई

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में भारतीय बाजार 158 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म भूल भुलैया 3, भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। भूल भुलैया 3, दीवाली के अवसर पर 01 नवंबर को रिलीज हुयी है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभायी है। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार ने अपने बैनर टी-सीरीज के तले मुराद खेतानी के साथ मिलकर फिल्म भूल भुलैया 3 को प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों पर राज करने में कामयाब रही है। पहले दिन से ही फिल्म भूल भुलैया 3 अच्छी कमाई कर रही है। फिल्म में कॉमेडी के साथ दर्शकों को हॉरर का तड़का भी देखने को मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार भूल भुलैया 3 ने पहले दिन 35 .5 करोड़ ,दूसरे दिन 37 करोड़,तीसरे दिन 33 .5 करोड़, चौथे दिन 18 करोड़ ,पांचवे 14 करोड़,छठे दिन 10 .75 करोड़ और सातवें दिन 9 .31 करोड़ रुपए की अनुमानित कमाई की है। इस तरह फिल्म भूल भुलैया 3 ने अपने पहले सप्ताह में सात दिनों में भारत में 158 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

# किरण कोरिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

इक्सान सिटी (कोरिया), एजेंसी



- जापान के ताकुमा ओबायाशी को जॉर्ज ने सीधे गेम में हराया

भारत के किरण जॉर्ज ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त ताकुमा ओबायाशी को सीधे गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में 41वें स्थान पर काबिज इस 24 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी ओबायाशी को केवल 39 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 प्रतियोगिता में एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज की। जॉर्ज शनिवार को सेमीफाइनल में थाईलैंड के शीर्ष वरीय और दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसार्न से भिड़ेंगे, जिन्होंने चीन के लियू लियांग के खिलाफ 21-15, 21-11 से जीत दर्ज की। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले प्री क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की ची यू जेन को हराया था। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले एकमात्र भारतीय शटलर जॉर्ज ने पूरे मैच में अच्छा खेल दिखाया। पहले गेम में उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक बढ़त बनाए रखी। पहले गेम में जब जॉर्ज ने 15-6 की बढ़त बना ली थी तब ओबायाशी ने वापसी की कोशिश की और स्कोर 12-16 कर दिया लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने लगातार चार अंक बनाकर अपने नाम किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### पूर्वोत्तर ब्राज़ील में इमारत में विस्फोट से 3 की मौत

**साओ पाउलो।** ब्राजील के शहर मैसियो में एक आवासीय इमारत में विस्फोट में 10 वर्षीय बच्चे सहित कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अग्निशमन विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता की प्रारंभिक जानकारी से पता चला कि विस्फोट संभवतः मैसियो के सिडेड यूनिवर्सिटेरिया पड़ोस में एक अपार्टमेंट के सिस्टम से गैस रिसाव के कारण हुआ। विस्फोट से दो मंजिला इमारत नष्ट हो गई, जिसमें 20 अपार्टमेंट थे। शहर सरकार ने दुर्घटना से विस्थापित निवासियों के लिए होटल आवास की व्यवस्था की है।

### सिडनी हवाई अड्डे पर विमान के इंजन में विस्फोट, आग

**सिडनी।** सिडनी हवाई अड्डे के रनवे के बगल में शुक्रवार दोपहर उड़ान भरते समय क्वांटास विमान के इंजन में कथित विस्फोट के बाद घास में आग लग गई। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया न्यूज कॉर्प की रिपोर्ट के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ब्रिसबेन जाने वाली क्वांटास की उड़ान क्यूएफ520 के इंजन में विस्फोट के कारण लगी थी, जो स्थानीय समयानुसार गुरुवार दोपहर करीब एक बजे से ठीक पहले सिडनी से रवाना हुई थी। नाइन नेटवर्क टेलीविजन के अनुसार, विमान में 174 यात्री सवार थे। किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

### दक्षिणी मेक्सिको में लावारिस ट्रक में मिले 11 शव

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने दक्षिणी ग्युरेरो राज्य की राजधानी चिलपेंसिंगो में एक खाली पड़े पिकअप ट्रक के अंदर से दो नाबालिगों सहित 11 शवों को बरामद किया है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा, बुधवार रात को मिली एक गुमनाम सूचना से अधिकारियों को शहर के पाराडोर डेल मार्केस इलाके में छोड़े गए नौ पुरुषों और दो महिलाओं के शव मिले। पीड़ितों की पहचान करने के लिए एक फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर भेजा गया और हत्याओं की जांच चल रही है।

### नेपाल में सड़क दुर्घटना में चार की मौत, छह घायल

**काठमांडू।** नेपाल के चितवन जिले में शुक्रवार सुबह दो यात्री बसों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। जिला पुलिस के प्रवक्ता भेश राज रिजाल ने बताया कि दुर्घटना में यात्री बस और अन्य इलेक्ट्रिक बस की टक्कर हो गयी। सभी मृतक बस में सवार थे। एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में से दो की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि नेपाल में हर साल सैकड़ों लोग यातायात दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं।

### लेबनान में छह मलेशियाई शांति सैनिक घायल

**कुआलालंपुर।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) के रूप में तैनात मलेशिया के शांति सैनिकों के छह सदस्य घायल हो गए हैं। मलेशियाई सशस्त्र सेना (एमएएफ) ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि यह घटना गुरुवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 01:54 बजे हुई, जब शांति सैनिक बेरूत से मरकाह कैंप की ओर जा रहे थे, तभी एक हमला पास के वाहन पर हुआ, जिसके टुकड़े मलेशियाई लोगों को ले जा रही बस में जा लगे।

### पाकिस्तान: पांच आतंकवादी चार सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान पांच आतंकवादी और चार सुरक्षाकर्मी मारे गये। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) ने बयान में कहा कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ प्रांत के दक्षिणी जिला वजीरिस्तान में गुरुवार को हुई। गौरतलब है कि इलाके में आतंकवाद को खत्म करने के लिए निकासी अभियान चलाया जा रहा है।

# भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि भारत वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल होने का हकदार है क्योंकि इसकी अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही है। सोचि में वल्दाई डिस्कशन क्लब के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए पुतिन ने बृहस्पतिवार को यह भी कहा कि भारत के साथ रूस सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहा है और द्विपक्षीय संबंधों में एक-दूसरे पर दोनों देशों का गहरा विश्वास है।

उन्होंने कहा डेढ़ अरब की आबादी, दुनिया की सभी अर्थव्यवस्थाओं में



• कहा- भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से बढ़ रही

सबसे तेज प्रगति, प्राचीन संस्कृति और भविष्य में विकास की बहुत अच्छी संभावनाओं की वजह से भारत को निःसंदेह महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। भारत को महान देश बताते हुए पुतिन ने कहा, हम भारत के साथ सभी दिशाओं में संबंध विकसित कर रहे हैं। भारत एक महान देश है, अब जनसंख्या के मामले में सबसे बड़ा देश है जहां की आबादी 1.5 अरब है और साथ ही जहां हर साल आबादी में एक करोड़ की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि भारत आर्थिक प्रगति में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने पुतिन के हवाले से कहा, हमारे संबंध कहाँ और किस गति से विकसित होंगे, इसका हमारा दृष्टिकोण आज की वास्तविकताओं पर आधारित है। हमारा सहयोग हर साल कई गुना बढ़ रहा है। पुतिन ने कहा कि सुरक्षा और रक्षा क्षेत्र में भारत तथा रूस के बीच संपर्क विकसित हो रहे हैं।

## उत्तरी फिलीपींस में तूफान से बाढ़ आई और छतें उड़ीं

**मनीला (फिलीपींस)।** उत्तरी फिलीपींस में तूफान यिनशिंग शुक्रवार को शांत होने से पहले बाढ़ और भूस्खलन सहित काफी आपदाएं पीछे छोड़ गया। इसके कारण दो हवाई अड्डे क्षतिग्रस्त हो गए तथा हाल के सप्ताहों में आए लगातार तूफानों से उत्पन्न परेशानियां और बढ़ गईं। यिनशिंग के कारण किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। यह इस वर्ष दक्षिण-पूर्व एशियाई द्वीपसमूह में आने वाला 13वां बड़ा तूफान है। सरकारी अनुमान के अनुसार यह तूफान आखिरी बार दक्षिण चीन सागर में उत्तरी फिलिपीन प्रांत इलोकोस नॉर्टे से लगभग 100 किलोमीटर पश्चिम में देखा गया था।

# भाग्यशाली कार को दी समाधि

अमरेली (गुजरात), एजेंसी

गुजरात के अमरेली जिले में एक किसान परिवार ने अपनी भाग्यशाली कार का भव्य तरीके से समाधि समारोह आयोजित किया। गुरुवार को लाठी तालुका के पदारशिंगा गांव में संजय पोलारा और उनके परिवार द्वारा आयोजित समारोह में संतों, धार्मिक नेताओं सहित लगभग 1,500 लोग शामिल हुए। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया है, जिसमें पोलारा और उनका परिवार अपने खेत में अनुष्ठान करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यहां 12 साल पुरानी वैगन आर कार की समाधि के लिए 15 फुट गहरा गड्ढा खोदा गया था।

फूल-माला से सजी कार को बड़े धूमधाम से पोलारा के घर से उनके खेत तक ले जाया गया। ढलान से



• समारोह में संतों, धार्मिक नेताओं सहित 1,500 लोग शामिल हुए

धीरे-धीरे उतारकर उसे गड्ढे में रख दिया गया। वाहन को हरे कपड़े से ढक दिया गया। परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना की तथा पुजारियों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर वाहन को नम आंखों से विदाई दी गयी। अंत में मिट्टी डालने और कार की समाधि के लिए उत्खनन मशीन का उपयोग किया गया। पोलारा का सूरत में निर्माण व्यवसाय है। पत्रकारों से पोलारा ने कहा, मैंने यह कार करीब 12 साल पहले खरीदी थी और इससे परिवार में समृद्धि आई। कारोबार में सफलता के अलावा मेरे परिवार को सम्मान भी मिला।

# इजराइली फुटबॉल प्रशंसकों को बनाया निशाना, पांच लोग घायल

## नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में फुटबॉल मैच के बाद हमला, 62 गिरफ्तार

एम्सटर्डम, एजेंसी

• पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हिंसा की अलग-अलग घटनाओं की जांच शुरू कर दी

• नीदरलैंड और इजराइल दोनों देशों के नेताओं ने हमले को यहूदी विरोधी करार देते हुए निंदा की

नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में फुटबॉल मैच के बाद यहूदी विरोधी दंगाइयों ने इजराइली समर्थकों पर हमला किया, जिसके बाद पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि 62 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एम्सटर्डम पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उसने हिंसा की अलग-अलग घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस ने गुरुवार रात हुई हिंसा में घायल हुए लोगों और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी। इससे पहले एम्सटर्डम की महानगरपालिका, पुलिस और अभियोजन कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एजेक्स और मैकाबी तेल अवीव टीमों के बीच खेला गया यूरोपा लीग का मैच बहुत ही व्यवधानपूर्ण रहा, जिसमें मैकाबी के समर्थकों को निशाना बनाकर हिंसा की कई घटनाएं हुईं।

नीदरलैंड और इजराइल दोनों देशों



नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में डैम चौराहे पर आग जलाते मैकाबी तेल अवीव समर्थक। • एजेंसी

के नेताओं ने हमले को यहूदी विरोधी करार देते हुए निंदा की। इजराइल ने कहा कि वह प्रशंसकों को देश वापस लाने के लिए जहाज एम्सटर्डम भेज रहा है। हालांकि तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि हिंसा मैच के बाद कब और कहां हुई।

एम्सटर्डम के बयानों में कहा गया है, शहर में कई जगहों पर समर्थकों पर हमले किये गये। पुलिस को कई बार हस्तक्षेप करना पड़ा, इजराइली समर्थकों को बचाकर होटलों तक ले जाया गया। शहर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती के बावजूद, इजराइली समर्थकों पर हमला हुआ है। बयान में कहा गया है, इजराइली समर्थकों के प्रति हिंसा अस्वीकार्य है और इसका किसी भी तरह से बचाव नहीं किया जा सकता। अधिकारियों ने कहा कि आने वाले दिनों में अतिरिक्त पुलिसकर्मी शहर में गश्त करेंगे और शहर में यहूदी संस्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। एम्स्टर्डम के मेयर फेम्के हल्सेमा ने फुटबॉल स्टेडियम के पास फलस्तीन समर्थक प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसके बावजूद हिंसा भड़क उठी।

## तुर्की को उम्मीद ट्रम्प इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इजराइल को हथियार देना बंद कर देंगे। एर्दोगन ने बुडापेस्ट से लौटते हुए विमान में संवाददाताओं से कहा, मैं कहूंगा कि ट्रम्प के लक्ष्य के लिए एक अच्छी शुरुआत इजराइल को हथियारों की आपूर्ति रोकनी होगी ताकि फिलिस्तीनी और लेबनानी क्षेत्रों में



इजराइल की आक्रामकता को रोका जा सके। इजराइल की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाओं के समर्थन में कोई भी कदम क्षेत्र में तनाव बढ़ा सकता है और संघर्ष क्षेत्रों का विस्तार कर सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि क्षेत्र के बाहर के देशों को अपनी पश्चिम एशिया पर नीति बनाते समय इन सभी जोखिमों को ध्यान में रखना चाहिए। एर्दोगन ने कहा, ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने से पश्चिम एशिया में राजनीतिक और सैन्य संतुलन पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। क्षेत्र में शांति और स्थिरता स्थापित करने के उद्देश्य से उठाए गए सभी कदम वैश्विक शांति के निर्माण में लाभकारी होंगे।

# जयशंकर की सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा



एक बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर और सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम। • एजेंसी

सिंगापुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री गान किम योंग तथा विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मुलाकात कर दोनों देशों की द्विपक्षीय साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं की इस बातचीत में औद्योगिक पार्क, नवाचार और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जयशंकर दो देशों की अपनी यात्रा के दूसरे चरण में सिंगापुर पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, सिंगापुर के उपप्रधानमंत्री और व्यापार एवं उद्योग मंत्री गान किम योंग से मुलाकात कर सिंगापुर की अपनी यात्रा की शुरुआत की। औद्योगिक पार्क, हरित ऊर्जा, कौशल, नवाचार और सेमीकंडक्टर पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों देशों के बीच समकालीन साझेदारी को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, मुझे अपने अच्छे मित्र विदेश मंत्री विवियन बालकृष्णन से मिलकर हमेशा खुशी होती है। हमने अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में प्रगति की सराहना की। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर साझा दृष्टिकोण के बारे में भी चर्चा की।

# अमेरिका-ईरान में हो सकता है राजनयिक समझौता

वाशिंगटन, एजेंसी

• ईरान को उम्मीद कि व्यापार संपर्कों पर ध्यान केंद्रित कर नुकसान की कर सकता है भरपाई

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के दौरान ईरान और अमेरिका एक राजनयिक समझौता कर सकते हैं। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने शुक्रवार को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के कुछ पूर्व सहयोगियों के हवाले से दी। ईरान के एक राजनयिक के हवाले से कहा गया कि ईरान को उम्मीद है कि वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और अन्य गठबंधनों के माध्यम से अपने व्यापार संपर्कों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर नुकसान की भरपाई कर सकता है।

गुरुवार को, ब्रायन हुक, जो ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग में ईरान के प्रति नीति के लिए जिम्मेदार थे, ने सीएनएन से कहा कि ट्रंप को ईरान के वर्तमान नेतृत्व को उखाड़ फेंकने में कोई दिलचस्पी नहीं है। हालांकि, हुक की राय में, ट्रम्प ईरान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग करने और देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश करेंगे। ट्रम्प कथित रूप से ईरान के साथ संबंधों में अधिकतम दबाव नीति जारी रखेंगे। ट्रम्प ने 2018 में ईरान के खिलाफ अधिकतम दबाव अभियान की घोषणा की। इसमें परमाणु वार्ता में ईरान पर दबाव डालना और तेहरान के खिलाफ अमेरिकी प्रतिबंधों की वापसी शामिल थी। वर्ष 2015 में, ईरान, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, चीन, रूस, अमेरिका और फ्रांस, साथ ही यूरोपीय संघ ने एक संयुक्त व्यापक योजना पर हस्ताक्षर किया था, जिसे ईरान परमाणु समझौते के रूप में भी जाना जाता है।

## पारंपरिक हथियार नियंत्रण के प्रस्ताव के खिलाफ भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियार नियंत्रण विषय पर पाकिस्तान के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति में क्षेत्रीय और उपक्षेत्रीय स्तर पर पारंपरिक हथियार नियंत्रण पर पाकिस्तान और सीरिया के प्रस्ताव को रिकॉर्ड मत से पारित किया गया। प्रस्ताव के पक्ष में 179 सदस्यों ने मतदान किया, इजराइल ने मतदान में भाग नहीं लिया वहीं भारत इस प्रस्ताव के खिलाफ मतदान करने वाला एकमात्र देश रहा। संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम समिति निरस्त्रीकरण, वैश्विक चुनौतियों और शांति के लिए खतरों से जुड़े मामलों को देखती है। प्रस्ताव में क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने में पारंपरिक हथियार नियंत्रण की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकारा गया।

# विल्स को चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान की प्रबंधक सुजैन विल्स को व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) की चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। विल्स ये जिम्मेदारी संभालने के बाद अमेरिका के किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में इस शक्तिशाली पद में आसीन होने वाली पहली महिला बन जाएंगी।

ट्रंप ने कहा, सुजैन (विल्स) अमेरिका को फिर से महान बनाने के लिए अथक प्रयास करती रहेंगी। अमेरिका के इतिहास में पहली महिला चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सुजैन का होना सम्मान की बात है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह हमारे देश को गौरवान्वित करेंगी। विल्स, 2024 में हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान ट्रंप के सफल चुनाव प्रचार अभियान



• किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में शक्तिशाली पद में आसीन होने वाली पहली महिला बन जाएंगी

की प्रबंधक थीं। ट्रंप ने कहा, सूसी (सुजैन) विल्स ने मुझे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी राजनीतिक जीत हासिल करने में मदद की और वह मेरे 2016 तथा 2020 में हुए चुनाव प्रचार के सफल अभियानों का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने कहा, सूसी बुद्धिमान, कड़े निर्णय लेने वाली, नयी सोच की महिला हैं और उन्हें हर कोई पसंद करता है तथा उनका सम्मान करता है।

## भारत से संबंध मजबूत करने पर गर्व : मिलर

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने पर गर्व है। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से कहा, मैं कहूंगा कि भारत के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करना कुछ ऐसा है जिस पर यह प्रशासन अविश्वसनीय रूप से गर्व करता है। क्वाड के माध्यम से और कई साझा प्राथमिकताओं पर हमारे काम के माध्यम से संबंधों में मजबूती आई है। मिलर ने कहा, यह ऐसा विषय है जिस पर हमने



• विदेश विभाग के प्रवक्ता बोले- साझा प्राथमिकताओं पर काम के माध्यम से संबंधों में मजबूती आई

पहले दिन से ही ध्यान केंद्रित किया और अब जब हम पद छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं हम इसे एक बड़ी सफलता के रूप में देखते हैं। मिलर ने बाइडन प्रशासन के तहत भारत-अमेरिका संबंधों पर एक सवाल के जवाब में यह बात कही।


खगोल विज्ञान | नासा के अनुसार हरे रंग के यह धब्बे मंगल पर तरल जल रहे होने का ताजा सबूत

# नासा के रोवर को मंगल की चट्टानों में मिले काई जैसे हरे रंग के धब्बे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लाल ग्रह की जांच पड़ताल में जुटे नासा के रोवर ने गहरे हरे रंग के काई जैसे धब्बे खोज निकाले हैं। हरे रंग के यह धब्बे पृथ्वी में पाए जाने वाले काई के धब्बों के समान हैं। नासा के अनुसार हरे रंग के यह धब्बे मंगल पर तरल जल रहे होने का ताजा सबूत है।

इसमें दोराय नहीं कि पृथ्वी व मंगल ग्रह के बीच अनेक समानताएं हैं। मंगल में हाल में खोजे गए हरे रंग के निशान दोनों ग्रहों की समानता के बीच नया प्रमाण है, जो यह भी दर्शाता है कि मंगल की धरती कभी झील व नदियों से आच्छादित रही होगी। मगर वक्त के थपेड़ों ने मंगल की धरती को बियाबान जंगल में तब्दील कर दिया। जिसकी रंगत वापस लाने के लिए



मंगल पर मिले हरे रंग के धब्बों की तस्वीर।

पृथ्वीवासी प्रयासरत हैं और अगले कुछ दशकों में मंगल पर प्राकृतिक रंग भरने की उम्मीद से इंकार नहीं किया जा सकता है। बड़ी बात यह है कि इस मुहीम में धरती के वैज्ञानिक एकजुट होकर संघर्ष कर रहे हैं। बहरहाल मंगल की चट्टानों में हरे धब्बे प्राचीनकाल के रहे होंगे। जहां पानी रहा होगा और पानी सूखने के बाद हरे रंग के काई के अवशेष शेष रह गए हैं। मगर हैरान करने वाली बात यह है कि चट्टानों की जांच पड़ताल में जुटे रोबर को हरे रंग के इन धब्बों से परेशानी हो रही है।

नासा का पर्सिवरेंस रोवर जेज़ेरो क्रेटर के तल से किनारे तक आगे बढ़ने के लिए अपना रास्ता बना रहा है। ज्ञातब्य हो रोवर को अभी तक कई असामान्य चट्टानें मिलती हैं। इनमें तेंदुए के धब्बे और ज़ेबरा जैसे चट्टानों की खोज हो चुकी है। रोवर ने हरे रंग के धब्बों को प्राचीन नदी घाटी नेरेटा वालिस के भीतर सर्पेन्टाइन रैपिड्स नामक स्थान पर खोजा है। नासा ने कहा कि धब्बे चट्टानों की सतह के ठीक नीचे थे और बीच में गहरे हरे रंग के हैं और इनका निर्माण संभवतः तब हुआ जब तरल पानी ने ऑक्सीकृत लोहे मे बदल दिया होगा। पृथ्वी पर इस प्रक्रिया में कभी कभी रोगाणु शामिल होते हैं। यह धब्बे मंगल पर रही नदी के तल पर एक शाखायुक्त डेल्टा में समाप्त होता है जो आज भी स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर अधिकांश चट्टानें ऑक्सीकरण और लाल रंग की धूल के हैं, जो कई जगह मौजूद है। जिस कारण मंगल की सतह लाल रंग की दिखाई देता है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल के अतीत में तरल पानी का ताज़ा सबूत है और वहां कभी शायद जीवन भी रहा हो। पर्सिवरेंस ने ये तस्वीरें 19 अगस्त को भेज दी थी।

### कई महत्वपूर्ण खोजों को अंजाम दे चुका है रोवर

नैनीताल : नासा का यह रोवर खोज की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है, जो अभी तक कई आश्चर्यजनक जानकारियां जुटा चुका है। यह रोवर अनेक उपकरणों से लैस हैं। जमीन की खुदाई से लेकर चट्टानों को काटने में भी सक्षम है। उम्मीद है कि भविष्य मे रोवर कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जुटाने मे कामयाब होगा।

# आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान ने कहा- दृढ़ता से खड़े रहेंगे

कैनबरा, एजेंसी

• एस जयशंकर के सम्मेलन का सीधा प्रसारण करने पर कनाडा ने आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान को कर दिया प्रतिबंधित

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी आस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग द्वारा संबोधित संवाददाता सम्मेलन का सीधा प्रसारण करने को लेकर कनाडा द्वारा प्रतिबंधित कर दिये गए आस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान ने शुक्रवार को कहा कि वह एक खुले और समावेशी मीडिया परिदृश्य के लिए दृढ़ता से खड़ा है।

आस्ट्रेलिया टुडे ने एक्स पर एक लंबे पोस्ट में कहा, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के साथ हमारा साक्षात्कार और आस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री वोंग के साथ संवाददाता सम्मेलन पर, कनाडा सरकार के आदेशों के तहत हालिया पाबंदी हमारी टीम तथा उन लोगों के लिए चुनौती पेश करती है जो स्वतंत्र एवं खुली पत्रकारिता को महत्व देते हैं। यहां तीन नवंबर को जयशंकर-वोंग के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन के प्रसारण के चंद घंटों बाद मीडिया संस्थान को कनाडा द्वारा प्रतिबंधित किये जाने के कुछ दिनों बाद यह घटनाक्रम हुआ है। जयशंकर ने आस्ट्रेलिया की पांच दिवसीय अपनी यात्रा बृहस्पतिवार को संपन्न की। संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में, जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हमले को बेहद चिंताजनक बताते हुए कहा था कि यह कनाडा में चरमपंथी ताकतों को एक तरह से दी जा रही राजनीतिक जगह (गुंजाइश) की ओर इंगित करता है।